रांची, बुधवार, 29 नवंबर, 2023, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-217 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

उत्तरकाशी टनल में रेस्क्यू ऑपरेशन को पूरा कर लिया गया है। स्केप टनल से मजदूरों को निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्ट्रेचर पर लिटाकर मजदूरों को बाहर निकाला जा रहा है। रैट माइनर्स ने सोमवार दोपहर बाद जो अभियान शुरू किया था उसे पूरा करा लिया गया है।

- उत्तरकाशी में पिछले 17 दिनों से 41 मजदूर सिलक्यारा सुरंग में फंसे हुए हैं
- सुरंग के बाहर 41 एंबुलेंस, डॉक्टर्स की टीम तैनात
- एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू के काम में लगी
- मजदूरों को पिछले 17 दिनों से पाइप के जरिए खाना और पानी पहुंचाया
- मजदूरों के परिवारों के लिए टनल के पास कैंप लगाए
- सुरंग के अंदर ही बनाया गया अस्थाई अस्पताल

17 दिन, 418 घंटे खत्म

अंधेरे पर जिंदगी की जीत 41 मजदूर बचाएं..



उत्तरकांशी (एजेंसी)। उत्तराखंड की सिल्क्यारा-डंडालगांव टनल में 12 नवंबर से फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने का काम मंगलवार शाम 6 बजे तक जारी था। रेस्क्यू के लिए सुरंग में डाला गया पाइप मजदूरों तक पहुंच चुका था। एनडीआरएफ टीम दो मीटर आगे तक पाइप और डालेगी। इसके बाद 16 दिन से फंसे 41 मजदूरों को टनल से बाहर लाया जाएगा। टनल के अंदर एम्बुलेंस के अलावा स्ट्रेचर और गद्दे पहुंचाए गए। यहां अस्पताल बना दिया गया। रेस्क्यू के बाद मजदूरों को यही रखा जाएगा। इसके बाद इन्हें 30-35 किमी दूर चिन्यालीसौड़ ले जाया जाएगा। जहां 41 बेड का स्पेशल हॉस्पिटल बनाया गया है। चिन्यालीसौड हवाई अड्डे पर चिनूक हेलिकॉप्टर तैनात किया गया था, जिससे किसी मजदूर की तबीयत बिगड़ी, तो उसको हेलिकॉप्टर से तुरंत ऋषिकेश एम्स भेज दिया जाता। लेकिन चिनूक रात में उड़ान नहीं भर पाएगा, ऐसे में उन्हें एम्बुलेंस से ही ले जाना पड़ेगा।

21 घंटे में की 12 मीटर खुदाई

इससे पहले, सिल्क्यारा साइड से हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग में लगे रैट माइनर्स, हादसे के 17वें दिन दोपहर 1.20 बजे खुदाई पूरी कर पाइप से बाहर आ गए। उन्होंने करीब 21 घंटे में 12 मीटर की मैन्युअल ड्रिलिंग की। 24 नवंबर को मजदूरों की लोकेशन से महज 12 मीटर पहले ऑगर मशीन टूट गई थी। जिससे रेस्क्यू रोकना पड़ा था। इसके बाद सेना और रैट माइनर्स को बाकी के ड्रिलिंग के लिए बुलाया गया था। मंगलवार सुबह 11 बजे मजदूरों के परिजन के चेहरों पर तब खुशी दिखी, जब अफसरों ने उनसे कहा कि उनके कपड़े और बैग तैयार रखिए। जल्द ही अच्छी खबर आने वाली है।

इस कारण सुरंग में फंसे थे मजदूर

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सिलक्यारा सुरंग केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी चारधाम 'ऑल वेदर सड़क' (हर मौसम में आवाजाही के लिए खुली रहने वाली सड़क) परियोजना का हिस्सा है। ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रही यह सुरंग 4.5 किलोमीटर लंबी है। 12 नवंबर को सुरंग का एक हिस्सा ढह गया। इससे मजदूर सुरंग के अंदर ही फंस गए।

सबसे ज्यादा झारखंड के मजदूरों की संख्या

उत्तरकाशी के सुरंग के लिए कार्यदायी संस्था एनएचआईडीसीएल ने बताया कि सुरंग में 2 उत्तराखंड, 1 हिमाचल, 5 बिहार, 3 पश्चिम बंगाल, 8 उत्तर प्रदेश, 5 उड़ीसा, 15 झारखंड और 2 असम के रहने वाले मजदूर हैं। उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों के परिवार के सदस्यों ने कहा कि 'हमें खुशी है कि उन्हें जल्द ही बचाया जाएगा। हम उनका अच्छे तरीके से स्वागत करेंगे। हमने उन्हें बताया था कि बचाव दल पहुंच जाएगा। बचाव अभियान को देखते हुए सुरंग के अंदर अस्थायी चिकित्सा सुविधा का विस्तार किया गया है।

मोदी ने रेस्क्यू ऑपरेशन की ली जानकारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को फोनकर रेस्क्यू ऑपरेशन की अपडेट ली। उन्होंने कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों की सुरक्षा के साथ-साथ बाहर राहत कार्य में लगे लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

बंगाल के लोगों की वापसी के लिए भेजी टीम

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे मजदूरों के बचाव के लिए एक टीम भेजी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट पर जानकारी दी कि हमारे लोगों की मदद के लिए एक टीम उत्तरकाशी भेजी गई है। नई दिल्ली के रेजिडेंट कमिश्नर कार्यालय के संपर्क अधिकारी राजदीप दत्ता के नेतृत्व में टीम उत्तरकाशी के सिल्कयारा में सुरंग में फंसे श्रमिकों को पश्चिम बंगाल में उनके घरों तक निकालने और सुरक्षित वापसी में मदद करेगी।

रैट माइनर्स असली हीरो

रैट माइनर्स 800 एमएम के पाइप में घुसकर ड्रिलिंग की। ये बारी-बारी से पाइप के अंदर जाते, फिर हाथ के सहारे छोटे फावड़े से खुदाई करते थे। ट्राली से एक बार में तकरीबन 2.5 क्विंटल मलबा लेकर बाहर आते थे। पाइप के अंदर इन सबके पास बचाव के लिए ऑक्सीजन मास्क, आंखों की सुरक्षा के लिए विशेष चश्मा और हवा के लिए एक ब्लोअर भी मौजूद रहता था।

जानिए क्या है..रैट होल माइनिंग

रैट का मतलब है चूहा, होल का मतलब है छेद और माइनिंग मतलब खुदाई। मतलब से ही साफ है कि छेद में घुसकर चूहे की तरह खुदाई करना। इसमें पतले से छेद से पहाड़ के किनारे से खुदाई शुरू की जाती है और पोल बनाकर धीरे-धीरे छोटी हैंड ड्रिलिंग मशीन से ड्रिल किया जाता है और हाथ से ही मलबे को बाहर निकाला जाता है। रैट होल माइनिंग नाम की प्रकिया का इस्तेमाल आमतौर पर कोयले की माइनिंग में खूब होता रहा है। झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर पूर्व में रैट होल माइनिंग जमकर होती है, लेकिन रैट होल माइनिंग काफी खतरनाक काम है, इसलिए इसे कई बार बैन भी किया जा चुका है।

आज बेबाक

अंधे को अंधा नहीं बल्कि सुरदास बोला जाए तो उन्हें बुरा नहीं लगता। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने इस बात का ध्यान नहीं रखा। उन्होंने कांग्रेस विधायकों को सीधे बिकाऊ माल करार दे दिया। वे चाहते तो उन्हें दलबदलू या अविश्वसनीय भी कह सकते थे। अब खाली बैठे खबरिया चैनलों पर इसी को लेकर चकल्लस शुरू हो गई है। भाजपा पर विधायकों की खरीद फरोख्त का आरोप लग रहे है। सही बात यह है कि नोट से वोट कबाड़ने वाले अधिकांश माननीय बिकाऊ माल ही होते हैं, जिनका मूल मंत्र होता है- जिधर बम उधर हम।

उत्तरकाशी टनल : गिरिडीह के दोनों मजदूरों के घर लौटी खुशियां

रांची। उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित सिलक्यारा सुरंग में गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के सिमराढाब निवासी बुधन महतो के इकलौता पुत्र सुबोध वर्मा और केशोडीह निवासी हेमलाल महतो के पुत्र विश्वजीत वर्मा को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह सुखद खबर मिलते ही दोनों परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। विश्वजीत की पत्नी चमेली ने अपने पति से फोन पर बातचीत की। विश्वजीत वर्मा सुबोध वर्मा का मौसा है और विश्वजीत ही डेढ़ माह पूर्व मजदूरी करने के लिए सुबोध को अपने साथ उत्तरकाशी ले गया था। 12 नवंबर की सुबह इस घटना की सूचना मिलते ही विश्वजीत का भाई इंद्रजीत वर्मा 13 नवंबर को ऋषिकेश से मजदूरी का काम छोड़कर अपने भाई की सुरंग से सकुशल वापसी को लेकर उत्तराखंड पहुंच गया था। विश्वजीत की पत्नी चमेली देवी ने बताया कि दो दिन पति से हमारी दूरभाष पर बात हुई है और मंगलवार को भी बात हुई। पति ने कहा कि चिंता नहीं करें और खाना-पीना खाये। सभी लोगों को ठीक से रहने को कहा।जल्द वापस घर लौट आएंगे। सभी लोग सुरंग में सकुशल हैं। पत्नी ने कहा कि पति से बात होने पर काफी खुशी हुई है। ईश्वर से प्रतिदिन प्रार्थना कर रही हूं कि सभी लोग जल्द से जल्द बाहर निकल जाएं।

इधर, मजदूर सुबोध की मां चन्द्रिका देवी ने बताया कि पुत्र से बात नहीं हो पाई है। कॉल आया था, लेकिन पानी लेने के लिए गयी हुई थी। जब वापस फोन लगाने लगी तो फोन व्यस्त आने लगा। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि पुत्र सकुशल वापस घर लौट आए।

'सात दिनों के भीतर हो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार', सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली : सर्वोच्च न्यायालय (एससी) ने मंगलवार को मणिपुर के शवगृहों में पड़े शवों को दफनाने या दाह संस्कार सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए। राज्य में मई में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से कई लोगों की मौत हो चुकी है।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीशों की महिला समिति द्वारा एक रिपोर्ट दाखिल की गई है, जिसमें राज्य के मुर्दाघरों में पड़े शवों की स्थिति का संकेत दिया गया है। इस समिति का नेतृत्व न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल द्वारा किया गया। इसने इस बात पर भी गौर किया कि 169 शवों में से 81 पर उनके परिजनों ने दावा किया है, जबकि 88 शवों पर दावा नहीं किया गया है। पीठ ने पाया कि राज्य सरकार ने नौ स्थलों की पहचान की है जहां शवों को दफनाया जा सकता है। पीठ ने कहा, 'उन शवों को शवगृहों में अनिश्चित काल तक रखना उचित नहीं होगा, जिनकी पहचान नहीं की गई है या जिन पर दावा नहीं किया गया है।' शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें हिंसा के मामलों की अदालत की निगरानी में जांच के अलावा राहत और पुनर्वास के उपाय की मांग शामिल है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान पीठ ने निर्देश दिया कि शवों के परिवार को सदस्यों के द्वारा नौ स्थलों में से किसी पर भी बिना बाधा के अंतिम संस्कार किया जा सकता है। इसने कहा कि राज्य के अधिकारी उन शवों के परिजनों को स्थलों के बारे में सूचित करेंगे, जिन पर पहले ही दावा किया जा चुका है। पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया चार दिसंबर या उससे पहले पूरी होनी चाहिए।

आदेश में कहा गया है, 'जिन शवों की पहचान कर ली गई है, लेकिन जिन पर दावा नहीं किया गया है, उनके संबंध में राज्य प्रशासन सोमवार को या उससे पहले परिजनों को सूचित करेगा कि उन्हें एक सप्ताह के भीतर आवश्यक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अंतिम संस्कार करने की अनुमति दी जाएगी।'

ऑटो ड्राइवर्स के बीच पहुंचे राहुल ऑटो सवारी कर ड्राइवरों से की बात

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार प्रचार में जुटे हुए हैं। 28 नवंबर को राहुल ने हैदराबाद के जुबली हिल्स में ऑटो चालकों, गिग वर्कर्स और स्वच्छता कर्मचारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान सभी वर्कर्स ने उनके साथ अपनी तकलीफें साझा की। जिसका वीडियो भी सामने आया है। राहुल के साथ पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और जुबली हिल्स से कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद अजहरुद्दीन भी मौजूद थे। अजहरुद्दीन राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वर्कर्स से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने ऑटो की सवारी करते हुए ऑटो ड्राइवर से भी बात की।

उत्तरकाशी घटना सिलक्यारा-डंडालगांव सुरंग से 17वें दिन निकाले गये सभी 41 मजदूर, परिजन खुश, सबने ली राहत की सांस

विज्ञान, इंसान, भगवान की त्रिशक्ति और मौत की सुरंग को उगलनी पड़ीं 41 जिंदगियां

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा-डंडालगांव सुरंग से मजदूरों को निकाल लिया गया। विदेशी मशीन ही नहीं, बल्कि विदेश के एक्सपर्ट को भी इस काम में लगाया गया था। आखिरकार 17वें दिन सबकी मेहनत सफल हुई। इस रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता के पीछे विज्ञान, इंसान और भगवान, तीनों का हाथ रहा।

उत्तरकाशी की धंसी सुरंग से 5 मजदूर मंगलवार की रात 8 बजे से पहले निकाल लिए गए। 8:15 बजे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर बताया कि कुल 8 श्रमिक भाइयों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बाकी श्रमिकों को भी थोड़ी देर में बाहर निकाल लिया जायेगा। 12 नवंबर को अहले सुबह सुरंग धंसी थी और वहां काम कर रहे मजदूर फंस गए थे। तब से उन्हें बाहर निकालने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया गया। देश ही नहीं, विदेश से भी एक्सपर्ट आए। भारी मशीनों को लगाया गया। इस दौरान बाबा बौख नाग को मनाने का दौर भी जारी रहा। आखिरकार 16 दिनों के रेस्क्यू ऑपरेशन ने रंग दिखा दिया। 'इंसान, विज्ञान और भगवान' की त्रिशक्ति ने सीमेंट और शरिये की मजबूत जोड़ को ध्वस्त कर दिया। अब 16 दिन बाद 41 जिंदगियां घुप्प अंधेरे से निकलकर आजाद हवा में सांस ले पाएंगे। यह चमत्कार नहीं तो चमत्कार से कम भी नहीं है।

बात 12 नवंबर, 2023 की सुबह करीब 5:30 बजे की है जब उत्तरकाशी में बन रही सिलक्यारा-डंडालगांव सुरंग का एक हिस्सा अचानक धंसने लगा। सुरंग में काम कर रहे मजदूरों पर देखते ही देखते आफत की बारिश हो गई। सुरंग का मलबा 60 मीटर तक फैल गया और बाहर का रास्ता बंद हो गया। 41 मजदूर सुरंग में कैद हो गए। सबसे पहली चुनौती थी- मजदूरों की स्थिति जानने की। मलबे की वजह से वॉकी-टॉकी ने काम करना बंद कर दिया था। तब उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने डिजास्टर मैनेजमेंट अर्थॉरिटी (डीएमए) और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम को लगा दिया। इसके साथ ही रेस्क्यु ऑपरेशन की शुरुआत हो गई। मजदूरों का हाल जानकर उन्हें सुरक्षित रखने की कवायद होने लगी। इस प्रयास में काम आया चार इंच का एक पाइप जिसे एक दिन पहले ही सुरंग का पानी बाहर निकालने के लिए बिछाया गया था। इसी पाइप के पास वॉकी-टॉकी का सिग्नल मिला और मजदूरों से बातचीत होने लगी। मजदूरों को पाइप से कंप्रेसर के जरिए ऑक्सिजन, दवाइयां और कुछ खाने-पीने की चीजें भेजी जाने लगीं। पहले चरण की सफलता

मिलने के बाद अब पूरा ध्यान मजदूरों को बाहर निकालने पर गया।

इसी प्रयास में मलबा हटाने की कोशिशें तेज हुईं। लेकिन एक तरफ मलबा हटाया जा रहा था तो दूसरी तरफ से मलबा गिर भी रहा था। तब मशीन से करीब 20 मीटर तक मिट्टी हटाई गई, लेकिन ऊपर से मलबा गिरने लगा। तब मलबा हटाने के बजाय ऊपर से ड्रिलिंग करने का फैसला किया गया। ड्रिलिंग के जरिए 900 एमएम के मोटे पाइप मजदूरों तक पहुंचाने थे। काम शुरू हुआ, लेकिन रफ्तार बहुत धीमी रही। तब सी30 हरक्यूलिस विमान से 25 टन वजनी अमेरिकी ऑगर मशीन दिल्ली से लाया गया। पहले की ऑगर मशीन हर घंटे एक मीटर ड्रिल कर रही थी और दिल्ली से आई मशीन प्रति घंटे 5 मीटर की रफ्तार से ड्रिलिंग करने लगी। लेकिन करीब 25 मीटर तक ही पाइप डाली गई थी कि ऑगर मशीन में खराबी आ गई। अब 900 एमएम का पाइप डालना मुश्किल हो गया। तब 800 एमएम का पाइप डाला जाने लगा। रेस्क्यु ऑपरेशन के आठ दिन हो गए थे। लेकिन कुछ खास सफलता मिलती नहीं दिख रही थी। तब पांच तरफ से ड्रिलिंग करने का फैसला हुआ। एनएचआईडीसीएल, टीएचडीसीआईएल, ओएनजीसी, आरवीएनएल और सतलुज जल विद्युत निगम जैसी संस्थाओं को इस काम में लगा दिया गया। 21 नवंबर को 6 इंच का एक पाइप मजदूरों तक पहुंचाने में सफलता मिल गई। इस पाइप से उनके पास खाने-पीने के बेहतर साधन मुहैया होने लगे। तभी एक वक्त ऐसा आया जब लगा कि कुछ घंटों में मजदूर बाहर निकाल लिए जाएंगे। 60 मीटर के मलबे में 45 मीटर तक 800एमएम का पाइप पहुंच चुका था। बस तीन पाइप डाले जाने थे कि अमेरिकी ऑगर मशीन सीमेंट और शरिये के मजबूत जोड़ में फंसकर खराब हो गई।

तब तक विदेश से एक्सपर्ट्स भी आ गए थे। उन्होंने कहा कि अब ऑगर मशीन ठीक नहीं की जा सकती है। दो दिन ड्रीलिंग का काम रुक गया। फिर रैट माइनर्स को काम पर लगाया गया। यह इंसानी जज्बे की पराकाष्ठा का प्रतीक है। रैट माइनर्स के जरिए हाथ से मलबा निकालने का काम शुरू हुआ। 27 नवंबर, सोमवार को 6 रैट माइनर्स से 2-2 की टीम में लोग मजदूरों तक पहुंचने लगे। कहा गया कि 24 घंटे में वो मजदूरों तक पहुंच जाएंगे। लेकिन जुनून देखिए, अनुमान से पहले ही वो मजदूरों तक पहुंच गए। जब मशीनें दम दिखा रही थीं, इंसानी जज्बे सबाबा पर थे, तभी भगवान से आशीर्वाद भी मांगा जा रहा था। दरअसल, स्थानीय लोग कह रहे थे कि बाबा बौखनाग की नाराजगी के कारण सुरंग धंसी है। उनका दावा है कि सुरंग बनाने के दौरान बाबा बौखनाग की प्राचीन मंदिर को नष्ट कर दिया गया। स्थानीय लोगों के दावे के बाद बाबा बौखनाग को मनाने की कवायद भी शुरू हुई। 23 नवंबर को स्थानीय लोगों ने सुरंग के बाहर बाबा बौखनाग का मंदिर फिर से स्थापित किया। उसके बाद स्थानीय लोगों ने दावा किया कि बाबा बौखनाग के मंदिर के पीछे महादेव की परछाई नजर आने लगी। सभी ने कहा कि ऑपरेशन को सफल करने के लिए बाबा बौखनाग साक्षात मौके पर मौजूद हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बाबा बौखनाग की दुहाई देने लगे। उधर, विदेशी एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने भी बाबा बौखनाग के मंदिर पहुंच गए और पुजारी से पूजा करवाई। विज्ञान की ताकत, इंसान की मेहनत और भगवान के आशीर्वाद ने 41 मजदूरों की जान बचा ली। बुनियादी ढांचे के विकास में कई बार प्रकृति के प्रकोप का सामना करना पड़ता है। इस बात को लेकर गंभीर बहस होते हैं कि क्या प्रकृत्ति की गोद में बसे उत्तराखंड जैसे प्रदेशों में विकास के नाम पर कंक्रीट का जाल बिछाना सही भी है?

खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री से गोड्डा के खिलाड़ियों ने की मुलाकात

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को आठवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता रही गोड्डा जिले के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि गुमला के घाघरा में आयोजित नेटबॉल की ट्रेडिशनल एवं फास्ट फाइव सब जूनियर चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में गोड्डा टीम ने खिताब जीता है।

मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। सिदो- कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। यहां के नौजवान खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने के साथ अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए सरकार सभी सहयोग करेगी।

इस मौके पर गोड्डा जिला नेटबॉल टीम की कोच मोनालिसा कुमारी, सचिव गुंजन कुमार झा, अंपायर शिवराम कृष्ण देहरी, दुमका जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद हकीम और कुलदीप कुमार रवि मौजूद थे।

उपायुक्त ने ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे को लेकर जिला टास्क फोर्स की हुई बैठक, दिये निर्देश

रांची। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे 2023 के सफलता के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की अपने क्षेत्र के चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं एसएमसी के सदस्यों के साथ फाइलेरिया संबंधी बैठक कर जागरूक करेंगे, ताकि शत प्रतिशत बच्चों की जांच की जा सकें।

उन्होंने बताया कि फाइलेरिया विलोपन के लिए रांची जिले के 10 सीएचसी सहित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसके तहत रांची जिले के चयनित विद्यालयों के कक्षा एक और दो में अध्ययनरत बच्चों का एफटीएस कीट से जांच की जानी है।

एक नजर

रांची के दो वार्डों में 73 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा

रांची। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से निगम के दो वार्ड में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड नंबर पांच और वार्ड नंबर छह में शिविर का आयोजन किया गया। दोनों शिविरों में कुल 73 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने मंगलवार को बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी पहुंचे रांची



रांची। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह और बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी सेवा विमान से मंगलवार को पटना से रांची पहुंचे। जदयू नेता दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे हैं। उनकी 29 नवम्बर को प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित प्रदेश जदयू के वरीय नेताओं के साथ बैठक है। एयरपोर्ट पर जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, डॉ विनय भरत, निर्मल सिंह, अख्तर हुसैन, वैद्यनाथ पासवान, रामजी प्रसाद, बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि बैठक में पार्टी की ओर से किए गए कार्यक्रम, सदस्यता अभियान के माध्यम से पंचायत एवं बूथ स्तर तक निर्मित संगठन की जानकारी अध्यक्ष एवं प्रभारी को दी जाएगी। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा होगी।

सांसद संजय सेठ ने चुनचुरिया में सड़क और पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

रांची/पूर्वी सिंहभूम। रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर आजादी के बाद पहली बार ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र छोटा चुनचुरिया में सड़क और पुल का निर्माण होगा। आठ करोड़ एक लाख की लागत से सड़क और पुल निर्माण को स्वीकृति मिली है। सांसद ने मंगलवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में इस योजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर संसद ने कुल 29 करोड़ की लागत से अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास किया। इसमें प्रमुख रूप से रुगड़ी से पाड़ाडीह तक सड़क और पुल निर्माण (कुल लंबाई 9.15 किमी, कुल लागत 9 करोड़ 33 लाख), टीकर से तिरुलडीह तक सड़क निर्माण (कुल लंबाई 6.20 किमी, कुल लागत 4 करोड़ 83 लाख), टीकर से पातकुम तक सड़क निर्माण (कुल लंबाई 8.87 किमी, कुल लागत 7 करोड़ 3 लाख) शामिल हैं। सांसद ने कहा कि 75 वर्षों का कार्यकाल और सरकार गांव तक नहीं पहुंच सकी, यह इस देश का दुर्भाग्य है।उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों और बड़े पुलों का निर्माण, यह बताने के लिए काफी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न सिर्फ शहरी विकास, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास के लिए भी गंभीर हैं।

प्रदेश भाजपा का राज्य के 17 स्थानों पर पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन

जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा में देश सेवा सर्वोपरि : बाबूलाल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची/गिरिडीह। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को गिरिडीह में जिला के पंचायत समिति सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मरांडी ने पार्टी के इतिहास विकास, संकल्प, प्रतिबद्धता जैसे आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

मरांडी ने कहा कि भारत को इसके प्राचीन संस्कृति, गौरवशाली अतीत को पुनः प्रतिस्थापित कर देश को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करने के साथ जनसंघ और फिर भाजपा की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा में पार्टी की राजनीति के केंद्र में राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पंच निष्ठाओं में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, लोकतंत्र,गांधीवादी समाजवाद, सर्व धर्म समभाव और मूल्य आधारित राजनीति समाहित है। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के साथ हमारा संकल्प अंत्योदय है। विश्व बंधुत्व के भाव से भारत विश्व के कल्याण के लिए समर्पित है।

मरांडी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। स्वतंत्र भारत में राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए पहला बलिदान पार्टी के प्रेरणा पुरुष और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का हुआ। दो विधान, दो निशान, दो प्रधान के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए डॉ मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में अपनी गिरफ्तारी दी जहां जेल में एक षड्यंत्र के तहत उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि भले ही उस वक्त हमारा जनाधार बड़ा नहीं था लेकिन हमारा संकल्प भारत की जन भावनाओं के अनुरूप था। राष्ट्र सेवा के प्रति हमारी वैचारिक प्रतिबद्धता मजबूत थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में जनसंघ ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी पहचान तक मिटा दी। तुष्टिकरण की राजनीति ने देश का बड़ा नुकसान किया है। देश का विभाजन भी कांग्रेस की तुष्टिकरण का ही परिणाम था। भाजपा ने अपने मौलिक चिंतन में तुष्टिकरण नहीं, बल्कि सर्वपंथ समभाव को अपनाया है। आज भी भाजपा की चाहे केंद्र की सरकार हो या राज्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में धर्म पंथ के आधार पर कोई भेद भाव नहीं किए जा रहे।

पहले बाबूलाल मरांडी विस्थापित थे, अब बेरोजगार भी हैं: सुप्रियो

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले तो बाबूलाल विस्थापित थे लेकिन अब वे बेरोजगार भी हैं। जिस तरह से वे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सीनियर लीडर शिबू सोरेन के लिए भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह राजनीतिक समाज में प्रदूषण है। ऐसे लोग जब तक रहेंगे, प्रदूषण मुक्त होना कठिन है। उनका स्तर ऐसा हो गया है कि वे शव पर भी राजनीति करने लगे हैं। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन्होंने झारखंड स्थापना की नींव में चूना डालने का काम किया था। जब बाबूलाल मुख्यमंत्री थे तो तपकारा गोलीकांड हुआ था, वे पीड़ितों के परिजनों से मिलने गये थे क्या। नेतरहाट में गोलियां चलीं, लोग शहीद हुए लेकिन वे नहीं गये। पिछले दिनों पनौती को लेकर देशभर में चर्चा थी। इसी तरह झारखंड में अब चुनौटी की बात होती है। हर अच्छे कामों में वे चूना लगाने की कोशिश करते हैं। यह चुनौटी बाबूलाल हैं।

उन्होंने कहा कि कोरोना की तरह मलेरिया भी एक बड़ी आपदा है। इससे बचाव की विशेष व्यवस्था करनी होती है। सुंदरपहाड़ी के जिस बीहड़ एरिया में मलेरिया फैला, वहां आदिम जनजाति, माल पहाड़िया समाज के लोग रहते हैं। वे ऐसी ही जगहों पर वास भी करते हैं। ऐसे में उन्हें विस्थापित नहीं किया जा सकता। मलेरिया फैलने की खबर मिलते ही हमारे पार्टी के स्थानीय सांसद विजय हांसदा वहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप की व्यवस्था हुई। हालांकि, कुछ बच्चों की मौत भी हुई। भाजपा वाले वहां लाश पर राजनीति करने पहुंच गये। सबसे पहले गोड्डा सांसद पहुंच गये और मेडिकल कैंप में कहा कि इलाज की कोई सुविधा नहीं है। बाबूलाल मरांडी भी मोटरसाइकिल से वहां पहुंच गये जबकि एंबुलेंस वहां पहुंच गया था। प्रभावित परिवारों तक मुआवजा भी सरकार के स्तर से पहुंच गया। बाबूलाल ने अनर्गल आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री क्यों नहीं पहुंचे।

चीन में फैली रहस्यमय बीमारी के मद्देनजर रांची के अस्पतालों में तैयारियां तेज

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। चीन में फैल रही रहस्यमय बीमारी को देखते हुए केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस बीमारी के भी कोरोना की तरह फैलने की आशंका है। इन सभी संभावनाओं को देखते हुए रांची में स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। रांची जिले के ब्लॉक स्तर के अस्पतालों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि यदि मरीज सामान्य स्थिति में रहे तो उसे सीएचसी और पीएचसी में ही सुविधा दी जा सके। रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने मंगलवार को बताया कि हायर सेंटर के रूप में रिम्स और सदर अस्पताल को रखा जाएगा। यदि मरीजों की संख्या बढ़ेगी तो अन्य जगहों पर भी इंतजाम किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि

कोरोना के दौरान लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का भी उपयोग किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक भारत में ऐसा कोई केस नहीं मिला है। हालांकि, निमोनिया को लेकर लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है।

रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ यूपी साहू ने बताया कि निमोनिया में छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि निमोनिया सबसे ज्यादा एक से पांच साल तक के बच्चों के लिए खतरनाक होता है। क्योंकि, वैसे बच्चे अपनी परेशानी को खुलकर बता नहीं पाते। ऐसे में अभिभावकों को यह ध्यान रखना होगा कि यदि छोटे बच्चे में सर्दी-खांसी के साथ बुखार आता है और उसने मां का दूध पीना छोड़ दिया तो उसे तुरंत नजदीकी डॉक्टर के पास ले जाएं।

यूपी साहू ने बताया कि छोटे बच्चे को यदि सांस लेने में परेशानी हो, शरीर नीला दिखाई दे रहा हो या उसे तेज बुखार आ रहा हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें क्योंकि निमोनिया ज्यादा दिनों तक रहना खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग स्तर पर अभी तक किसी तरह का दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। अस्पताल में भी अभी इस तरह के केस नहीं पहुंचे हैं लेकिन डॉक्टरों की टीम निमोनिया के केस को लेकर गंभीर है।

राज्य सरकार की अकर्मण्यता पर भाजपा चुप नहीं बैठेगी : प्रदीप वर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया। वर्मा ने कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की झारखंड की जनता से बढ़ते जुड़ाव, उनकी बढ़ती लोकप्रियता,संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से हताश निराश और घबराया हुआ है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र के लिए एक जनप्रतिनिधि हैं, जहां की जनता ने उन्हें जनादेश देकर मुख्यमंत्री के काबिल बनाया और इस क्षेत्र में लोग उनकी सरकार की अकर्मण्यता से मरते रहेंगे, लाशें निकलती रहेंगी तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि का धर्म निभाया। जनता के बीच जाकर उनका दुःख दर्द बांटना एक राजनेता का धर्म है लेकिन झामुमो को यह लाश की राजनीति दिखाई पड़ता है।

वर्मा ने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी की बात करते हैं लेकिन उनके क्षेत्र में आदिवासी समाज के लोग मलेरिया से मरते रहे और वे देखने तक नहीं गए, जहां तक बाबूलाल मरांडी का सवाल है तो वे उनके पीछे नहीं गए बल्कि वहां गए जहां मुख्यमंत्री अबतक नहीं गए। उन्होंने कहा कि झामुमो बाबूलाल मरांडी को चुनौती नहीं दे तो ही अच्छा। बाबूलाल ने दुमका में मुख्यमंत्री की माता और पिता दोनों को बारी-बारी से हराया है। साथ ही कहा कि भाषा की मयार्दा झामुमो न बताए तो ही अच्छा। एक मुख्यमंत्री को बार-बार ठगूबर दास बोलने वाले आज भाषा की मयार्दा बता रहे। एक राज्य के राज्यपाल पर असंवैधानिक अपमानजनक टिप्पणी करने वाले आज सम्मान की भाषा की उम्मीद करते हैं। झामुमो को अपने अंदर झांकना चाहिए।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ADVANCE PLANNING DIVISION PALAMU
E-PROCUREMENT NOTICE(2nd call)

TENDER REF.No-WRD/APD/PALAMU/SBD-01/2023-24 DATE 28.11.2023

1	Name of work	Restoration & Lining work in Main Canal of Harhi Weir Scheme under Palamu District.
2	Estimated cost (Rs in lakh)	2230.94
3	Time of completion	540 Days (Five Hundred Fourty Days)
4	Period of availability of Bidding document on website	02.12.2023 at 10.00 am
5	Pre Bid conference	08.12.2023
6	Place of opening of Bids	C.E.WRD Medininagar
7	Last date and time of online submission of Bids	22.12.2023 up to 5.00 pm
8	Date and Time of opening of Technical Bids	26.12.2023 at 3.00pm
9	Date and Time of opening of Financial Bids	To be announced later
10	Officer Inviting Bids and his Phone No. and E-mail ID	Executive engineer, Advance Planning Division,Palamu [illegible]
11	Help line Number of e – Procurement cell.	C.E.WRD Medininagar 0651-2491232 06562-240841

Note:
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Additional performance security amount shall be applicable as prescribed in CE(Monitoring), Ranchi Letter No. 430 Dated 19-11-2020 and Secretary of RCD Letter No. 2146 (S) Dated 09-09-2020.
3. Payment of Mobilization advance / equipment advance shall be applicable as per Joint Secretary, WRD Ranchi Letter No. 658 Dated 22-12-2020.
4. The bidder should be fully acquainted with site before the tender.
5. Authority reserves the right to reject any or all the tender(s) received or to allot the work to one or more contractor(s) without assigning any reason thereof.
6. Estimated Cost May vary Online. BOQ amount shall prevail.
7. Further details can be seen on website [illegible]

Executive Engineer,
Advance Planning Division,Palamu

PR 312147 District(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 17/2023-24

[illegible]

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गुमला	Construction of 3.35 M Wide PCC Road from Main Gate to Ladies Barrack at Police line Campus Chandali. (L-394.44 M)	2178100.00	44000.00	5000.00	03 माह	[illegible]

निविदा की शर्तें :-

1. [illegible]
2. S.O.R. से 10% [illegible] (Additional Performance Security money) [illegible] (Additional Performance Security) [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]

ह०/-
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला

PR 312188 (NREP)23-24*D

हाई कोर्ट ने विधि पोर्टल पर राज्य सरकार से मांगी अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट

रांची(हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से शपथपत्र ससमय पर दाखिल नहीं होने से संबंधित मामले में स्वतं संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 निर्धारित की है। हाई कोर्ट ने इसके साथ ही राज्य सरकार से मामले में विधि पोर्टल की अपडेट स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है।

मंगलवार को उक्त मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि अभी जो वर्तमान में विधि पोर्टल है, वह पूर्णता कारगर साबित नहीं हो रहा है। इसके लिए मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के सभी विभागों के नोडल ऑफिसर के साथ बैठक भी की है। विभागों ने माना है कि विधि पोर्टल को दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

इससे पहले सरकार की ओर से शपथपत्र दाखिल कर बताया गया कि शिक्षा विभाग में आईएलएमएस सॉफ्टवेयर कार्यान्वित है, अतः विधि पोर्टल को आईएलएमएस के साथ एकीकृत करने की कोशिश की जा रही है। विधि पोर्टल और आईएलएमएस को एकीकृत करने के बाद इसे राज्य सरकार के सभी विभागों में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में मुख्य सचिव और आईटी सचिव कोर्ट में वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए थे।

सेल डीड कैंसिल किए जाने के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक और सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी अनामिका गौतम की ओर से देवघर स्थित जमीन सहित राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किए जाने को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को हुई। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। दायर याचिका में सांसद की पत्नी अनामिका गौतम का आरोप है कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। उनका कहना था कि जमीन के रजिस्टर्ड सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार डीसी, देवघर के पास नहीं है। यह अधिकार सिविल कोर्ट के पास है। अनामिका गौतम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की।

हाई कोर्ट में तालाब की जमीन पर अस्पताल बनाए जाने के मामले की सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट देवघर के मधुपुर अनुमंडल में गैर मजुरूवा जमीन पर बने तालाब पर अस्पताल बनाए जाने के टेंडर को चुनौती देने वाली अरुण शाही की रिट याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस रिट याचिका को जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में मानते हुए सुनवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट के पीआईएल रूल के तहत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक दिसंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि देवघर के गोविंदपुर मौजा में मधुपुर अनुमंडल स्थित बांध/तालाब पर अस्पताल बन रहा है। इसका शिलान्यास 18 सितंबर को हुआ था।

सीएम हेमंत ने लोहरदगा को दी 133 करोड़ की 21 योजनाओं की सौगात, साधा केंद्र पर निशाना बोले

केंद्र से आदिवासी भाइयों के लिए धर्मकोड मांगा तो कर दिया इंकार

चुनाव आया है तो याद आ रहे हैं भगवान बिरसा मुंडा और सिदो कान्हू

नवप्रदेश ब्यूरो

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को लोहरदगा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 133 करोड़ रुपये की 21 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने 80,208 लाभुकों के बीच 132 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। कार्यक्रम में लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र और नियुक्ति पत्र का वितरण किया। गौरतलब है कि आपकी योजना, आपके अधिकार, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की तीसरी सभा में मुख्यमंत्री ने लोहरदगा के चीरी और कुडू में आयोजित शिविर में शिरकत की। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्हौने कहा कि हमने केंद्र सरकार से आदिवासियों के लिए धर्मकोड की मांग की पर उसमें भी उन्होंने आपत्ति जताई और इंकार कर दिया। आज तक इन्होंने आदिवासी दिवस पर किसी को बधाई नहीं दी। इनके दिल में कुछ और जुबान पर कुछ रहता है। यह बहुत ही खतरनाक होता है , हम आदिवासी स्वभाव से भोले भाले होते हैं। इसलिए यह आदिवासियों और मूलनिवासियों को ठग कर और झूठ बोलकर अपना आसान शिकार बनाते हैं। आज जब चुनाव आया है तो इन्हें हमारे भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू और सभी देवता सभी याद आ रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य पर सबकी गिद्ध नजर है। खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड राज्य को लूटने में सभी लगे हुए हैं। हमने नेतरहाट, हजारीबाग सहित अन्य स्थानों पर गरीब, स्थानीय लोगों की जमीन को वापस दिलाया. वहीं वह कहते हैं कि हम जमीन लूट रहे है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर भी कड़ा बयान दिया । उन्होंने कहा कि अब 4 साल के लिए अग्निवीर में नौकरी मिलती है. फिर सड़क पर धक्के खाईय। बैंक की नौकरी खत्म हो चुकी है. रेल बिक गया है. पुराने ट्रेन को रंग-रोगन कर बुलेट ट्रेन बना दिया गया है। आम आदमी जाए तो जाए कहां? इनकी तो हालत ऐसी है कि जिनको परेशान करना है, जांच एजेंसियों को पीछे लगा दो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान का यह तीसरा चरण है। राज्यवासियों के द्वार तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का यह लगातार तीसरा साल है। यह आदिवासी- मूलवासी की सरकार है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। अब तीसरे चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित हो रहें हैं। जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आपके बीच आ रहें हैं। ताकि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को उनका अधिकार और योजनाओं का लाभ मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके गांव, पंचायत में हमने पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांधकर भेजने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने कभी गांव, गरीब, किसान सहित आम जनता की सुध लेने का काम नहीं किया। यही कारण है कि लाखों आवेदन शिविरों में आये। पूर्व की सरकार कभी पदाधिकारियों को गांव, पंचायत में भेजने का काम नहीं करती थी। हमने यह सब बदला। आज लाखों जरूरतमंद लोगों को अधिकार मिल रहा है। पदाधिकारी आमजन की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार की योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए है। हमें यहां की जड़ों को मजबूत करना है। जड़ यहां के किसान, श्रमिक, नौजवान हैं।

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्ष के पास करने के लिए तो कुछ नहीं है. यह बस राज्य सरकार की कोशिशों को लेकर बेवजह का बयान देने जानते हैं। हमने मजदूरों के लिए कई योजनाएं चलाई है, आगे भी कई योजनाएं चलाएँगें। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि कोरोना काल से लेकर अब तक सरकार ने काफी बेहतर काम किए हैं।आम जनता के साथ वह हमेशा खड़ी रही है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी झारखंड सरकार के कामकाज की सराहना की। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद राज्य सरकार में काफी बेहतर काम करके दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट में पिछले 50 साल से फील्ड फायरिंग रेंज संचालित किया जा रहा था। स्थानीय आदिवासी आबादी परेशान थी। लोग दुर्घटनाओं का शिकार भी होते थे। जमीन पर भी कब्जा था। हमारी सरकार ने फील्ड फायरिंग रेंज को बंद करके सरकार को जमीन लौटा दी। हजारीबाग में भी कंपनी लगाने के लिए ली गई जमीन वापस लेकर कृषकों के बीच वितरित किया। मुझपर आरोप लगता है कि मैंने जमीन लूट ली। मैं पूछना चाहता हूं कि जमीनें किसकी है? राज्य की जमीन यहां के आदिवासियों और मूलवासियों की है। क्या मैं बाहरी हूं? मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे ऊपर जमीन घोटाला का आरोप लगाने वाला विपक्ष दरअसल, व्यापारियों की जमात है।

- झारखण्ड पर सबकी गिद्ध नजर , खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य को लूटने की कोशिश
- अब 4 साल के लिए अग्निवीर में नौकरी मिलती है. फिर सड़क पर धक्के खाईये
- रेल बिक गया है. पुराने ट्रेन को रंग-रोगन कर बुलेट ट्रेन बना दिया गया है.
- इनकी तो हालत ऐसी है कि जिनको परेशान करना है, जांच एजेंसियों को पीछे लगा दो.
- समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले लाभ , गरीबों के लिए भेजी योजनाओं की गठरी
- पदाधिकारियों को वर्ड मोड में डाला, आपके पास भेजा
- मुख्यमंत्री ने किया इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास
- 97 योजनाओं की आधारशिला रखी , 126 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपये की परिसंपत्तियां वितरित

भूटान से गोल्ड लेकर झारखंड लौटे पैरा थ्रो बॉल के खिलाड़ी

पारंपरिक तरीके से हुआ स्वागत, सरकार से सहयोग की उम्मीद

नवप्रदेश ब्यूरो

रांची। पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर भूटान से झारखंड लौटे खिलाड़ियों का आज रांची रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि इसमें महिला और पुरुष, दोनों वर्ग के विजेता खिलाड़ी शामिल थे। भारतीय दल के खिलाड़ी मुकेश कंचन, सनोज महतो, महिमा उरांव और असुंता टोप्पो का स्वागत स्वदेश वापसी पर पारंपरिक तरीके से किया गया। इस अवसर पर भारतीय टीम के कप्तान मुकेश कंचन ने कहा कि निरंतर प्रयास और प्रोत्साहन से झारखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इसी के बल पर हम स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब रहे हैं।

इसी के साथ सनोज महतो ने उम्मीद जताई कि सरकार का सहयोग मिलता रहेगा। वे भविष्य में बड़े देशों को भी आगे भी अपने बेहतर प्रदर्शन से मात देंगे। झारखंड पारा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि आज भी राज्य में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए सीमित सुविधाएं हैं। खिलाड़ी न्यूनतम सुविधाओं के बीच अभ्यास करते हैं। यह तो खिलाड़ियों, कोच और पारा थ्रो बाल संघ का देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, जो उन्हें बुलंदी तक ले जा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जायें। महिमा उरांव और अशुंता टोप्पो ने कहा कि ये उपलब्धि सपना सच होने जैसी है।

मौके पर समाजसेवी अंतू तिर्की, पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष राहुल मेहता, सचिव सरिता सिन्हा, पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, सचिव अविनाश तिवारी, समाज सेवी एवम सोदाग पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की सहित सैकड़ों लोगों ने स्टेशन पर खिलाड़ियों का स्वागत किया। वहीं, सृजन हेल्प के सचिव गुंजन गुप्ता, मुकेश महतो, गणेश साहू एवं कई सामाजिक संगठनों ने पदक जीत कर वापस आने पर टीम को बधाई दी है।

शोधार्थियों में उच्च शोध नैतिकता विकसित करना ही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य : डॉ. बटेश्वर

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में मंगलवार को वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग एवं आइसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 10 दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। आठ दिसम्बर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों आइआइटी, आइआइएम, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के विषय विशेषज्ञ व्याख्यान द्वारा योगदान देंगे।

कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति एवं शोध के सन्दर्भ में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि शोध किसी भी उच्च संस्थान का रीढ़ होता है। इसीलिए नई शिक्षा नीति में उच्च संस्थानों में शोध पर अधिक जोर दिया गया है।

विभागाध्यक्ष डॉ. बटेश्वर सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने स्वागत वक्तव्य में शोध की नवीनता एवं मौलिकता की बात करते हुए कहा कि शोधार्थियों में उच्च शोध नैतिकता विकसित करना ही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष (अनुसंधान एवं विकास), प्रो. एके पाढ़ी, डॉ. शशि सिंह, प्रो. विमल किशोर, डॉ. अजय प्रताप यादव एवं शोधार्थी नेहा, मेघा, देवव्रत आदि भी उपस्थित थे

शोध कार्यशाला निदेशक डॉ. केबी सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि देश के विभिन्न प्रतिष्ठित उच्च संस्थानों से 226 लोगों ने कार्यशाला में सहभागिता के लिए आवेदन किया, जिसमें से 35 लोगों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागी जेएनयू, डीयू, बीएचयू, आईआईटी और सीयूजे से हैं। इसमें आइआइटी, एनआइटी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी भी भाग ले रहे हैं।

अनहोनी घटना पर झारखण्ड में एंड रिस्पांसिबल माइग्रेशन इनिशिएटिव योजना शुरू

झारखंडी श्रमिकों के लिए हेमंत सोरेन सरकार ने की खास व्यवस्था

नवप्रदेश ब्यूरो

रांची। उत्तराखंड में 41 मजदूरों के सुरक्षित निकाले जाने के बाद , उनकी परिवारों की जिंदगी में तो मानो उजाला हो गया है। लेकिन अगर किसी मजदूर के साथ अनहोनी घटना घट जाती तो क्या होता ? यह बड़ा सवाल आज आम लोगों के मन में है। इस टनल में झारखंडी मजूदर भी फंसे थे। ऐसे में हेमंत सोरेन सरकार ने इस तरह की अनहोनी घटना पर झारखण्ड में एंड रिस्पांसिबल माइग्रेशन इनिशिएटिव योजना शुरू की है।

झारखंड सरकार के ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद ने बताया कि सरकार ने राज्य से बाहर काम करने वाले श्रमिकों के लिए एक योजना शुरू की गई है। इसका नाम सेफ एंड रिस्पांसिबल माइग्रेशन इनिशिएटिव है। इसमें पंजीकृत मजदूरों को अनहोनी घटना पर विशेष वित्तीय मदद दी जाती है। झारखंड से लाखों मजदूर दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करते हैं। लेबर मिनिस्ट्री के आंकड़ों की मान तो झारखंड से 10 लाख लेबर बाहर काम कर रहे हैं. खास बात यह है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने इन मजदूरों का लेखा-जोखा रखने के लिए एक खास योजना चला रखी है. इसका सबसे बड़ा फायदा दुर्घटना में मौत पर मिलने वाला मुआवजा और परिवार को वित्तीय मदद है। यही नहीं सरकार ने घायल होन की स्थिति में भी अपने मजदूरों की मदद के लिए रकम मुकर्रर कर रखी है।

योजना से 1.39 लाख वर्कर पंजीकृत

झारखंड सरकार के ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद के मुताबिक इस योजना में 1.39 लाख वर्कर पंजीकृत हैं।सरकार ने इस योजना के तहत दुर्घटना में मौत पर 2 लाख रुपये के मुआवजे का प्रावधान किया है। साथ ही अपंजीकृत श्रमिकों के परिवार के लिए डेढ़ लाख रुपये का प्रावधान है। यही नहीं अगर काम के दौरान चोटिल होते हैं तो सरकार 1 लाख रुपये की वित्तीय मदद देगी। वहीं दूसरे मामलों में 75 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देगी।

पंजीकृत मजदूरों को इस योजना के तहत देती है बड़ी वित्तीय मदद

झारखंड से बाहर काम कर रहे हैं 10 लाख मजूदर

गोंड जनजाति की वीरांगना रानी दुर्गावती वृत चित्र की स्पेशल स्क्रीनिंग

रांची : सूचना प्रसारण भारत सरकार द्वारा आयोजित गोवा में चल रहे अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई- द इंटनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया) में अशोक शरण द्वारा निर्देशित, इग्ना (इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स) द्वारा निर्मित गोंड जनजाति की वीरांगना रानी दुर्गावती वृत चित्र का प्रदर्शन दिनांक 27 नवंबर 2023 को संध्या 5 बजे स्पेशल स्क्रीनिंग किया गया, फिल्म प्रदर्शन के दौरान फिल्म जगत के बड़े हस्तियां भी मौजूद थे, इस वर्ष 5 अक्टूबर को रानी दुर्गावती की 500 वा जयंती पूरे देश में मनाई गई,

गोंड जनजाति की वीरांगना रानी दुर्गावती

यह फिल्म अखंड भारत के महान साम्राज्य गोंडवाना की रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित है। कालिंजर की राजकुमारी को गोंड जनजाति के राजकुमार दलपत शाह से प्यार हो गया, जो बाद में गोंडवाना साम्राज्य का राजा बना। दलपत शाह की मृत्यु के बाद रानी दुर्गावती ने राज्य संभाला। बाज बहादुर के अलावा उन्होंने अकबर के सेनापति आसफ खान से भी लड़ाई की। रानी दुर्गावती ने तीन बार अकबर की सेना को हराया, लेकिन चौथी बार वह अपने ही जासूस से बुरी तरह घिर गईं और अपना बलिदान दे दिया। भारत की सनातन संस्कृति को बचाने में उनका योगदान महान है। इस दौरान निर्देशक अशोक शरण को सम्मानित किया गया, और उन्होंने जनजाति विषयों पर अपनी बात रखी, रानी दुर्गावती की महानता उनकी विशेषता और राष्ट्र के प्रति प्रेम के विषय पर अपनी बात रखी। उनका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर आधारित फिल्म बनाने के बाद रानी दुर्गावती के विषय को देश विदेश तक पहुंचाना है, और इसी उद्देश्य से गोवा भी आए, वहा राजा मुराद, गुलशन ग्रोवर, बिरेन कुमार, दिव्य दत्ता, सलमान खान, माधुरी दीक्षित, और फिल्म जगत के बड़े बड़े हस्तियां भी इस समारोह में उपस्थित थे और इस सम्मान में गोवा के मुख्यमंत्री द्वारा रात्रि भोजन आयोजित किया गया, जिसमें अशोक शरण भी आमंत्रित थे। मुख्यमंत्री माननीय प्रमोद सावंत जी के साथ जनजातीय विषयों पर लंबी चर्चा हुई और इस फिल्म के उद्देश्य के बारे में भी चर्चा हुई।

एक नजर

मजदूरों- किसानों का तीन दिवसीय महापड़ाव कार्यक्रम संपन्न

रांची। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय नेता अवधेश कुमार ने कहा कि आगे और बड़े संघर्ष के संकल्प के साथ मजदूरों एवं किसानों का तीन दिवसीय महापड़ाव मंगलवार को संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि देश के आम जनता के जीवन और आजीविका के साथ-साथ जनता के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, सद्भावपूर्ण जीवन पर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ किसान-मजदूर के संयुक्त बैनर तले 26 से 28 नवम्बर तक राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महापड़ाव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कुमार ने कहा कि मजदूर विरोधी लेबर संहिताओं को समाप्त करने, किसानों के लिए वैधानिक एमएसपी सुनिश्चित करने , विनिवेश और एनएमपी के प्रयासों को समाप्त करने, बिजली संशोधन विधेयक और नई शिक्षा नीति वापस करने, अनौपचारिक क्षेत्र के कामगार , ठेकेदार कामगार और स्कीम वर्करों के लिए कानूनी तथा सामाजिक सुरक्षा , समान काम के लिए समान वेतन, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी तथा मनरेगा की मजबूतीकरण सुनिश्चित करने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क कम करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रचार चलाया गया । किसान सभा के महासचिव सुरजीत सिन्हा ने कहा कि राजभवन रांची के समक्ष आयोजित महापड़ाव कार्यक्रम में किसानों के अलावा , कोयला, इस्पात, तांबा, बॉक्साइट माईका, इंजीनियरिंग, अभ्रक, विद्युत, परिवहन, निर्माण, सेल्स प्रमोशन, बीड़ी उद्योग, सहित बड़ी संख्या में परियोजना कर्मी, गिग वर्कर , ठेका एवं आउटसोर्सिंग मजदूर शामिल हुए।

एलिएक्सिस ने एक्जिक्यूटिव कमिटी में अरविंद चंद्रा को किया शामिल

रांची: मौलिक फ्लुइड मैनेजमेंट सॉल्यूशंस के जरिए पानी और ऊर्जा तक पहुंच बनाने वाली वैश्विक अग्रणी कंपनी, एलिएक्सिस ने अपनी एक्जिक्यूटिव कमिटी में अरविंद चंद्रा को शामिल किया है। एलिएक्सिस इंडिया (आशीर्वाद पाइप्स) के नए डिविजनल सीईओ के तौर पर वह सीईओ एरिक ओल्सन को रिपोर्ट करेंगे। एलिएक्सिस के सीईओ एरिक ऑलसन ने कहा कि अरविंद चंद्रा के गतिशील नेतृत्व में हम अपने भारतीय व्यवसाय के अगले चरण को लेकर उत्साहित हैं। अरविंद का विभिन्न उद्योगों में विकास और मुनाफे को बढ़ाने का 30 सालों का प्रभावशाली वैश्विक रिकॉर्ड है। आने वाले वर्षों में भारत एलिएक्सिस के लिए एक उच्च विकास वाला बाजार है और अरविंद हमारे भारतीय परिचालन को अगले स्तर पर ले जाने में मदद करेंगे।एलिएक्सिस इंडिया के डिविजनल सीईओ अरविंद चंद्रा ने कहा कि भारत की जल संबंधी गंभीर चुनौतियों से निपटने की कोशिशों में एलिएक्सिस के साथ जुड़कर मुझे खुशी हो रही है। आशीर्वाद टीम के साथ मिलकर, हम स्थिरता और नवाचार दोनों पर मजबूत फोकस के साथ विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे, क्योंकि हम उच्च गुणवत्ता वाले सॉल्यूशंस मुहैया कराते हैं, जिनकी हमारे ग्राहक उम्मीद करते हैं।। एलिएक्सिस में शामिल होने से पहले अरविंद चंद्रा मिंडा कॉर्पोरेशन कंपनी में ऑटोमोटिव क्षेत्र के सबसे बड़े वर्टिकल के सीईओ थे। अपने कार्यकाल के दौरान, राजस्व और मुनाफे में जबरदस्त वृद्धि के साथ कंपनी के शेयरों में 400 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई।

दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

रांची : शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में शुरू हुई। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का उद्घाटन मैच ग्रुप ए का जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा बनाम फुटबॉल क्लब आनंदी के के बीच खेला गया। जिसमें जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि राजेश कश्यप खिजरी विधायक विशिष्ट अतिथि कमिश्नर मुंडा जिला परिषद पश्चिमी ओरमांझी आशीष साहू भाजपा युवा दस्तक अध्यक्ष ओरमांझी विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस तुलसी खरवार हरिमोहन महतो रवि साहू सुरेश साहू संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किये। सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किए भूमित 11 बेलवा टोली एवं डायमंड क्लब रांची। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में चंदेश्वर कुमार एवं दूसरा मैच में पवन करमाली को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रदेव मुंडा सेवाराम महतो रामप्रसाद धर्मनाथ मुंडा मोहन बेदिया रामदयाल गंझू आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह जयवीर बेदिया नकुल बेदिया अजय गंझू प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा शंकर मुंडा सत्य सिंह भरत मुंडा नितेश पाहन प्रीतम सिंह विकास मुंडा एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

हाई कोर्ट से सेना की जमीन घोटाले के आरोपित दिलीप घोष को जमानत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट से मंगलवार को जमीन घोटाले में मुख्य आरोपित दिलीप घोष को जमानत मिल गयी। सेना की जमीन डील के केस में कोलकाता निवासी दिलीप घोष को ईडी द्वारा आरोपित बनाया गया था। इस मामले में कई अधिकारियों सहित कई आरोपित जेल में हैं।

अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी में भारी मात्रा में शराब बरामद

रांची। उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। उत्पात विभाग से मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार देर रात कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सुकुरहुटू के पास एसटीएफ के सहयोग से छापेमारी की। इस दौरान एक टाटा 407 पिकअप वाहन (जेएच 01- बीआर 5148) की तलाशी के क्रम में अवैध विदेशी शराब ओल्ड मोंक और ब्लैक टाइगर व्हिस्की का 3000 बोतल कुल 2250 लीटर जब्त किया गया। घटनास्थल से अभियुक्त वाहन से कूद कर भाग निकले, जिनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक ललित सोरेन, पंकज कुमार रूपेश कुमार उत्पाद सिपाही और सशस्त्र बल शामिल थे।

लापुंग प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान 1351 आवेदकों ने दिया आवेदन, 49 मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन

प्रत्येक ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र के विकास का सपना पूरा नहीं हो सकता:शिल्पी

नवप्रदेश संवाददाता

लापुंग : प्रत्येक ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र के विकास का सपना पुरा नही किया जा सकता है। ग्रामीणों को आवश्यकतानुसार योजनाओं का लाभ पहुंचना ही हमारा लक्ष्य है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव व पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंदर कुमार चौबे तथा बीडीओ सहित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान 1351 लोगों ने आवेदन दिया जिनमें से 49 मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। अबुआ आवास योजना का 520 आवेदन प्राप्त किया गया। वहीं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए पांच छात्र छात्राओं ने आवेदन किया। इस मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों को कार्यक्रम के महत्व को समझाया साथ ही कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार पूरे राज्य में आठ लाख वैसे वंचित लोगों जिन्हें पीएम आवास का लाभ नहीं मिला उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कैसे वंचित ग्रामीणों को आवास मिलेगा । क्या प्रक्रिया होगी? कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव गांव में जाकर सरकार के पदाधिकारी और कर्मचारियों की टीम सरकार की योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व को समझाया और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपील किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने लाभुकों के बीच कम्बल, धोती साड़ी,धोती, बिरसा सिंचाई कूप का प्रमाण पत्र, पेंशन प्रमाण पत्र, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का प्रमाण पत्र सहित दर्जनों योजनाओं का लाभ प्रदान किया। इस मौके पर लापुंग के प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा अंचलाधिकारी पंकज कुमार, जिला परिषद हिंदिया टोपो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो और मुखिया दुर्गा उरांव ने भी लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा के बीपीओ इम्तियाज खलील ने किया। इस मौके पर समाजसेवी संतोष तिर्की, दशरथ तिर्की, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पूजा कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह कल्याण पदाधिकारी विनोद नारायण झा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एव प्रखंडकर्मी अभय खलखो, रोजगार सेवक बसंत साहु, विष्णु साहु, मेघराज उरांव, बीएफटी सत्यनारायण सिंह, सुरेश कुमार, संतोष साहु, गंदुरा उरांव, विशु स्वांसी, फगुआ भगत ,राजकमल गोप सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लापुंग में कार्तिक पूर्णिमा जतरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जतरा में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है : सन्नी टोप्पो

नवप्रदेश संवाददाता

लापुंग: लापुंग प्रखंड के सहेदा गांव में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद हिंदिया टोप्पो ने शामिल हुए। जहां उन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत रूप से उदघाटन किया। कार्यक्रम में यंग स्टार ग्रुप गुमला के कलाकारों ने अपने गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुति से ग्रामीणों को झूमने पर मजबुर कर दिया। जतरा में दर्जनों गांव के खोड़हा दल शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा जतरा झारखंडी संस्कृति की पहचान है। जतरा में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। ऐसे आयोजनो से आपसी भाईचारगी बढ़ती है। साथ ही ग्रामीणों को मनोरंजन करने का अवसर भी मिलता है। जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है। इसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करती है। हम सभी को अपनी रीति-रिवाज परंपरा को बचाने को ले जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की जरूरत है। मौके पर सन्नी टोप्पो ने जतरा में उपस्थित सभी खोड़हों में जाकर नृत्य मंडली का हौसला बढ़ाते हुए खुद भी उनके साथ मांदर बजाया और नृत्य किया। वहीं विशिष्ट अतिथि हिंदिया टोप्पो ने कहा जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है। उन्होंने कहा कि जतरा आदिवासियों की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किए गए जतरा का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व रखती है। मौके पर देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव, पंसस पूनम टोप्पो समेत जतरा कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ दुर्गा पाठ का भक्ति मेला के साथ समापन

नवप्रदेश संवाददाता

अनगड़ा। लुपुंग पंचायत के महासिद्ध शक्तिपीठ बाहेया खक्सीगढ़ा में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ दुर्गा पाठ का मंगलवार को भक्ति मेला के साथ संपन्न हो गया। भक्ति मेला में धार्मिक अनुष्ठान के अलावा खोहड़ा नाच व रेखा पांडे ग्रुप द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने मेला को संबोधित करते हुए कहा कि मां के आशीर्वाद से हमें निरंतर विकास की ओर अग्रसर होना है, मां की भक्ति से ही शक्ति मिलती है। मौके पर उन्होंने यहाँ प्रतिक्षा भवन बनवाने की घोषणा की। मेला में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पुर्व सांसद रामटहल चौधरी, पुर्व विधायक रामकुमार पाहन सांस्कृतिक टीमों के साथ ढोल नगाड़े बजाकर झुमे। कार्यक्रम में भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, मानकी राजेन्द्र शाही, रामसाय मुंडा, मनोज चौधरी, सत्यदेव मुंडा, सुनील महतो, विरेंद्र सिंह भोगता, मुखिया शांति देवी, पंसस कुंती देवी, राजेन्द्र महतो, जगेश्वर महतो, राजु प्रमाणिक, बनमाली महतो आदि उपस्थित थे।

उत्तरकाशी टनल से बाहर निकले खूंटी के मजदूर, तीन गांवों में उत्सव का माहौल

खूंटी(हि.स.)। राज्य के खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के तीन गांवों डुमारी, गुमडू और मधुगामा के लिए आज का दिन कुछ खास ही रहा। गांव के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। आखिर 17 तीनों तक उत्तराखंड के उत्तर काशी सुरंग (टनल) में फंसे इन गांवों के तीन युवक मंगलवार को बाहर निकल आये। जैसे ही यह खबर गांव वालों को मिली कि डुमारी गांव में हर्ष का माहौल कायम हो गया। इन गांवों के लोगों ने सरना पद्धति से पूजा-अर्चना कर ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। टनल में फंसे 35 वर्षीय युवक चमरा उरांव की पत्नी रेखा देवी, माता बंधनी उराइन और पिता भक्तु उरांव की आंखें खुशी से भर आयीं। वे अपनी बातों से अपनी खुशी को व्यक्त कर नहीं पा रहे थे। रेखा देवी ने कहा कि ईश्वर ने उनकी प्रार्थना सुन ली। चमरा के माता-पिता ने कहा कि उन्हं ईश्वर पर पूरा भरोसा था और ईश्वर ने लड़के को नयी जिंदगी दे दी। टनल में फंसे कर्रा प्रखंड के गुमडु गांव के विजय होरो की पत्नी सनारती होरो ने रोते हुए कहा कि आज भगवान ने उन्हें जीवन की सबसे बड़ी खुशी दे दी है। इसके लिए पूरा परिवार ही नहीं पूरा गांव ही उत्तराखंड सरकार, वहां के स्थानीय प्रशासन सेन और केंद्र सरकार आभारी हैं कि आज उनके प्रयास से 41 लोगों का परिवार उजड़ने से बच गया। मुश्किल की इस घड़ी में मदद के लिए चमरा उरांव और विजय होरो के परिवार ने तोरपा के विधायक कोचे मुंडा और जिला प्रशासन के अलावा अन्य सभी सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

टनल से बाहर निकले चमरा उरांव, विजय होरो और गणपति होरो के परिवार वालों ने टनल में फंसे 41 मजदूरों में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेना के जवानों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। डुमारी गांव के भक्तु उरांव ने कहा कि उनके बेटे ने अपनी बहन की शादी का कर्ज उतारने के लिए अपनी जिंदगी को दांव पर लगा दिया था। कर्रा प्रखंड के मधुगामा गांव के गणपति मुंडा के घर में भी मंगलवार को उत्सव का माहौल रहा। गांव का हर व्यक्ति उनके घर लाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहा था।

राजेन्द्र यूनाइटेड गेतलसूद ने पतरातू को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

नवप्रदेश संवाददाता

अनगड़ा। राजेन्द्र यूनाइटेड गेतलसूद की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। मंगलवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये संघर्षपूर्ण मुकाबले में मेजबान गेतलसूद ने एएससीआर पतरातू को पेनाल्टी शूट आउट में 5-3 से हराया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर सकी थी। गेतलसूद के गोलची रितेश नायक व पतरातू के गोलची जावेद ने पूरे मैच के दौरान कई शानदार बचाव किए । गेतलसूद के 16 वर्षीय रवि नायक, चंचल महतो व सूरज ठाकुर ने शानदार खेल दिखाया। राजेन्द्र यूनाइटेड के रवि नायक को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि सिरका पंचायत के मुखिया रौशनलाल मुण्डा व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो व समाजसेवी साहेबराम महतो ने प्रदान की। रौशनलाल मुण्डा ने कहा कि सभी के सहयोग से इस टुनामेंट को और भव्य बनाया जाएगा। फुटबाल झारखंड की आत्मा है। और इसे बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। 29 नवंबर को एफसी धनबाद व गाड़ीहोटवार के बीच मैच खेला जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुंडा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, प्रवक्ता शिवदास गोस्वामी, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार, राजेश पाहन, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

मुरहू थाना क्षेत्र से दो युवकों की सड़ी-गली लाश बरामद, पत्नी सहित तीन हिरासत में

जंगल की खाई में दफनाए गए शवों को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने बाहर निकाला

खूंटी(हि.स.)। जिले के मुरहू थान क्षेत्र के पसराबेड़ा बुरू पहाड़ की खाई से पुलिस ने मंगलवार को दो युवकों की सड़ी-गली लाश बरामद की। हत्या के बाद दोनों युवकों के शव को जंगली क्षेत्र के खाई में दफना दिया गया था, जिसे पुलिस ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बाहर निकाला। शव की पहचान मुरहू थाना क्षेत्र के करंका गांव निवासी पांडा बोदरा (22) तथा बंदगांव थानांतर्गत कुल्डा गांव के सिबियन हपतगड़ा (20) के रूप में हुई है। मृतक के स्वजनों ने बताया कि दोनों युवक 30 अक्टूबर को मुरहू के कोवा गांव स्थित पांडा बोदरा की ससुराल गए थे, जहां से फिर वे वापस नहीं लौटे।

इस संबंध में मृतक पांडा बोदरा के बड़ा साला सनिका चुटिया पूर्ति, चाचा ससुर विखम चुटिया पूर्ति, पत्नी राधा पूर्ति सहित कुछ अन्य संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। घटनास्थल पर मौजूद मृतक सिबियन हपतगड़ा के पिता और कुल्डा गांव के ग्राम प्रधान निर्मल हपतगड़ा ने बताया कि उसका बेटा सिबियन गत 29 अक्टूबर को पांडा बोदरा के साथ गांव से निकला था, फिर घर नहीं लौटा। जब उसकी खोजबीन की गई, तो पता चला कि पांडा बोदरा के साथ वह उसकी ससुराल कोवा गांव चला गया है। कुछ दिनों बाद भी जब दोनों युवक कोवा गांव से वापस नहीं लौटे, तो स्वजनों द्वारा दोनों की खोजबीन शुरू की गई, लेकिन दोनों का कहीं कुछ पता नहीं चला।

दोनों की तलाश में लगभग डेढ़-दो सौ ग्रामीण जंगलों एवं खाइयों की खाक छान रहे थे। इसी दौरान जंगल के नीचे गहरी खाई में दफन दोनों के शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी। बाद में इसकी सूचना मुरहू थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मुरहू थाना प्रभारी इकबाल हुसैन सदल बल मौके पर पहुंचे और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को जमीन से बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

घटनास्थल के पास मौजूद मृतक पांडा बोदरा की पत्नी राधा पूर्ति से जब दोनों की हत्या से संबंधित सवाल पूछे गए, तो राधा ने बताया कि उसका पति पांडा बोदरा अक्सर उसके साथ मारपीट किया करता था। उसने बताया कि 30 अक्टूबर को जब पांडा बोदरा अपने दोस्त के साथ उसके मायके कोवा गांव पहुंचा, तो वहां भी वह उसके साथ झगड़ा करने लगा। इसी बात पर उसके भाई सनिका चुटिया पूर्ति और चाचा विखम चुटिया पूर्ति ने उसके पति पांडा बोदरा और साथ आए उसके दोस्त की घर में ही पिटाई कर दी और पांडा और उसके दोस्त को पकड़करा कही ले गये। इस संबंध में एसडीपीओ अमित कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि प्रारंभिक छानबीन में पता चला है कि घरेलू विवाद के कारण ही दोनों की हत्या कर शव को जंगल की खाई में छिपा दिया गया था। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

सड़क दुर्घटना में तीन नाबालिग सहित चार घायल, एक रिम्स रेफर

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल पंप के समीप खटंगा मोड़ के पास दो बाइकों की हुई जोरदार टक्कर में तीन नाबालिग समेत कुल चार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना मंगलवार की शाम करीब 5:00 बजे के आसपास की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में सभी घायलों को उठाकर उपचार के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों का पहचान बेड़ो देवी मंडप निवासी 17 वर्षीय आशीष उरांव पिता गोइंदा उरांव, 13 वर्षीय अमेश बडाईक पिता इश्वर बड़ाईक, 13 वर्षीय आर्यन उरांव पिता गोइंदा उरांव और ईटा पुरना पानी निवासी 42 वर्षीय एमडी जमील उर्फ बबलू खान पिता शमसुद्दीन खान के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉक्टर मेघा भगत ने सभी सड़क दुर्घटना में घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल आशीष उरांव को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना के बाद घायल अमेश बड़ाईक ने बताया कि वे आशीश और आर्यन के साथ में मोटरसाइकिल पर सवार होकर खुखरा स्थित रतनटोली मेला देखने गए थे। इसके बाद वे वापस बेड़ो अपने घर लौट रहे थे। वही बबलू खान भी करांजी से बेड़ो जा रहे थे, इसी दौरान करांजी पेट्रोल पंप स्थित खटंगा मोड़ के पास दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई और वे सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

एक नजर

30 किसानों के बीच धुंआ रहित चूल्हे का वितरण



अनगड़ा। कुच्चू पंचायत के बदरी गांव स्थित सामुदायिक भवन में आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को बदरी,अंबाटुंगरी,खभावन, बुटगोड़ा व भुकभुकिया गांव के 30 किसानों के बीच धुंआ रहित चूल्हे का वितरण किया गया। वितरण ग्राम प्रधान बालेशवर बेदिया व आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सर्वेक्षक शुभम वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सर्वेक्षक शुभम वर्मा ने धुआं रहित चूल्हे के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। कहा कि इस में लकड़ी और कोयले खपत कम होती है। इस के उपयोग से हमारे आंख भी सुरक्षित रह सकते हैं। मौके पर आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सीएफ सुनील कुमार,पूर्व मुखिया संगीता देवी,पूर्व पंसस कुच्चू पंचमी देवी,रीता देवी,कल्पना देवी, शिवशंकर बेदिया, सोहराय बेदिया, शनिचरवा बेदिया, जगरनाथ बेदिया, जोगेशवर बेदिया, रौशन बेदिया, मनबोध बेदिया, मुचीराम बेदिया धर्मेन्द्र बेदिया, सरिता देवी, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

बेड़ो में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम को लेकर हुआ बैठक का आयोजन



बेड़ो: बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ सह सीओ प्रताप मिंज की अध्यक्षता में हमारा संकल्प विकसित भारत के सफल आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बीडीओ ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन आगामी छह दिसंबर से 14 दिसंबर तक प्रखंड के विभिन्न पंचायतों व गांवों में होगा। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांव में बसती है।विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांवों को विकास की मूल धारा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने सरकार की इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन प्रखंड के विभिन्न पंचायत और गांव में सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया। वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, विभिन्न विभाग के प्रतिनिधि व विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

बिरहोर टोली में एसएसआर को लेकर विशेष कैंप आयोजित

खूंटी। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत असुरक्षित जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवार के योग्य सदस्यों के लिए अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह, बिरहोर टोली में मंगलवार को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उपस्थित होकर मतदाताओं को जागरूक किया। साथ ही पीवीटीजी परिवारों को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों के बीच साड़ी-धोती और कंबलों का वितरण किया।

कांग्रेस गरीबों के हित में काम करने वाली पार्टी है : कालीचरण मुंडा

खूंटी। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सह लोकसभा संयोजक कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को खरसावां विधानसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरा शुरू किया। उन्होंने सरायकेला प्रखण्ड और गम्हारिया प्रखण्ड के तितिरबिला, दिघी, हरदला, नोवाडीह, भालूबासा, झापुडागोड़ा, गोहिरिया, दुगनी का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए अपनी बातों को रखा। कानलीचरण मुंडा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों की पार्टी है। जब केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, तो सभी योजनाएं गरीबों की हित के लिए थी, जैसे सभी प्रकार की पेंशन योजना, आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, हर गांव में विद्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, सूचना का अधिकार, हर गांव में बिजली, हर गांव तक सड़क को प्रखंड और जिला से जोड़ा गया।

कुदलूम गांव में देवठान जतरा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

खूंटी। कर्रा प्रखंड के कुदलुम गांव में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा देवठान जतरा का आयोजन किया गया। मेले में कर्रा प्रखंड के दर्जनों गांवों के लोगों ने पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति को संजो कर रखने के लिए इस तरह का आयोजन निश्चित रूप से प्रतिवर्ष होना चाहिए और इसके लिए आयोजन समिति के सदस्य धन्यवाद का पात्र है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स की मुरहू प्रखंड कमेटी का गठन, सुरेश प्रसाद बने अध्यक्ष, धीरज साहू सचिव

खूंटी। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज खूंटी के निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को मुरहू में प्रखंड के व्यवसाइयों के साथ बैठक कर सर्वसम्मति से चैंबर ऑफ कॉमर्स की मुरहू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स खूंटी के अध्यक्ष प्रियांक भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सचिव मुकेश जयसवाल ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि किसी भी संस्था का विकास सामूहिकता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि पूरे जिले के व्यवसाइयों को एकसूत्र में बांधने को लेकर प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है। बैठक में सभी की सहमति से मुरहू प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सुरेश प्रसाद का चयन किया गया। इनके अतिरिक्त पंकज कुमार साहू को उपाध्यक्ष, धीरज कुमार को सचिव, राजू भगत को कोषाध्यक्ष, सुबोध कुमार को सह कोषाध्यक्ष और मुस्ताक खान को सह सचिव बनाया गया। संरक्षक मंडली में अर्जुन साहू, महेश चौधरी, प्रमोद कुमार, अनिल गुप्ता और पंकज चौधरी का चयन किया गया। बैठक का संचालन अरुण साबू ने किया।

एक नजर

नालंदा में पुलिस जीप से टकराई तेज रफ्तार बाइक, तीन की मौत

पटना। बिहार के नालंदा में मंगलवार शाम पुलिस जीप और बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोगों ने पुलिस की गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ की। बताया गया है कि जिले में एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मीना बाजार गांव के पास एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एकंगरसराय थाना पुलिस की जीप से टकरा गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर गुस्साए लोगों को शांत कराने का प्रयास कर रही है। नालंदा के एसपी अशोक मिश्रा ने बताया की घटना की विस्तृत जानकारी ली जा रही है।

मोतिहारी पुलिस ने 12 अपराधियों को किया हथियार के साथ गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। पूर्वी चंपारण पुलिस ने बारह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी अपराधियों को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कल्याणपुर थाना क्षेत्र से नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें चार विधि विवादित किशोर भी शामिल हैं. वहीं घोड़ासहन थाना क्षेत्र से तीन अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं. इन अपराधियों की गिरफ्तारी से कई कांडों का उद्भेदन हुआ है एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा के मुताबिक कल्याणपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा, एक पिस्तौल, बारह कारतूस, एक किलो पांच सौ ग्राम चरस, लूट का तीन बाइक, एक टैब, एक लैपटॉप और तेरह मोबाइल बरामद किया गया है. वहीं घोड़ासहन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटा हुआ 92 हजार रुपया, एक बाइक और तीन मोबाइल बरामद हुआ है. ये सभी अपराधी पहले से ही कई कांडों में आरोपी है। एसपी ने बताया कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र में लूट की योजना बना रहे कुछ अपराधियों के इकट्ठा होने की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होने के बाद चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में केसरिया की पुलिस ने छापेमारी कर नौ अपराधियों को हिरासत में लिया। जिसमें चार विधि विरुद्ध किशोर हैं, जिनके पास से हथियार, कारतूस, लूट का सामान और मादक पदार्थ बरामद हुआ है. कल्याणपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार अपराधियों में बुलेट उर्फ सत्येंद्र कुमार यादव, राज कपूर, राजेश कुमार, बब्लू कुमार और औरंगजेब आलम उर्फ लालू समेत चार विधि विरुद्ध किशोर शामिल हैं।

महिला एवं पुरुष बांध्याकरण को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक



नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। 27 नवम्बर से16 दिसंबर तक मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत महिला बांध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी के लिए प्रखंड कार्यालय सूर्यपुरा में मंगलवार को अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश अस्थाना एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई जिसमें उपस्थित प्रखंड समन्वयक बृजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि उक्त तिथि में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी का कार्यक्रम किया जाएगा जिसके लिए प्रखंड क्षेत्र के सभी आशा फैसिलिटी एवं कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया है जो अपने-अपने पोषक क्षेत्र में घर-घर जाकर महिलाओं एवं पुरुषों को मध्यकाल एवं नसबंदी के लिए जागरूक करेंगे वहीं इस कार्यक्रम के लिए जीविका दीदियों का भी सहयोग लिया जा रहा है मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मदी इरफान प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह बीपीआरओ अभय कुमार सिंह प्रखंड प्रबंधक कुमार गौरव विमल कुमार

छठ घाट निर्माण में लेकर उदासीनता पर आम जनता की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। नगर के आईटीआई जयप्रकाश नगर वासियों कि एक बैठक वकील महतो की अध्यक्षता संपन्न हुई जिसमें आईटीआई कालोनी के डोल वांग बगीचे में स्थित एकमात्र श्रद्धालुओं का केंद्र भगवती मंदिर के पीछे स्थित पोखरे में छठ महापर्व कि पूजा अर्चना करने के लिए सिढी नुमा धाट नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को अन्यत्र जगह जाकर छठ महापर्व की पूजा अर्चना करनी पड़ती है लेकिन इस समस्या के निदान पर ना तो महापौर गरिमा देवी शिकारिया, स्थानीय बेतिया विधायक और ना सांसद महोदय ध्यान दे रहे हैं जबकि जबकि पोखरे के आगे स्थित मंदिर सैकड़ो वर्ष पुराना है और नवरात्र में यहां भव्य पूजा अर्चना कि जाती है वहीं दूसरी और इस वगीचे कों पार्क बनाने के लिए भी वन विभाग को सरकार द्वारा जो आदेश दिया गया है यह भी ठंडी बस्ती में डाल दिया गया है नतीजा कभी जहां उसे बगीचे में हजारों आम के वृक्ष थे आज दिन प्रतिदिन काटे जा रहे हैं और दूसरी ओर सरकार नए वृक्ष लगाने का अभियान चला रही है और जो लगे हैं उनकी रखवाली करने वाला कोई नहीं उक्त मौके पर शिवजी मिश्रा लिटिल तिवारी, पूर्व वार्ड सदस्य श्यामा देवी,सोना देवी, प्रभात श्रीवास्तव, जितेंद्र वर्मा, सावित्री देवी, तारा देवी, आचार्य शिवकुमार द्विवेदी, आचार्य रुपेश मिश्रा, चंद्रभूषण सिंन्हा,विनोद धागड , मुन्ना महतो, बिहारी महतो, नाग नारायण यादव, शिमा देवी , हरेंद्र किशोर राय, इंजीनियर धर्मेश कुमार,राकेश कुमार, उमेश महतो, दिनेश कुमार, समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद, जयप्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे।

नगर पंचायत काराकाट के बोर्ड की बैठक में नगर विकास योजना पारित



नवप्रदेश प्रतिनिधि काराकाट। के सभागार में मंगलवार को बोर्ड की बैठक में प्रस्तावित नगर विकास के योजनाओं को पारित कर दिया गया। बोर्ड के बैठक की अध्यक्षता नगर मुख्य पार्षद राधिका कुमारी उपमुख्य पार्षद रवीश रंजन ने संयुक्त रूप से किया। बोर्ड की बैठक में नगर विकास के लिए जो योजना पारित किया गया उसमें नगर पंचायत क्षेत्रांन्तर्गत विभिन्न प्रकार के सैरातों की बंदोबस्ती करने, नगर पंचायत में श्मशान घाट के जमीन उपलब्ध करने के साथ घेराबंदी करने, नगर पंचायत में कार्यरत सफाई एजेंसी को हटाने,द पीएम आवास योजना, नगर में किये गये बिहार सरकार की जमीन पर अतिक्रमण को मुक्त कराने पर प्रस्ताव पारित कर दिया गया। नगर में सीसीटीवी कैमरा लगाने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने निर्णय लिया कि नगर विकास की राशि की अभी कमी है जैसे ही विकास की राशि में बढ़ोतरी होगी तो नगर में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। उक्त सभी विकास के प्रस्तावों को पारित कर दिया गया। बोर्ड कि बैठक में नगर ईओ आतिश रंजन, स्थायी समिति के तीनों वार्ड पार्षद सहित वार्ड पार्षद संजय राम, विपिन कुमार सिंह, सैयद अंसारी, मतरमाला देवी, राधिका देवी, दुर्गावती देवी, कलावती देवी, गीता देवी, सहायक अभियंता कुलदीप गौरव बाजपेयी, कनीय अभियंता संतोष कुमार तिवारी थे।

परिवार नियोजन मेले का अयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। नगर स्थित पीएचसी परिसर में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को ले परिवार नियोजन मेले का अयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ॰ एनके आर्या ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर सलाहकारों द्वारा पुरुषों को नसबंदी हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही महिला व पुरुष लाभार्थियों के बीच परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों की विस्तृत जानकरी देते हुए इससे जुड़ी सामग्रियां वितरित की गईं। बीएचएम रूपक कुमार सिंह ने बताया कि आगामी चार से सोलह दिसंबर तक आयोजित परिवार नियोजन पखवाड़े में मुख्य रूप से पुरुष नसबंदी की जाएगी। जिसके तहत सोलह लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान लोगों ने ऑपरेशन के लिए निबंधन भी करवाया। मौके पर अस्पताल प्रबंधक अनिल कुमार, बीसीएम शकील अहमद और परामर्शी अंकु कुमारी समेत प्रखंड क्षेत्र की कई एएनएम और आशा कार्यकताएं उपस्थित थी।

बम विस्फोट से दहला बेगूसराय, पांच बच्चे घायल, चार की हालत गंभीर

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय में मंगलवार को संदिग्ध बम विस्फोट में पांच बच्चे घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। बम निरोधक दस्ता एवं एफएसएल टीम को बुलाया गया है। बताया जाता है कि पहसारा गांव निवासी बैद्यनाथ सिंह के खंडहरनुमा घर के समीप कुछ बच्चे खेल रहे थे। घर के अंदर गेंद चले जाने पर उसे निकालने के लिए बच्चा घुसा तथा गेंद के साथ एक टेप लगा डिब्बा लेकर बाहर आया। पटक कर डब्बा खोलने के दौरान तेज धमाके के साथ सभी बच्चे घायल हो गए। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल थे। इसके बाद घायल बच्चे विजय साह के पुत्र नितीश कुमार, सुनील साह के पुत्र सिंटू कुमार, सुनील साह की पुत्री मौसम कुमारी उर्फ भुल्ली कुमारी एवं पुत्र अंकुश कुमार, जितेन्द्र महतों की पुत्री स्वाति कुमारी को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें चार बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। एक बच्चे का दोनों पंजा उड़ गया है। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा में बैद्यनाथ सिंह के खंडहरनुमा घर के पास खेल रहे बच्चों द्वारा घर के अंदर मिले एक डिब्बा को उठाकर दिवार पर फेकने के दौरान विस्फोट में पांच बच्चे घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल को सील कर बम निरोधक एवं एफएसएल को बुलाया गया है। एसपी ने बताया कि उक्त घर में कोई नहीं रहता है, पांच-छह बच्चे वहीं खेल रहे थे। उसमें से एक बच्चा घर के अन्दर गेंद निकालने के लिए घुसा एवं गेंद के साथ एक टेप लगा डिब्बा लेकर बाहर आया। डिब्बा खोलने के दौरान दिवार पर पटकने से विस्फोट हुआ। जिसमें पांचों बच्चे घायल हुए। ग्रामीणों के सहयोग से तत्परता पूर्वक ईलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बखरी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। उक्त खंडहरनुमा घर को सील कर दिया गया है। घर में और बम या संदिग्ध वस्तु की संभावना के मद्देनजर बम निरोधक दस्ता एवं घटित घटना की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया है। एसपी ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के संबंध में जानकारी ली है।

पूर्व मुखिया जितेंद्र सिंह की लाइसेंस रद्द, बंदूक सीज करने का आदेश

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना क्षेत्र अंतर्गत अगरेड़कला पंचायत के पूर्व मुखिया के द्वारा एक कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने उनके साथ चार अन्य लोंगो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि अगरेड़कला पंचायत के पूर्व मुखिया जितेंद्र सिंह बीते 24 नवंबर को अपने ही पंचायत में एक नृत्य कार्यक्रम में लेडीज के द्वारा ए मुखिया जी मन होखी त बोली गाने पर उनके समर्थकों के द्वारा लाइसेंसी हथियार से हर्ष फायरिंग करने का एक वीडियो वायरल होने के बाद मुखिया एवं उनके अन्य चार समर्थकों पर विधि सम्मत कानूनी प्रक्रिया के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं मंगलवार को सूर्यपुरा थाने पर कांडों का रिव्यू करने पहुंचे एसपी विनीत कुमार ने थानाध्यक्ष को इस मामले में निर्देश जारी करते हुए कहा कि मुखिया का लाइसेंस रद्द करते बंदूक को सीज करने का आदेश दिया।

वृक्षारोपण के लिए जाने जाते हैं वार्ड पार्षद

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। वार्ड 45 के वार्ड पार्षद मदन प्रसाद शाह अपने अनोखे अंदाज के लिए क्षेत्र में काफी लोकप्रिय जहां छठ पूजा में श्रद्धालुओं के बीच घर-घर दूध देना या कहे तो भक्ति की लहर दौड़ने के लिए क्षेत्र में समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान करना और जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए बराबर तत्पर रहते हैं । अभी वर्तमान में ही अपने विकास कुमार और पुत्रवधू पूजा कुमारी के शादी के उपलक्ष में रखे बहुभोज के अवसर पर जहां उन्होंने कई जगह वृक्षारोपण किया वहीं बहुभोज में पधारे अतिथियों को शाल एवं गुलदस्ता दे बड़े ही प्रेम से अपने हाथों भोजन करा अतिथि सत्कार की उनके इस अंदाज ने सभी लोगों का दिल जीत लिया जहां इस उत्सव में नगर की महापौर गरिमा देवी शिकारीया वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर अध्यक्ष राणा गुप्ता प्रवक्ता सत्यम सिंघानिया भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल पूर्व मुख्यमंत्री रेणु देवी पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी भाजपा युवा नेता राहुल कुमार नगर आयुक्त शंभू कुमार, वार्ड पार्षद शैलेश कुशवाहा, संतोष कुमार उप मेयर प्रतिनिधि रमन गुप्ता दिल्ली चित्रांश संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा पूर्व पुलिस उपाधीक्षक सह निगरानी विभाग में कार्यरत रमेश चंद्र उपाध्याय, त्यागी बाबा, रिंकी गुप्ता समेत कई विधायक और नगर के सभी वार्ड पार्षद जनप्रतिनिधियों समाजसेवी भाग लिए और उनके इस प्रयास को सराहना करते हुएं दोनों युगल जोड़ी को आशीर्वाद दिए।

सामाजिक समरसता के प्रतीक है महात्मा ज्योतिबा फुले : डॉ संत

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। माली (मालाकर) कल्याण समिति रोहतास जिला इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के न्यू मुनी सिंह मार्केट में महान सामाजिक सचेतक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए जीवन चरित्र को वर्णित किया। शहर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक सह समिति के संरक्षक डॉ. संत प्रसाद ने महात्मा ज्योतिबा फुले को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। जिसके बल पर शिक्षा का संचार हुआ। जिलाध्यक्ष संतोष भंडारी ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि जब आमजनों को शिक्षा का अधिकार नहीं था, उस समय फुले दंपति ने शिक्षा का अलख जगाया। वही समिति के महासचिव सह अधिवक्ता जयराम प्रसाद ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पुण्यतिथि समारोह में अरविंद कुमार दुबे, लल्लू पांडेय, मंटू मल्होत्रा, मिथिलेश कुमार, राहुल मालाकार, बबलू इदरीसी, असगर अली, छोटन शाह एवं सौरभ पांडेय सहित कई अन्य कई लोग उपस्थित थे।

फाइव स्टार हैचरी में मछली बीज के साथ शिमला मिर्च का भी उत्पादन शुरू

अब भोजपुरी के बाजारो आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे ताजा शिमला मिर्च

फाइव स्टार विनय सिंह

नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआव। भोजपुर जिले रन्नी फाइव स्टार हैचरी में अब मछली के बीच के साथ-साथ शिमला मिर्च का भी उत्पादन होगा। रान्नी गांव स्थित फाइव स्टार हैचरी में जहां विभिन्न प्रजाति की मछलियों का उत्पादन कर बीजों का बिक्री किया जाता है। वहीं अब हैचरी स्थित पोली हाउस में शिमला मिर्च का भी उत्पादन शुरू कर दिया गया है। इस हैचरी में उत्पादित शिमला मिर्च और भोजपुरी में आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। फाइव स्टार हैचरी मलिक बिनय सिंह ने बताया कि इस हैचरी में जहां मछली के हर प्रजातियों के बीच का उत्पादन कर क्षेत्र में मछली पलकों को बीज उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अब इस हैचरी में शिमला मिर्च का भी उत्पादन किया जा रहा है। जिसके लिए पोली हाउस का निर्माण कर वेड बनाकर तकनीकी तरीके से सिंचाई की व्यवस्था कर शिमला मिर्च के पौधों को लगाया गया। वर्तमान में एक एकड़ में शिमला मिर्च के फसल को लगाया गया है। इसके उत्पादन को देखते हुए। आगे इसकी बढ़ोतरी की जाएगी। फाइव स्टार हैचरी मलिक बिनय सिंह ने बताया कि फिलहाल उत्पादित मछलियों को मछली के बीजों को 4 लाख गंगा नदी और चार लाख सोन नदी में भी सरकार की निदेशार्नुसार छोड़ने हेतु तिथि निर्धारित किया जाएगा। वर्तमान में शिमला मिर्च का उत्पादन के लिए अन्य प्रदेशों से मजदूर को बुलाकर कार्य करा शिमला मिर्च उत्पादन हेतु बेड का निर्माण और तकनीकी सिंचाई की व्यवस्था की गई है। जिससे उत्पादन का कार्य जारी है। मिर्च के उत्पादन क्षमता को देखते हुए युवा वर्ग के क्षेत्र के किसानों को शिमला मिर्च पौधों को उपलब्ध करा उत्पादन हेतु प्रेरित भी किया जाएगा।

बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन की उपेक्षा के विरोध में आप कार्यकताओं ने दिया धरना

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। रेलवे स्टेशन पर आम यात्रियों की सुविधाओं के अभाव और विभाग द्वारा स्टेशन की उपेक्षा किये जाने को लेकर आप के कार्यकताओं ने स्टेशन परिसर में दिया एक दिवसीय धरना। धरना का नेतृत्व पार्टी के पूर्व जिला सचिव सह काराकाट विधानसभा के पूर्व प्रभारी निर्भय कुमार सिंह ने किया। धरना स्थल पर एक सभा की गई। जिसे संबोधित करते हुए लोगों ने बिक्रमगंज स्टेशन पर ट्रेन संख्या 18639/18640 आरा झ राँची झ आरा एक्सप्रेस का ठहराव देने तथा देश के महानगरों को जाने वाले नये रेलों का बिक्रमगंज से होकर परिचालन शुरू करने की माँगें रखी।कहा कि कई पत्र रेलमंत्री, भारत सरकार; महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर; मंडल रेल प्रबंधक, पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल, मुगलसराय; स्टेशन प्रबंधक को दिया गया। पत्र के आलोक में स्टेशन पर विकास के कार्य शुरू हुए हैं और रेलवे ने पत्र द्वारा सूचित भी किया है। जिसके लिए उन्होंने रेलवे का आभार व्यक्त किया है। परन्तु उपरोक्त अन्य दो माँगों पर विभाग द्वारा न तो समूचित व्यवस्था की गयी है और न ही उनके भेजे पत्रों में संतोषजनक उत्तर दिया गया है। एक माह पूर्व ही पत्र द्वारा माँगे नहीं माने जाने पर धरना-प्रदर्शन करने की सूचना विभाग एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को दे दिया गया था। आरा-राँची-आरा बिक्रमगंज से होकर जाती है, लेकिन ठहराव नहीं होने के कारण यहाँ के लोगों को उसका कोई लाभ नहीं मिलता है। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष तथा काराकाट लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी गुलाम कुन्दनम ने कहा कि देश की आम जनता को दिखावे वाले कुछ रेल नहीं बल्कि पर्याप्त आम ट्रेनें चाहिए ताकि वे सुविधाजनक, ससमय और जरूरत के अनुसार गंतव्य स्थान की यात्रा रेल से कर सकें। बिक्रमगंज से दिल्ली जाना हो तो कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। इस क्षेत्र के बहुत सारे लोग महानगरों में नौकरी या अन्य कार्य करते हैं, उन्हें आने जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। दोनों माँगों को लेकर धरना-प्रदर्शन के दौरान स्टेशन प्रबंधन को ज्ञापन देकर पुनः माँग की गयी। इसके बाद भी माँगें नहीं मानी जाती है तो आगे बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। धरना कार्यक्रम में डॉ सौरभ कुमार, सैयद शेर जहां, कृष्ण कुमार सिंह, राम मुरत सिंह, बिनोद कुमार, सत्येंद्र कुमार, रामजी पांडेय, सद्दाम, बृज बिहारी सिंह, अवधेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

मसौढी के ऐतिहासिक गांधीमैदान में फुटबॉल मैच खेला गया

मसौढ़ी। में मंगलवार को ओल्ड फ्रेंड्स क्लब मसौढ़ी के संस्थापक वली साहब की याद में मंगलवार को ओल्ड फ्रेंड्स क्लब के द्वारा मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में एकदिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्या एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर राहुल चंद्र द्वारा किया गया वह उद्घाटन मसौढ़ी विधायक का रेखा देवी एवं फुलवारी विधायक। गोपाल रविदास एवं मंच संचालन समाजसेवी विश्वरंजन सर के द्वारा किया गया द्वारा किया गया। सिंह 11 पटना एवं ओल्ड फ्रेंड्स क्लब मसौढी के बीच खेला गया इस रोमांचक मुकाबला में दोनों टीम बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लेकिन मुकाबला बराबरी रहा । वहीं अतिथिओं के बीच बली अहमद साहब के स्मारिका का विमोचन किया गया फ्रेंड्स क्लब के संयुक्त सचिव इम्तियाज अहमद ने बताया कि खेल से आपसी शांति सद्भावना और भाईचारा कायम होती है। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र नाथ शर्मा, जदयू नेत्री खुशबू कुमारी, पलटन सिंह, अफराज साहिल, महेंद्र सिंह अशोक, नवल भारती एवं समाजसेवी मौजूद रहे।कर्यक्रम के अध्यक्ष ता विद्या एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक राहुल चंद्र ने किया।

नवपदस्थापित इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष का उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। नासरीगंज थाना में नवपदस्थापित इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार का उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि लोगों की सेवा और सुरक्षा मेरी प्राथमिकता होगी। शराबबंदी अभियान व अपराध नियंत्रण पर पूर्ण रूप से लगाम लगाया जाएगा। थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त व नशा मुक्त को सफल बनाना हमारी प्राथमिकताओ में पहली रहेगी। वहीं उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय ने कहा कि नये थानाध्यक्ष से हम सभी को काफी उम्मीदें हैं। हम सभी नए थानाध्यक्ष से मिलकर काफी खुश हैं।

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है: डॉ निर्मल कुशवाहा

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्थान दीपदान हवन यज्ञ आदि करने से सांसारिक पाप और ताप का समन होता है उक्त बातें जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा ने मयूर नवयुवक क्लब राधे गोविंद मंदिर शिवगंज के द्वारा छठ पूजा गेट निर्माण तथा घाट पर व्यवस्था करने के उपरांत हर साल की भांति कार्तिक पूर्णिमा के दिन भजन कीर्तन के फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा सबसे महत्वपूर्ण पूर्णिमा में से एक है सनातन धर्म में हर पूजा का विशेष महत्व है उन्होंने मयूर नवयुवक क्लब के सभी सदस्यों को छठ गेट एवं घाट पर व्यापक व्यवस्था के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। डेहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने कहा कि मयूर नवुक क्लब के द्वारा छठ पर्व के बाद हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन भजन कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है उन्होंने कमेटी के सदस्यों को भूरी भूरी प्रशंसा की साथ साथ ही डॉ निर्मल कुशवाहा को गरीबों का सहयोगी बताया वही भजन कीर्तन की शुरूआत व्यास अवधेश चौधरी रामप्रसाद चौधरी के द्वारा की गई। क्लब के शक्ति सिंह द्वारा अतिथियों को फूलों का माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर अखिलेश सिंह क्लब के अध्यक्ष पिंटू सिंह, शक्ति यादव, दीपक सिंह, विनोद सिंह कइल मिस्त्री, प्रकाश चौधरी धनजी पासवान टाइगर बबलू विशाल दीपक कुमार प्रकाश आकाश क्रांति यादव सहित मयूर नवुक क्लब के सदस्य व ग्राम वासी उपस्थित थे।

संपादकीय

सज गया मुफ्त का बाजार

मुफ्त के ऑफर्स के प्रति हम भारतीयों का आकर्षण कुछ ज्यादा ही है। यही वजह है कि सारे ब्रैंड्स एक के साथ एक फ्री के ऑफर के साथ हमें लुभाते रहते हैं। फैशन ब्रैंड्स दो जींस पर तीसरी फ्री दे रहे, फूड डिलीवरी ऐप एक पिज्जा पर दूसरा फ्री तो ग्रॉसरी वाले पांच हजार के सामान पर पांच किलो चीनी मुफ्त में दे रहे। अपने खोए हुए दर्शक वापस पाने की चाह में सिनेमाघर वाले एक के साथ दूसरी टिकट फ्री दे रहे तो तमाम ओटीटी प्लैटफॉर्म मुफ्त में फिल्में और क्रिकेट दिखा रहे हैं। अभी विश्व कप क्रिकेट के राइट्स पाने वाले हॉटस्टार ने मोबाइल पर सारे मैच फ्री कर दिए। हर दूसरा शख्स चलती ट्रेन, बस, मेट्रो या ऑटो में मैचों का लुत्फ उठाता दिखा। इससे पहले जिओ सिनेमा ने भी पूरा आईपीएल मोबाइल पर फ्री दिखाकर करोड़ों दर्शक और रुपये एक साथ जुटा लिए थे। उससे मिल रहे कड़े मुकाबले और सब्सक्राइबर्स की तेजी से घटती संख्या के चक्कर में हॉटस्टार को भी ऐसा करना पड़ा, जिसका उसे भरपूर फायदा भी हुआ। हर मोबाइल में एक बार फिर उसका ऐप आ गया और करोड़ों की कमाई भी। इस खेल की शुरुआत कुछ साल पहले जिओ ने ही की थी, अनलिमिटेड इंटरनेट के साथ मुफ्त में अपना सिम देकर। यह ऐसा दांव था, जिससे एक झटके में उसका सिम देश के लगभग हर मोबाइल में पहुंच गया। फ्री इंटरनेट से जब लोग मोबाइल एडिक्ट बन गए तो उसने झट से इस पर चार्ज लगा दिया। अब ठीक वही काम वह मुफ्त में क्रिकेट सीरीज, वेब सीरीज और नई फिल्में परोसकर कर रहा है। जब हर मोबाइल में उसका ऐप आ जाएगा और लोगों को आदत लग जाएगी, तब उनसे रकम वसूलना शुरू होगा। अब तो तमाम राजनीतिक दल भी फ्री के इस खेल में कूद चुके हैं। पांच राज्यों में चुनाव लड़ रहे दलों में मुफ्त में चीजें बांटने की होड़ सी मची हुई है। दिल्ली से शुरू हुआ फ्री बिजली, पानी का सिलसिला अब सस्ते सिलिंडर, बस में मुफ्त सफर, मुफ्त अनाज, लैपटॉप, मोबाइल, बेरोजगारी भत्ता, कर्ज.माफी से लेकर अकाउंट में कैश डालने तक पहुंच चुका है। कर्नाटक में ऐसे वादों का कांग्रेस को फायदा हुआ तो अब वह मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी इसे आजमा रही है। राजस्थान में वह इसके जरिए एंटी इनकम्बेंसी को मात देने की कोशिश कर रही है। कुछ ऐसा ही सपना मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाडली बहन योजना के जरिए देख रहे हैं। महिलाओं के अकाउंट में एक निश्चित रकम डाले जाने की इस स्कीम का अमाउंट उन्होंने चुनाव से ऐन पहले बढ़ा दिया। उधर, कोविड के समय करोड़ों लोगों को मुफ्त बांटे जाने वाले अनाज की स्कीम को केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। मुफ्त में कुछ न कुछ पाने की हमारी चाहत को भुनाने से कोई राजनीतिक दल चूकना नहीं चाहता, भले ही इसके लिए राज्य का खजाना खाली क्यों न हो जाए। और हो भी यही रहा है। इसीलिए चुनावों में किए जाने वाले ऐसे वादों पर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जताते हुए कह चुका है कि अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान और लोककल्याण में एक बैलेंस बनाने की जरूरत है। कोर्ट के आदेश पर 2015 में चुनाव आयोग ने दलों और प्रत्याशियों के लिए आचार संहिता भी बनाई लेकिन ऐसे लुभावने वादे पेश करने पर कोई रोक नहीं लग पायी।

सामयिकी

नगर-निगम चुनाव में विधायकों को मताधिकार का औचित्य

प्रेम कुमार धूमल

कई बार क्षणिक लाभ के लिये हम ऐसे निर्णय ले लेते हैं, जिनके परिणाम दूरगामी होते हैं और इसके कारण या तो बाद में निर्णय बदलना पड़ता है या ऐसे निर्णय के दुष्प्रभाव का सारी व्यवस्था पर असर पड़ता है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है, जिसमें लगता है कि शायद उसके दूरगामी प्रभावों पर विचार नहीं किया गया है। इस निर्णय के अनुसार नगर निगमों के महापौर और उपमहापौर के चुनाव में स्थानीय विधायकों को भाग लेने और मतदान करने का अधिकार दिया गया है, शायद यह निर्णय कानून की कसौटी पर सही नहीं उतरेगा। इस निर्णय के परिणामस्वरूप यदि महापौर और उपमहापौर के चुनाव में विधायकों को मतदान का अधिकार होगा तो फिर क्या जब नगर परिषदों, नगर पंचायतों, जिला परिषदों, पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा तो उस में भी विधायकों को मतदान का अधिकार होगा? क्या विधान सभा का चुनाव जीत कर विधायक को विधान सभा के अतिरिक्त स्थानीय निकायों ओर पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में मतदान का अधिकार मिल जायेगा? इसी के आधार पर सांसदों को यह अधिकार होगा कि उनके चुनाव क्षेत्र में आने वाले सभी नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पंचायतों, जिला परिषदों, पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में सांसद भी अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। फिर मामला केवल पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के मुखिया चुनने तक ही सीमित नहीं होगा। फिर सांसद को अपने राज्य में मुख्यमन्त्री के चुनाव में मतदान करने का अधिकार मांगने से कैसे रोका जा सकेगा और यह प्रश्न केवल एक राज्य तक सीमित नहीं होगा, राष्ट्रीय स्तर पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। इसीलिये मैंने कहा कि क्षणिक लाभ के लिये दूरगामी परिणामों वाले निर्णय लेने में पूरा विचार विमर्श होना चाहिए। एक दो नगर निगमों के महापौर और उपमहापौर के चुनाव के लालच के साथ साथ प्रदेशव्यापी और राष्ट्रव्यापी परिणामों को भी ध्यान में रखना चाहिए। ऐसे निर्णय तर्कसंगत नहीं होते, संविधान निर्माताओं ने इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए नेता अर्थात प्रधानमन्त्री (सरकार का मुखिया) का चुनाव करने का अधिकार केन्द्र में केवल लोक सभा के सांसदों को दिया है, राज्य सभा के सांसदों को यह अधिकार नहीं है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार का मुखिया, मुख्यमन्त्री विधान सभा के विधायक चुनते हैं विधान परिषद सदस्यों को यह अधिकार नहीं है। इसलिये नये आदेशानुसार चुने गये महापौर और उपमहापौर का चयन क्या कानून की कसौटी पर न्यायालय में टिक पायेगा? यह महत्वपूर्ण प्रश्न रहेगा।

(लेखक हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं।)

क्यों इतनी घुमक्कड़ी करने लगे हिन्दुस्तानी

आरके सिन्हा

> **कुछ साल पहले तक राजधानी के दिल कनॉट प्लेस में बड़ी तादाद में विदेशी घूम रहे होते थे। अब विदेशी वहां बड़ी मुश्किल से दिखाई देते हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रमुख शो-रूम के स्वामी ने बताया कि कनॉट प्लेस में घूमने वाले भिखारी विदेशी पर्यटकों को बहुत परेशान करते हैं। इसलिए उन्होंने यहां आना ही बंद कर दिया है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर भारत को अपने यहां विदेशी पर्यटकों की आवक को बढ़ाना है तो उसे पर्यटकों के हितों का ध्यान देना होगा।**

आप देश के किसी भी हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन पर चले जाएं। आपको वहां पर एक जैसा नजारा ही देखने में आएगा। आने-जाने वाले मुसाफिरों की भीड़ नजर आएगी। लगता है कि सारा देश ही घूमने के मूड में है। जैसे ही दफ्तरों में दो-तीन दिन के एक साथ अवकाश आते हैं तो लोग उन छुट्टियों में कुछ और छुट्टियों को जोड़कर किसी पर्यटक स्थल के लिए निकल जाते हैं। उन्हें समुद्री तट से लेकर पहाड़ और अभयारण्यों से लेकर धार्मिक स्थल तक सबकुछ ही पसंद आ रहे हैं। एक बात और कि भारतीय सिर्फ देश के अंदर ही घूमकर संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें देश से बाहर जाना भी अच्छा खासा रास आ रहा है। बुकिंग डॉट कॉम के एक निष्कर्ष के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में करीब दो करोड़ हिन्दुस्तानी देश से बाहर घुमक्कड़ी के लिए निकले। यह कोई छोटा-मोटा आंकड़ा नहीं है। भारतीय लंदन, पेरिस, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन और दूसरे शहरों के अलावा केन्या, नाइजीरिया, तंजानिया, दुबई, सिंगापुर,वियतनाम, सिडनी मेलबोर्न, पर्थ, हॉन्गकॉन्ग वगैरह जा रहे हैं। दुबई और सिंगापुर के बाजारों में घूमते हुए तो लगता है कि आप किसी भारतीय शहर में ही हैं। वहां पर हजारों भारतीय रोज पहुंच रहे हैं।

दरअसल आर्थिक उदारीकरण के बाद हिन्दुस्तानियों की आर्थिक स्थिति सुधरी तो उन्होंने भी मन ही मन दुनिया को देखने का फैसला भी कर लिया। अब हिन्दुस्तानी कमाए हुए पैसे को गांठ में बांधने भर के लिए राजी नहीं है। उन्हें तो घूमना है। याद नहीं आता कि अब से पहले कब हिन्दुस्तानी आजकल की तरह से घूमने के लिए घर से निकले थे। बेशक, दुनिया को जानने के लिए यायावरी जरूरी है। आप अगर घूमेंगे ही नहीं तो दुनिया को जानेंगे-समझेंगे कैसे। घुमक्कड़ी की चर्चा होगी तो राहुल सांकृत्यायन जी का नाम तुरंत जेहन में आएगा। वे सदैव घुमक्कड़ ही रहे। उनकी सन् 1923 से विदेश यात्राओं का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर इसका अंत उनके जीवन के साथ ही हुआ। ज्ञानार्जन के उद्देश्य से प्रेरित उनकी यात्राओं में श्रीलंका, तिब्बत, जापान और रूस की यात्राएं विशेष हैं। वे चार बार तिब्बत पहुंचे। वहां लम्बे समय

तक रहे और भारत की उस विरासत को जाना, जो हमारे लिए अज्ञात और विस्मृत हो चुकी थी। वे 1907 में घर से भागकर चार मास तक कोलकाता में रहे। वे काशी में भी रहे। उन्होंने वहां रहकर संस्कृत का अध्ययन किया। वे पैदल ही अयोध्या होते हुए मुरादाबाद पहुंचे और वहां से हरिद्वार गए। हरिद्वार से हिमालय, देवप्रयाग, टिहरी, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा की। फिर प्रयाग की प्रदर्शनी देखने के लिए घर से निकल गए।

गांधी जी भी बहुत बड़े घुमक्कड़ थे। वे रेलों से खूब सफर किया करते थे। घुमक्कड़ी के चलते उन्होंने देश के चप्पे-चप्पे को देखा और भारत को जाना। गुरु नानक देव जी ने 24 साल में दो उपमहाद्वीपों के 60 प्रमुख शहरों की पैदल यात्रा की। इस दौरान उन्होंने 28 हजार कि.मी. का सफर किया। उनकी यात्राओं का मकसद समाज में मौजूद ऊंच-नीच, जात-पांत, अंधविश्वास आदि को खत्म कर आपसी सद्भाव, समानता कायम करना था। वे जहां भी गए, एक परमात्मा की बात की और सभी को उसी की संतान बताया। बाबा नानक अपनी पहली यात्रा के दौरान पंजाब से हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, सिक्किम, भूटान, ढाका, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, चटगांव से होते हुए बर्मा (म्यांमार) पहुंचे वहां से वे ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा होते हुए वापस आए थे। तो भारत में प्राचीनकाल से ही यायावरी करने वाले रहे हैं।

यूं तो सारा भारत अब घुमक्कड़ हो चुका है, पर इस मोर्चे पर गुजराती और बंगाली बाकी से अब भी कुछ आगे ही हैं। आपको देश और देश से बाहर गुजराती पर्यटक मिलेंगे। गुजराती दुनियाभर में बसे भी हुए हैं। अमेरिका से लेकर अफ्रीका तक में। मुझे याद है कि एक बार मैं मिस्र की राजधानी काहिरा में पिरामिडों को निहार रहा था। वहां पर बहुत सारे गुजरती भी आ रहे थे बसों में। उनमें महिलाएं और बच्चे भी थे। मैंने एक महिला से पूछा- ह्यक्या आप भारत के गुजरात प्रांत से हैं? उस महिला का उत्तर था- ह्यहम गुजराती हैं पर केन्या के ह्र फिर उसने मुस्कराते हुए कहा कि ह्यहम लोग केन्या में दशकों पहले बस गए थे। हालांकि हमारी भाषा और संस्कार पूरी तरह से गुजरात की धरती के हैं ह्र आप बंग भाषियों को भी दूर-सुदूर की खाक छानते हुए देखेंगे।

खुशवंत सिंह कहते थे कि आप ज्ञान अर्जित दो तरह से कर सकते हैं- पहला, पढ़कर और दूसरा, घूमकर। यह बात पूरी तरह से सही है। आप जब किसी अन्य स्थान पर जाते हैं तो आपको वहां के लोगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जानने का भी मौका मिलता है। घुमक्कड़ी किसी भी इंसान को समृद्ध बनाती है। मैं हाल के दौर में इस तरह के बहुत सारे लोगों के संपर्क में आया हूं, जो समय-समय पर देश के अलग-अलग भागों जाते हैं। कभी-कभी देश से बाहर निकल जाते हैं। उनसे बात करके लगता है कि घुमक्कड़ी उन्हें बेहतर इंसान बना रही है। घुमक्कड़ी का मतलब सिर्फ खानपान ही नहीं होना चाहिए। हालांकि कुछ लोग इसलिए भी सफर पर निकल जाते हैं ताकि उन्हें भांति-भांति के डिशेज के साथ न्याय करने का मौका मिल जाता है। घुमक्कड़ी का लक्ष्य सिर्फ पेट पूजा नहीं होना चाहिए।

आपको नई-नई जगहों के समाज और संस्कृति को भी समझना होगा। अगर भारत से लोग बाहर जा रहे हैं तो बाहर से भारत में पर्यटक आ भी रहे हैं। जानकारों के अनुसार, कोरोना के असर से ठीक एक साल पहले साल 2019 में भारत में लगभग 1. 93 करोड़ विदेशी पर्यटक आए। उसके बाद से भारत में विदेशी पर्यटकों के आने का सिलसिला 75 फीसद तक गिरा। चूंकि अब हालात सामान्य हो चुके हैं, इसलिए भारत में विदेशी पर्यटकों की आवक को बढ़ाना होगा। भारत में ताजमहल, गुलाबी नगरी जयपुर, पहाड़ों की रानी दार्जिलिंग, असीमित जल का क्षेत्र कन्याकुमारी, पृथ्वी का स्वर्ग कश्मीर समेत अनगिनत अहम पर्यटन स्थल हैं। हमारे यहां भगवान बुद्ध से जुड़े अनेक अति महत्वपूर्ण स्थल हैं। भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। आखिर हम बौद्ध की भूमि होने के बावजूद दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों को आकर्षित करने में क्यों असफल रहे।

कुछ साल पहले तक राजधानी के दिल कनॉट प्लेस में बड़ी तादाद में विदेशी घूम रहे होते थे। अब विदेशी वहां बड़ी मुश्किल से दिखाई देते हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रमुख शो-रूम के स्वामी ने बताया कि कनॉट प्लेस में घूमने वाले भिखारी विदेशी पर्यटकों को बहुत परेशान करते हैं। इसलिए उन्होंने यहां आना ही बंद कर दिया है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर भारत को अपने यहां विदेशी पर्यटकों की आवक को बढ़ाना है तो उसे पर्यटकों के हितों का ध्यान देना होगा।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

काशी की देव दीपावली और वैश्विक कीर्तिमान



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

> **मेहमानों ने नमो घाट से क्रूज पर सवार होकर देव दीपावली के भव्य नजारे को कैद किया। भारतीय परम्परा के अनुसार मेहमानों का एयरपोर्ट पर परम्परागत तरीके से टीका लगाकर व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। एयरपोर्ट सहित विभिन्न स्थानों पर लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।**

अयोध्या में भव्य श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन की तिथि निकट आ रही है। जनवरी में होने वाले इस भव्य उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या और काशी में दीप उत्सव का अद्भुत उत्साह दिखाई दिया। अयोध्या दीपोत्सव और काशी में देव दीपावली के वैश्विक कीर्तिमान कायम हुए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सत्तर देशों के राजदूत, विदेशी डेलीगेट और उनके परिजन देव दीपावली के अविस्मरणीय पलों के साक्षी बने। ऐसा पहली बार हुआ। देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है। इसे देखने विश्व भर के पर्यटक आते हैं।

आध्यात्मिकता के साथ राष्ट्रवाद व सामाजिकता की भी झलक देव दीपावली में दिखाई दी। दशाश्वमेध घाट की आरती रामलला को समर्पित हुई। यहां रामलला व राम मंदिर की झलक प्रदर्शित की गई। इक्कीस अर्चक व इक्यावन देव कन्याएं रिद्धि सिद्धि के रूप में दशाश्वमेध घाट पर महाआरती में सहभागी हुईं। दीपावली के पंद्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा पर देवताओं की दीपावली होती है। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व को मनाने के लिए देवता स्वर्ग से काशी के पावन गंगा घाटों पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं। वो महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यह पर्व काशी की प्राचीन संस्कृति का के अनुरूप है। देव दीपावली का वर्णन शिव पुराण में भी मिलता है। इसके अनुसार जब कार्तिक मास में त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने देवताओं पर

अत्याचार शुरू किया और उनको मारने लगा तब भगवान विष्णु ने इस क्रूर राक्षस का वध इसी दिन किया। तब देवताओं ने दीपावली मनाई थी। गंगा के तट पर पच्चासी घाटों पर इस साल योगी सरकार की ओर से बारह लाख और जन सहभागिता से मिलकर कुल लगभग बाईस लाख से अधिक दीप घाटों, कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर प्रज्ज्वलित किए गए। गंगा पार रेत पर भी दीपक रोशन हुए। काशी के घाटों के इस अद्भुत दृश्य को देखने देश-विदेश से पर्यटक काशी आते हैं। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद हुई है। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस,नाव, बजड़ा, बोट व क्रूज लगभग पहले से बुक और फुल हो गए थे। सरकार ने चेत सिंह घाट पर लेजर शो की व्यवस्था की। काशी के घाटों के किनारे सदियों से खड़ी ऐतिहासिक इमारतों पर धर्म की कहानी लेजर शो के माध्यम से जीवंत हुई। पर्यटकों ने गंगा पार रेत पर शिव के भजनों के साथ क्रैकर्स शो का भी आनंद लिया। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त द्वारा ग्यारह टन फूलों से सजाया गया। गंगा द्वार पर लेजर शो के माध्यम से श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पर आधरित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास और संस्कृति की गरिमा के प्रति कटिबद्ध रहते हैं। काशी में इन दोनों तथ्यों का महत्व है। यह विश्व की सर्वाधिक प्राचीन नगरी है। बाबा भोलेनाथ का धाम है। प्राचीन काल से सांस्कृतिक राजधानी के रूप में इसकी प्रतिष्ठा रही है।

योगी आदित्यनाथ इसे विश्व स्तरीय तीर्थाटन व पर्यटन केंद्र बनाने की कार्ययोजना पर कार्य कर रहे हैं। भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी में अर्धचंद्राकार घाटों पर होने वाले भव्य देव दीपावली आयोजन की पहचान अब प्रदेश के मेले के रूप में है। प्रदेश सरकार ने देवताओं के उत्सव देव दीपावली को राजकीय मेला घोषित कर दिया है। घाटों पर देव दीपावली के आयोजन के लिए सजाने और संवारने का कार्य भव्य तरीके से किया गया।

योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी के नमो घाट पर भव्य देव दीपावली का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके साक्षी सत्तर देशों के राजदूतों और डेढ़ सौ विदेशी डेलीगेट्स और परिजन बने। सभी ने देव दीपावली के अद्भुत एवं अकल्पनीय आयोजन को निहारा। मेहमानों को विवेकानंद क्रूज से देव दीपावली और गंगा पार होने वाली आतिशबाजी का नजारा दिखाया गया।

मेहमानों ने नमो घाट से क्रूज पर सवार होकर देव दीपावली के भव्य नजारे को कैद किया। भारतीय परम्परा के अनुसार मेहमानों का एयरपोर्ट पर परम्परागत तरीके से टीका लगाकर व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। एयरपोर्ट सहित विभिन्न स्थानों पर लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। नमो घाट पर भी उनका स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया। मेहमानों के स्वागत के लिए रास्तों और चौराहों को सजाया गया।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

सियासत: पनौती का भौकाल और भौकाल की पनौती..!

अजय बोकिल

> **चुनाव प्रचार में पीएम मोदी के लिए 'पनौती' का प्रयोग भाजपा द्वारा राहुल के लिए अब किए जाते रहे पप्पू शब्द का सियासी जवाब है। जो दूसरा शब्द इन दिनो राजनीतिक स्क्रीन पर खूब ट्रेंड हुआ है और वो है भौकाल। इसके बारे में कहा जाता है कि यह उत्तर प्रदेश और खासकर लखनऊ और अवध के इलाके की बोली का शब्द है।**

शब्द लोक से उपजते हैं, लेकिन राजनीति उन्हें नए अर्थ और आयाम देती है। इन दिनो दो नितांत देशज शब्दों पर जमकर सियासत हो रही है और ये सियासत भी नकारात्मक है। ये शब्द हैं पनौती और भौकाल। साहित्य और बोलचाल में ये शब्द एकदम नए नहीं हैं, लेकिन सियासत में इनका इस्तेमाल अब एक दूसरे का नकाब उतारने के लिए उसी रूप में हो रहा है, जो शायद इन शब्दों का मूल भाव है। यानी पनौती में भी भौकाल देखा जा रहा है और भौकाल के भीतर छिपी पनौती से डराया जा रहा है। अलबत्ता दो बातें गौर करने लायक है कि आज के जमाने में राजनीति की भाषा हिंदी के देशज मुहावरे की ओर लौट रही है और उतनी ही मारक भी है। इसकी सचाई पर बहस हो सकती है, लेकिन दिलचस्प बात ये है कि इन शब्दों का प्रयोग उन राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की ओर से हुआ है, जिनकी हिंदी पर पकड़ को लेकर अक्सर सवाल उठाए जाते रहे हैं। हिंदी में पनौती शब्द नया नहीं है। लेकिन राजनीतिक भाषा में इसके प्रयोग कुछ नया है। पनौती हिंदी के पन शब्द में औती प्रत्यय को जोड़कर बना है। इसका भावार्थ किसी भी व्यक्ति के अपशकुनी अथवा अमंगल होने से है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान कि कहा कि अच्छा भला वहां पे हमारे लड़के आईसीसी वर्ल्ड कप जीत जाते... वहां पर पनौती ने हरवा दिया। टीवी वाले ये नहीं कहेंगे मगर जनता जानती है।' राहुल के इस कमेंट पर चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस थमा दिया। हालांकि इसके पहले मोदी ने राहुल को मूर्खों का सरदार बताया था और राहुल द्वारा मोदी को पनौती बताने पर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने राहुल को राष्ट्रीय शर्म तक कहा था। भाजपा ने इस शब्द प्रयोग के लिए राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा तो उधर असम के मुख्यमंत्री और पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वास सरमा ने 'पनौती' के लिए पूरे गांधी परिवार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि 'गांधी फैमिली के जन्मदिन पर देश में कोई शुभ काम हो ही नहीं सकता।' संयोग से 19 नवंबर को वर्ल्ड कप फाइनल वाले दिन इंदिरा गांधी की जयंती थी। इसी संदर्भ में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने उम्मीद जतायी थी कि इस मौके पर टीम इंडिया ही चैंपियन बनेगी। इसमें यह छुपा संदेश भी था कि 1983 में जब भारतीय क्रिकेट टीम पहली बार वन डे वर्ल्ड चैंपियन बनी थी, तब इंदिरा गांधी ही देश की प्रधानमंत्री थीं। जवाब में भाजपा आईटी सेल की ओर से कहा गया कि 1982 में नई दिल्ली में हुए एशियाई खेलों में हॉकी के सेमी फाइनल में पाकिस्तानी टीम ने भारत को 7-1 से हराया था। उस वक्त स्टेडियम में पीए इंदिराजी और भावी पीएम राजीव गांधी मौजूद थे। भाजपा का सवाल था कि प्रतिप्रश्न किया कि यहां पनौती किसे कहेंगे?

यूं किसी की मौजूदगी भर को हार जीत से जोड़ना टोटका हो सकता है, तार्किक आधार नहीं। फिर भी राहुल ने जो कहा वह सीधा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी आत्ममुग्ध कार्यशैली पर हमला था, क्योंकि फाइनल मैच में मोदी खुद स्टेडियम में मौजूद थे। राहुल की

मानें तो पीएम मोदी की उपस्थिति भारतीय टीम के लिए अशुभ साबित हुई और वो पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेलने के बाद भी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मात खा गई। 140 करोड़ लोगों के अरमानों पर पानी फिर गया। इस आरोप में छिपा संदेश यही था कि मोदी की मौजूदगी देश के लिए शुभ नहीं है। यह आरोप अपने आप में राजनीतिक गुगली थी, जिसके जरिए प्रधानमंत्री के जनसमर्थन का स्टम्प उखाड़ने की कोशिश की गई। राहुल के इसी आरोप को तमाम विपक्षी पार्टियों ने अपने ढंग से दोहराया। शिवसेना (उद्धव) और ममता बैनर्जी ने कहा कि यदि फाइनल मैच मुंबई या कोलकाता में होता तो टीम रोहित हर हाल में जीतती। हालांकि इस सवाल का कोई जवाब नहीं है कि यदि ऐसा होता भी तो क्या पीएम मोदी वहां भी जाते और जाते तो नतीजा क्या अहमदाबाद से अलग आता? दबी जबान से यह आरोप भी सामने आए कि अहमदाबाद में भारतीय टीम की संभावित जीत को राजनीतिक श्रेय में बदलने की पूरी तैयारी थी, जिसे टीम कमिंस ने पहले ही ध्वस्त कर दिया। कहा यह भी गया कि नमो स्टेडियम की जिस पिच नंबर पांच पर फाइनल मैच हुआ, उसी ने ऐन वक्त पर दगा दे दिया। वरना वर्ल्ड कप विजेता का सेहरा भारतीय टीम के सिर ही बंधता। चूंकि फाइनल नरेन्द्र मोदी के गृहराज्य अहमदाबाद के नमो स्टेडियम में रखा गया, पीएम वहां खुद मौजूद रहे, इसीलिए भारतीय टीम पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक दबाव बना, इसीलिए भारत विश्व विजेता बनते बनते रह गया। यानी कि छक्के के लिए मारा जाने वाला शॉट भी बाउंड्री पर कैच हो जाए तो वह हार की पनौती है। हालांकि टीम रोहित की हार के बावजूद प्रधानमंत्री ने ड्रेसिंग रूम में जाकर भारतीय खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की सदाशयता जरूर दिखाई।

वैसे सुधि लोगों का मानना है कि नेताओं को खेलों से दूर ही रहना चाहिए, क्योंकि खेल से प्रतिष्ठा और पैसा मिल सकता है, वोट नहीं। वो चाहें तो जीत-हार के बाद खिलाड़ियों से मिल सकते हैं। दरअसल नेताओं के खिलाड़ियों को चीयर करने और आम खेल प्रेमियों के चीयर करने में बुनियादी फर्क यह है कि नेता चीयर करते- करते खुद चीयरलीडर बनने का मोह नहीं टाल पाते, जबकि आम खेल प्रशंसक अपनी चहेती टीम को भी प्रभु के प्रसाद की तरह ही ग्रहण करता है। इसलिए राजनीतिक पनौती और साधारण पनौती में फर्क है। पनौती दुर्भाग्य की धारणा को मूर्त रूप देने का दुराग्रह है। वह असल में एक लक्षित सिर है, जिस पर हार, अपयश अथवा विनाश का ठीकरा फोड़ा जा सकता है। वैसे यह काम भाजपा राहुल गांधी को लेकर बहुत पहले से करती आ रही है। लेकिन वह पनौती शब्द के इस्तेमाल से बचती रही है। अब राहुल ने (हालांकि वो हिंदी के इस देशज शब्द की मार को कितना ठीक से समझते हैं, पता नहीं) इसी ब्रह्मास्त्र का उपयोग अपने चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ किया। भाजपा इस आरोप से बिलबिला गयी है और अब राजनीतिक शब्दावली में 'पनौती' कई प्लेटफार्मों और सोशल मीडिया में खूब ट्रेंड कर रहा है। प्रसिद्ध लेखिका मालती जोशी की एक कहानी है- मैं चुनौती हूं, पनौती नहीं। इसमें नायिका अपने संघर्ष और दृढ़ संकल्प से आर्थिक संकटों से घिरे परिवार को बखूबी संभालती है, जबकि उसका पति और ससुराल वाले आर्थिक बदहाली के लिए उसे ही जिम्मेदार ठहराते हैं। कुछ राजनीतिक भाषा विज्ञानियों का मानना है कि चुनाव प्रचार में पीएम मोदी के लिए 'पनौती' का प्रयोग भाजपा द्वारा राहुल के लिए अब किए जाते रहे पप्पू शब्द का सियासी जवाब है। जो दूसरा शब्द इन दिनो राजनीतिक स्क्रीन पर खूब ट्रेंड हुआ है और वो है भौकाल। इसके बारे में कहा जाता है कि यह उत्तर प्रदेश और खासकर लखनऊ और अवध के इलाके की बोली का शब्द है। भौकाल का अर्थ है बनावटी रूतबा.. मरतबा या हनक। जानकारों के मुताबिक भौकाल बनाया जाता है, मचाया जाता है और दिखाया भी जाता है। यानी खुद को बढ़ाचढ़ाकर पेश करने की कोशिश। दूसरे शब्दों में कहें तो भौकाल किसी शख्स का ऐसा जलवा है, जिसका निगेटिव एप्रिसियेशन किया जाता है। भाषा शास्त्री इसका अर्थ 'समय को संबोधित' (भो+काल) करने से जोड़ते हैं। कहते हैं कि राजनीति में इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले स्व. मुलायम सिंह की बहू अपर्णा यादव ने एक दशक पहले तत्कालीन अखिलेश सरकार की कार्य शैली पर कटाक्ष के रूप में किया था। उन्होंने कहा था कि 'यूपी में तो बस भौकाल मंत्रालय चलता है। लोगों का अटेंशन अपनी ओर खींचना ही अगर भौकाल है तो अवश्य ही मैं भौकाली हूं।' अब इसी शब्द का उपयोग प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मुझसे बड़ी गाड़ी में बैठने का अनुरोध किया। मैंने पूछा कि क्यों तो जवाब मिला कि दीदी आजकल भौकाल (दिखावे) की राजनीति है। जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।

एक नजर

झारखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन पहुंचे धनबाद गौशाला का किया निरीक्षण

धनबाद। मंगलवार को झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद धनबाद पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित कांग्रेस जनों के साथ बस्ताकोला, मटकुरिया, गौशालाओं का किया निरिक्षण। निरिक्षण के दरम्यान झारखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के साथ जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव सिंहा, रत्नेश यादव गौतम पासवान, गोपाल निषाद, मुरली धर पोद्दार, सारदा सिंह, महेंद्र कुमार अग्रवाल, द्वारिका प्रसाद गोएनका, शिव प्रसाद खेमका, अनील खेमका, राजेश सिंह, अजय भारतीय, जितेंद्र अग्रवाल मौजूद थे।

बिहार के तर्ज पर केंद्र एवं राज्य सरकार लागू करें आरक्षण: डॉ आरसी प्रसाद मेहता

चतरा। झारखंड प्रदेश पिसीसी डेलीगेट कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने बिहार सरकार के आरक्षण नीति एवं शराबबंदी विधेयक के प्रति संतोष जाहिर किया। डॉ मेहता ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा की बिहार में सरकारी सेवाओं और शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आरक्षण की सीमा 75% बढ़ाने संबंधी विधेयकों पर राजपाल की सहमति मिलना प्रेरणादायक ऐतिहासिक कदम है। बिहार में जाति जनगणना से जाहिर हुआ कि बिहार में 63.8 परसेंट पिछड़े हैं अभी झारखंड में जाति जनगणना होता है तो चौंकाने वाला बिहार से ज्यादा झारखंड में 70% पिछड़ों की आबादी हो सकता है बिहार में राज्यपाल द्वारा अनुमति मिलने पर यह विधेयक अब कानून का रूप ले लेगा। अब शोषित गरीब लोगों को न्याय मिलेगा। यह विधेयक संपूर्ण देश को रास्ता दिखाएगा। अब भारत सरकार सहित देश के सभी राज्य सरकार जाति आधारित जनगणना करने की घोषणा करें तभी बिहार के तर्ज पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ी अति पिछड़े के साथ गरीब स्वर्ण जाति के लोगों को न्याय मिल सके। शराबबंदी बिहार के मुख्यमंत्री का अति प्रसंसनीय कार्य है झारखंड सरकार समान करता हूं की हिम्मत दिखाकर जातियां जनगणना आरक्षण, शराबबंदी कानून विधेयक पारित करें। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस शिक्षा विभाग के जिला अध्यक्ष प्रो बीके मेहता मंडल अध्यक्ष चंद्र किशोर प्रसाद मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो राजकुमार मेहता अरविंद रविदास छोटेलाल राम कमल कश्यप सुदीप धवन तुलेश्वर साहू इत्यादि सम्मिलित रहे।

मुख्यमंत्री के स्वागत को पलामू तैयार : राजेंद्र

मेदिनीनगर पलामू। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का 30 नवंबर को पलामू में आगमन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के दौरे के बार में पलामू अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा यह पलामू के लिए सौभाग्य की बात है की माननीय मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जी पलामू आने वाले हैं और इनका आना दशार्ता है की पलामू पर माननीय का विशेष ध्यान है। माननीय मुखमंत्री 30 नवम्बर को डाल्टनगंज आएंगे और पलामू प्रमंडल के झामुमो पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ स्थानीय टाउन हॉल में बैठक करेंगे। साथ ही पार्टी के विकास यात्रा रथ का उद्धघाटन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा, 5 दिसंबर से विकास रथ सभी विधानसभा में जाएगी, इस रथ के साथ सभी कार्यकर्ता भी दौरा करेंगे। इसकी शुरूवात डाल्टनगंज विधानसभा से होगी। पलामू में होने वाले बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय जी भी उपस्थित होंगे। इस बैठक को ले कर पार्टी कार्यकताओं में काफी उत्साह है और सभी पूरे जोश के साथ उनके स्वागत में लगे हैं। सिन्हा ने कहा गढ़वा, लातेहार सहित चतरा जिला के सभी जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी और सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं पंचायत के अध्यक्ष सचिव के साथ पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और महासचिव विनोद पांडेय जी पलामू की बैठक में भाग लेंगे। झामुमो पलामू मुख्यमंत्री के साथ साथ सभी जिले के पदाधिकारियों और नेताओं के स्वागत के लिए तैयार है। ज्ञात हो हेमंत सोरेन की महत्त्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अभी चल रही है, उसको ले कर भी जनता में काफी उत्साह है। 1 दिसंबर को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पुलिस लाइन में होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी शामिल हो कर जनता को लाभान्वित करेंगे।

सोनू नामधारी ने देवकी नंदन ठाकुर से लिया आशीर्वाद

मेदिनीनगर पलामू। हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा में जिले के प्रसिद्ध व्यवसाई सह इंडियन रोटी बैंक के विशेष आमंत्रित सदस्य सोनू सिंह नामधारी पहुंचें। उन्होंने भागवत कथा वाचक ठाकुर देवकी नंदन से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान ठाकुर जी से सोनू सिंह नामधारी की चर्चा सामाजिक कार्यों को लेकर हुई। इंडियन रोटी बैंक द्वारा गरीबों के लिए किए जा रहे कार्यों से देवकी नंदन को अवगत कराया। ठाकुर देवकी नंदन ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की। सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि जीवन में धर्म का महत्व सबसे ज्यादा है। धर्म का अनुसरण हर व्यक्ति को करना चाहिए। धर्म हमें अनुशासित रखता है। यह नैतिक और चारित्रिक रूप से मजबूत रहने की ताकत देता है। धर्म के रास्ते पर चलकर बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। सिर्फ मानव ही नहीं समस्त जीवों की सेवा और उनसे प्रेम का संदेश धर्म देता है।

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगाया गया शिविर

मेदिनीनगर पलामू। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को छतरपुर के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के लिए न्यू प्राथमिक विद्यालय हेसला के पास शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में बढ़ते ठंड को देखते हुए कुल 120 ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वंही शिविर में स्वास्थ्य कैंप लगाकर 74 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। शिविर में राशन कार्ड से संबंधित 34 मामले, सर्वजन पेंशन योजना के 01, होल्डिंग टैक्स के 19 मामले, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 6 मामले एवं आवास योजना के 20 मामले सूचीबद्ध किए गए। साथ ही शिविर में कुल 36 स्कूली बच्चों को स्कूली पोशाक भी दिया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत लगे इन शिविरों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं विस्तृत जानकारी देना, आवास योजना से संबंधित मामले का निष्पादन, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नई जॉब कार्ड नवीनीकरण के कार्य, होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर से संबंधित मामले एवं स्वयं सहायता समूह के गठन एवं ऋण से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जा रहा है।

आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड ने झारखंड पब्लिक स्कूल को 162 रन से हराया

कोडरमा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय सी एच हाई स्कूल मैदान में आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड और झारखंड पब्लिक स्कूल कोडरमा के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मधवाटांड़ की टीम ने 25 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए। जिसमें अंकित ने 46 रन सुमित ने 34 रन और सत्य ने 30 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से शिवम ने तीन विकेट ताल्हा और सुधीर ने दोनों विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड पब्लिक स्कूल की टीम 12.2 ओवर में 65 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी करते हुए आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय की ओर से अभिषेक ने 5 विकेट और सुमित ने तीन विकेट लिए। बेहतर खेल के आधार पर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय माधवा टांड के अभिषेक कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायर अमित कुमार और विभु लोहानी तथा स्कोर नमन कुमार थे।

खांडी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

चंदवारा। झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित महत्वाकांक्षी योजना , आपकी योजना, आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को खांडी पंचायत के टिकवाटांड में शिविर आयोजित की गई। कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक, अंचल अधिकारी अशोक कुमार भारती, बीस सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह, जिप सदस्य महादेव राम, मुखिया मुखिया असगर अंसारी, पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी, ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें सरकार जनता की समस्या सुनने व उसका त्वरित समाधान करने , सरकार आपके द्वार तक पहुंच कर समस्या सुन रही है और उसका समाधान कर रही है। इस योजना के तहत काफी जरूरतमंद लोगों की समस्या को सुना जा रहा है ।

सनातन की रक्षा को लेकर सभी हिंदू एक हों : देवकीनंदन

श्रीमद् भागवत कथा सातवें दिन हुआ संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर पलाम। सनातन की रक्षा के लिए सभी हिंदू एक हों। जाति के बंधन को तोड़ दें। सनातन की रक्षा आज नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी धिक्कारेगी।उक्त बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी गौशाला प्रांगण में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। कहा- वे दावे के साथ कह सकते हैं कि जिनके मां-बाप बच्चों को बचपन व जवानी में कथा सुनाते हैं, उनके बच्चे धर्मी होते हैं। कभी भी अधर्मी कार्य नहीं कर सकते। देवकीनंदन ठाकुर ने पंडाल में नवीं व दसवीं वर्ग के अंग्रेजी मीडियम स्कूल के बच्चों से गणित के सरल सवाल पूछे। नहीं बताए जाने पर देवकीनंदन ने अंग्रेजी मीडियम स्कूल की लताड़ लगाई। कहा- परीक्षा में आने वाले प्रश्न को केवल रटाने वाले स्कूल के लिए यह धिक्कार है। ऐसे अंग्रेजी मीडियम स्कूल में अपने संतानों को पढ़ाने वाले माता-पिता भी धिक्कार के पात्र हैं। इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों को कहा जाता है- कथा में तुम क्यों जाते हो। ये क्या जाने कि कथा में चरित्र का निर्माण भी होता है। कहा-इंग्लिश मीडियम स्कूल में जिस लड़के का लड़की मित्र नहीं होती, उसे अपडेट नहीं समझा जाता। उसे दूसरी नजरों से देखा जाता है। यह कटु सत्य है। धिक्कारते हुए कहा- ऐसे स्कूल पापी हैं जो बच्चों का ना तो चरित्र निर्माण करते हैं और ना ही कथा के माध्यम से बच्चों को संस्कारवान नहीं होने देते। पूछा- संतानों में बचपन व जवानी में सद्गुण नहीं आएगा तो आखिर कब आएगा। सद्गुण से बचपन व जवानी दोनों सुधर जाती है। कहा कि कथा सुनने की कोई उम्र नहीं होती। कहा- सनातन पर कुठाराघात किया जा रहा है। मंदिर, ब्राह्मण व गौ पर लक्ष्य किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सभी सनातनियों को अपने धर्म की रक्षा के लिए एक होने की जरूरत है। कहा- नकली हिंदू वह है जो नारायण को मानते हैं लेकिन नारायण की कही हुई बातें नहीं मानते। इस तरह के कालनेमि हिंदू से सनातन को अधिक खतरा है। श्रीमद् भागवत कथा की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि पराई स्त्री के साथ घूमने वाले पुरुष नर्क को प्राप्त होते हैं। नर्क में भारी कष्ट दिए जाते हैं। कहा कि जीवन नारायण के कानून से चलता है। नारायण के कानून को कोई नहीं बदल सकता। कहा कि चरित्रहीन नहीं, चरित्रवान बनें । भागवत कथा के माध्यम से देवकीनंदन ने कहा कि श्री कृष्ण भगवान का लोग मजाक उड़ाते हैं। कहते हैं 16108 युवतियों से शादी की हैं। लेकिन कोई जाना कि ऐसा क्यों हुआ। भोमासुर ने इतनी कन्याओं का हरण कर बंदी बनाया था। कृष्ण ने भोमासुर का वध किया। कन्याओं ने कृष्ण से कहा कि वह सभी घर कैसे जाएं । कौन उन्हें स्वीकार करेगा । ऐसे में उन सभी कन्याओं से श्री कृष्ण ने विवाह किया। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अर्जुन पांडेय, उषा पांडेय, विपिन, अभिषेक, डा. ऋचा, पुत्रवधू संजना पांडेय, परशुराम युवा वाहिनी के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समेत समिति के सभी सदस्यों ने बेहतर ढंग से भागवत पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन कराया व नारायण से साक्षात्कार कराने का अवसर पलामू प्रमंडल वासियों को दिलाया है। ये प्रमंडलवासियों को सच्चा सनातनी बनाने का बहुत बड़ा प्रयास किया है। गुरु पांडेय की बहू संजना पांडेय ने देवकीनंदन द्वारा सात दिनों तक पलामू प्रमंडलवासियों को कथा ज्ञान से लाभान्वित कराने पर आभार प्रकट किया। कहा कि वे सभी कथा में कही बातें अपने जीवन में उतारेंगे। साथ ही सनातन के विकास के लिए ऐसे मुहिम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन आशीष भारद्वाज ने किया।

रजवाडीह पंचायत में आयोजित हुआ आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मिला लाभ

शिविर में आए 695 आवेदन, 50 से अधिक आवेदन निष्पादित

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज मेदिनीनगर सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरदीप सिंह बलहोत्रा ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत सरकार एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी, कर्मचारी शिविर में पहुंचे हैं। शिविर में अधिक- से-अधिक व्यक्ति आवेदन देकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ उठाएं। सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर-सह-सदर प्रखंड कॉर्डिनेटर पंकज पांडेय ने आमजनों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने शिविर में पहुंचे कई आमजनों से सीधे बातें की और शिविर में आने के उद्देश्यों को जानते हुए उन्हें संबंधित विभाग के स्टॉल पर ले जाकर योजनाओं का सीधा लाभ दिलवाया। सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि शिविर के आयोजन से आमजनों को काफी फायदा पहुंच रहा है। लोगों को प्रखंड या जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ रहा है, बल्कि प्रशासनिक पदाधिकारी उनके बीच आकर उनकी समस्याओं को जान-समझकर ऑन स्पॉट योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। त्वरित निष्पादन योग्य आवेदन नहीं होने की स्थिति में उसे प्रक्रिया में शामिल करते हुए संबंधित व्यक्ति को समय दिया जा रहा है कि उनके आवेदन को निर्धारित समयावधि में निष्पादित करते हुए लाभ प्रदान किया जाएगा। मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी आमजनों को शिविर में आकार अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने हेतु बार-बार अपील कर रहे थे। साथ ही विभिन्न योजना का लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे थे। शिविर में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आमजनों को जागरूक किया गया। साथ ही जरूरतमंद व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। शिविर के तहत गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत छात्र-छात्राओं को बिना मार्जिन मनी पर ऋण उपलब्ध कराने संबंधित प्रक्रिया पूरी की गई। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना के तहत जरूरतमंद वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया गया। इसके अलावा धोती-साड़ी वितरण योजना के तहत लाभुकों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से छात्राओं को लाभान्वित किया गया। साथ ही राशन कार्ड में नाम जोड़ने से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण की गई। निः शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को साइकिल खरीद हेतु 4500 रुपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया गया। शिक्षक परशुराम तिवारी ने भी शिविर में आए लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन समर्पित करने की अपील की। मौके पर अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरदीप सिंह बालहोत्रा, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी, उप मुखिया प्रभात रंजन पांडेय सीआई पोलिकार्प तिर्की, एमओ मनोज कुमार दुबे, एईओ हरेंद्र तिवारी, बीआरपी सत्येंद्र पाठक, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अनूप विलियम लकड़ा, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज पांडेय, शिक्षक परशुराम तिवारी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

अंचलाधिकारी का बड़े ही धूमधाम से मनाई गई बिदाई सामारोह

मरकच्चो। प्रखंड मुख्यालय स्थित साभागर में प्रखंड प्रमुख के अध्यक्षता में प्रखंड बिकाश पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी का बड़े ही धूमधाम से मनाई गई बिदाई सामारोह । वहीं इस दौरान बीडीओ पप्पू रजक ने बताया की 30 जुलाई 2021 से मरकच्चो प्रखंड में प्रखंड बिकाश पदाधिकारी के पदपर हमारा लगभग ढाई वर्ष का कार्यकाल बड़े ही बेहतरीन ढंग से गुजरा । इस दौरान मरकच्चो की जनता का सेवा करने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुवा । और यहां की जनता का हमें काफी सपोर्ट मिलता रहा और हमें काफी सहूलियत मिलता रहा । वहीं प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह , बिपियो राकेश रंजन , थाना प्रभारी लव कुमार , मुखिया रंजीत कुमार सिंह , मुखिया सुनील यादव , मुखिया बेदु साव , पूर्व उप प्रमुख शमसुल खान समेत दर्जनों जन प्रतिनिधियों और प्रखंड पदाधीकारियों ने सामूहिक रूप से विडियो पप्पू रजक को बुके फूलमाला और अंगवस्त्र समेत विभिन्न प्रकार के तोहफा पेशकर उन्हें भव्य स्वागत किया । वहीं प्रखंड प्रमुख और नावाडीह पँचायत के मुखिया प्रतिनिधि बसन्त कुमार साव समेत कई जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा की कर कहा की मरकच्चो में पहली बार इतने बढ़िया और कुशल ब्यवहार के प्रखंड बिकाश पदाधिकारी हम मरकच्चो प्रखंड वासियों को मिले थे जो इन्होंने पूरे प्रखंड के गरीब गुरबा और तमाम जनप्रतिनिधियों का दिल जीतकर दुवा आशीर्वाद प्राप्त करने का काम किया जो काबिले तारीफ है , और आगे भी हमलोग कामना करेंगे की आगे भी इसी तरह के पदाधिकारी का सौभाग्य हम प्रखंड वासियों को प्राप्त हो तभी हमलोगों को इस प्रखंड से सभी प्रकार की सहूलियत मिल पाएगी । और आगे भी हमलोग चाहेंगे की हमारे प्रखंड विकास पदाधिकारी का बहुत जल्द प्रमोशन हो और पुनः इनका पदस्थापन कोडरमा अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में हो । वहीं पँचायत सचिव रामचन्द्र यादव ने इस बिदाई सामारोह कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा की पप्पू जी खुद अपना पोस्टिंग तो गिरिडीह जिला के सरिया प्रखंड करवालिये लेकिन इन्होंने हमारे मरकच्चो प्रखंड में करीब ढाई साल रहकर हम सभी प्रखंड कर्मियों के बीच रहकर हमलोगों के साथ चाहे जितनी भी मुसीबतें आई इन्होंने उसे बड़े ही आसानी से हलकर हरहाल में सामाधान किए , चाहे इसके लिए स्लाइरेंच लगाना पड़ा या हाई एंटी बाइटिक देना पड़ा , लेकिन इनके आवर में किसी भी पदाधिकारी को कभी कोई समस्या में कोई परेशानी नहीं झेलना पड़ा जो शायद ही कहीं देखने को मिलता है।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया

नवप्रदेश, कोडरमा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कोडरमा जिले के सतगावां प्रखण्ड के मीरगंज, डोमचांच प्रखण्ड के ढाब, कोडरमा प्रखण्ड के जरगा एवं चंदवारा प्रखण्ड के खांडी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। सभी प्रखंडों के पंचायत भवन में शिविर लगाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा शिविर में आने वालों के समस्याओं से अवगत हुए और कई समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का निस्तारण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा शिविर में आने वाले आमजनों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बताया गया और योजनाओं के लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने राज्य सरकार की योजनाओं यथा, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना हेतु चेक, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना हेतु स्वीकृति पत्र, बिरसा सिंचाई कूप योजना हेतु स्वीकृति पत्र, छात्र छात्राओं को जाति आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत किया गया। साथ ही लाभुकों के बीच कंबल के साथ साथ धोती साड़ी का भी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।यहां आयोजित होगें शिविर जयनगर प्रखण्ड के हीरोडीह एवं मरकच्चो प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कोडरमा आगमन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने की बैठक

कार्यक्रम स्थल पर लाभुकों को कोई दिक्कत न हो

सभी पदाधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें

परिसंपत्तियों का होगा वितरण उपायुक्त मेघा भारद्वाज

नवप्रदेश, कोडरमा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संभावित कोडरमा आगमन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी तैयारी के लिए सभी लोगों को विभिन्न कार्यों का दायित्व दिया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि ब्यवस्था में किसी भी प्रकार का चूक न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा अपने अपने परिसंपत्तियों का वितरण इस दिन माननीय मुख्यमंत्री से कराएं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित योजना जैसे मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम जैसे अन्य योजनाएं से आच्छादित कराएं।मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, डीआरडीए निदेशक गोरांग महतो, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक सहित जिले के अनेक वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज आमजनों के समस्या से हुईं अवगत

नवप्रदेश, कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और एवं सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिये। जनता दरबार में जमीन विवाद, राशन वितरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा में प्रतिनियुक्ति करवाने, छात्रवृत्ति समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिये।

जयनगर थाना में सुरक्षा जवान के पद पर सीधी भर्ती कैंप 30 नवंबर को

नवप्रदेश, कोडरमा। 30 नवंबर दिन गुरुवार को अविरल रक्षक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुरक्षा जवान के कुल 500 पदों पर सीधी भर्ती के लिए जयनगर थाना परिसर में कैंप लगाया जाएगा। उक्त भारती कैंप का समय सुबह 11:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक निर्धारित है। सुरक्षा जवान के पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण एनटीटी उम्र 18 से 40 वर्ष ऊंचाई 165 सेंटीमीटर है। कैंप में चयनित सफल अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग कराया जाएगा तदुपरांत उनको विभिन्न स्थलों पर पदस्थापित किया जाएगा। सुरक्षा जवान के पद पर अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को रिटायरमेंट की उम्र सीमा 60 वर्ष होगी। नौकरी के दौरान रियायती दर पर आवास की सुविधा कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक वर्ष राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन के आधार पर वेतन की वृद्धि भी की जाएगी। कर्मचारियों में उसकी पत्नी बच्चे व माता-पिता को मुक्त इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लगाया गया शिविर

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 16 के प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदाबाद में मंगलवार को वार्ड संख्याः 15,16 के लोगों के लिये आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना,गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, होल्डिंग टैक्स ट्रेड लाइसेंस जल कर से संबंधित मामले, स्वयं सहायता समूह के गठन एवं ऋण से संबंधित मामले, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नई जॉब कार्ड नवीनीकरण, कार्य आवंटन संबंधित मामले समेत अन्य योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये.इस दौरान नगर पंचायत के ग्रामीण की समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया. वंही कई आवेदकों का ऑन स्पॉट योजनाएं स्वीकृत की गयी.नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया. समाचार लिखे जाने तक विभिन्न स्टॉल पर 249 से अधिक आवेदन प्राप्त किये गए.मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ

पलामू। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाड़ीह पंचायत भवन में आयोजित शिविर के दौरान रजवाड़ीह गांव निवासी रामाशीष प्रसाद के पुत्र शुभम कुमार को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब जल्द ऋण मिलेगी। शुभम द्वारा शिविर में स्टूडेंट इनफॉरमेशन रिक्वेस्ट फॉर्म भरकर जमा किए जाने के बाद कैंप में ही ऑन-स्पॉट सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है। बैंक से जोड़कर उन्हें उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर ऋण उपलब्ध हो सकेगा।

एक नजर

बेटिकट यात्रियों पर लगाम लगाने के लिए अभियान

धनबाद। स्टेशन में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया।इस दौरान कुल 71 यात्रियों को पकड़ा गया। जिसमें बिना टिकट , अनियमित टिकट , बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाले यात्री शामिल हैं। इस दौरान उनसे 19,925 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। जांच अभियान के दौरान मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/टिकट चेकिंग सहित सीटीआई, सीआईटी एवं बड़ी संख्या में टीटीई, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौजूद थे। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान धनबाद स्टेशन परिसर के साथ- साथ स्टेशन में उपस्थित गाड़ियों में भी चेकिंग की गई। इस तरह की चेकिंग धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



धनबाद। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज गोविंदपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रतनपुर पंचायत की गीता देवी को एक घंटे में वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। गीता देवी ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है तो सुबह पहुंचकर पेंशन के लिए अपना आवेदन जमा किया। लगभग 1 घंटे के भीतर उनका पेंशन स्वीकृत हो गया। गीता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि प्रतिमाह पेंशन मिलने से कई जरूरी कामकाज निपटा सकेंगी।

आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में अभिषेक पांडेय को 45 मिनट में मिला आय प्रमाण पत्र

धनबाद। गोविंदपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गोविंदपुर के कौआबांध में रहने वाले अभिषेक पांडेय को ऑन द स्पॉट आय प्रमाण पत्र मिला। अभिषेक पांडेय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे बहुत दिनों से आय प्रमाण पत्र के लिए बनवाने के लिए परेशान थे। जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में शिविर लगी है तो आज सुबह शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित किया। लगभग 45 मिनट में कागजात की जांच कर उनका आय प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मुजाहिद अंसारी और सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रमाण पत्र के सहारे इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) को प्रदान किए जाने वाले लाभ को प्राप्त कर सकेंगे।उन्होंने दोबारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया।

धनबाद में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं के खिलाफ कृष्णा अग्रवाल का अनिश्चितकालीन सत्याग्रह 30 नवंबर से

धनबाद। बढ़ रही अपराधिक घटनाओं के खिलाफ पूर्व भाजपा नेता समाजसेवी कृष्णा अग्रवाल आगामी 30 नवंबर से गांधी सेवा सदन मैं अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन पर बैठेंगे। यह जानकारी उन्होंने मंगलवार को धनबाद क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों व्यवसाईयों द्वारा बंदी के बाद भी अपराधी घटनाएं रुकी नहीं है बल्कि फोन पर व्यवसाईयों को धमकी देना और रंगदारी मांगना और बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में राज्य की सत्ताधारी हेमंत सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार भी आरोप के घेरे में आ रही है।इसी वजह से हमने पिछले दिनों भाजपा को त्यागपत्र दे दी। उन्होंने कहा धनबाद जिले के व्यवसायी हमेशा खतरे के घेरे में है। सुबह घर से निकलने के बाद वापस शाम को घर पहुंचेंगे या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं। धनबाद के उपायुक्त और एसएसपी संजीव कुमार ने आश्वासन दिया था की रंगदारी रुक जाएगी। उन्होंने बताया कि हेमंत सरकार के साथ-साथ अब मामले को लेकर भाजपा भी घेरे में आ रही है।प्रेस वार्ता में डीएन सिंह,(आम आदमी पार्टी),उदय सिंह, (भारतीय जनतंत्र मोर्चा), अशोक सिंह ,(झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन), सुरेश अग्रवाल, (मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड), ललित झुनझुनवाला, (धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन), प्रमोद गोयल एवं लोकेश अग्रवाल (बैंक मोर चैंबर), जितेंद्र अग्रवाल,(कृषि बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स), प्रेम कुमार गंगेश्वरिया, (मोटर डीलर एसोसिएशन), धीरज दास,(धनबाद जिला केमिस्ट ड्रजिस्ट एसोसिएशन), अधिवक्ता मोहम्मद आजाद अली, चूना यादव,(प्रमुख जागो सामाजिक संस्था), गौतम मंडल,(मंडल समाज), रणजीत सिंह और बबलू सिंह,(यादव महासभा), विनय सिंह, बंटी राय, मुन्ना पाठक तथि उदय तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिविर का आयोजन

शिविर में बुजुर्गों को मिल रही है ऑन द स्पॉट पेंशन की स्वीकृति

शिविरों में जमीन संबंधित लगान रसीद कटवाने आदि जैसे कार्यों का भी ऑन द स्पॉट किया जा रहा है निष्पादन

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। जिले भर के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत 10 पंचायतों में आपकी योजन आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। 24 नवंबर से प्रारंभ हुए उक्त शिवर के माध्यम से सैंकड़ों की संख्या में लाभुकों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निवारण किया जा रहा है इसके साथ ही उक्त शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त करने के अलावा लाभुकों का हेल्थ चेकअप एवं परिसंपत्ति वितरण करने के साथ साथ आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया जा रहा है। अब तक जिले में प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध लगभग 1800 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। शेष बचे आवेदनों की प्रक्रिया अनुसार निस्पादन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में भरनो के डोम्बा पंचायत में आयोजित शिवर में आए कई बुजुर्गों का ऑन द स्पॉट वृद्धा पेंशन कार्ड बनाया गया है, उक्त पंचायत में आए एक वृद्ध व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने शिविर के माध्यम से आज ही अपना आवेदन भरा एवं आज ही उन्हें पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गए। वे बताते हैं कि वे पेंशन कार्ड बनाने के लिए पिछले कई दिनों से परेशान थे, शिविर के माध्यम से उनके समस्या का त्वरित निस्पादन किया गया। वहीं डोंबा पंचायत के निवासी मो. वकीम अंसारी ने बताया कि शिवर में आकर उनके द्वारा खरीद की गई नई जमीन की रसीद कटवाई गई, उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से उनका कार्य आसानी से हो गया। वहीं नगर परिषद के वार्ड नंबर 05 में आयोजित शिविर में आए मो. अलीम अंसारी ने भी शिविर में आकर होल्डिंग टैक्स की रसीद ऑन द स्पॉट कटवाई। घाघरा की कक्षा 9वी की छात्रा आसिमा तिग्गा को घाघरा के विमरला पंचायत में आयोजित शिविर में सरकार की कल्याणकारी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपए की प्रथम किस्त की सहयोग राशि प्रदान की गई। आसिमा कहती हैं कि सरकार आपके द्वार शिविर के माध्यम से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त प्रथम किस्त की राशि का वह अपने आगे की पढ़ाई में उपयोग करेगी। इसी प्रकार से अन्य कई लाभुको ने आपकी योजन आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में जाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया एवं झारखंड सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल के लिए आभार प्रकट किया। शिविर के दौरान जरूरत मंदो के बीच कंबल का भी वितरण किया जा रहा है। सभी शिविरों का जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में सार्वजनिक समस्या के लिए कोई काउंटर नहीं था। घाघरा प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत विमला में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त हेमंत सती शामिल हुए। शिविर में कल्याण गुरुकुल में एक, पशुपालन विभाग मे तेरह, बाल विकास परियोजना में दो, उज्ज्वला योजना में आठ, पीएचइडी में एक, आवास में दो सौ पांच, मनरेगा में इक्कीस एवं बैंक से संबंधित आठ आवेदन प्राप्त हुआ। परंतु सार्वजनिक समस्या से संबंधित एक भी आवेदन नहीं पड़ा कारण यह है कि ना शिविर में उसके लिए कोई अलग काउंटर लगाया गया था और ना ही अधिकारियों के द्वारा वहां की जनता से वहां की सार्वजनिक समस्या के बारे में पूछा गया। ग्रामीण सार्वजनिक समस्या से अवगत कराना चाह रहे थे परंतु उन्हें माइक नहीं दिया गया। प्रखंड मुख्यालय से बिमरला पंचायत जाने के लिए अच्छी सड़क नहीं होने के कारण वहां जितने भी योजना संचालित होती है सभी योजना का निर्माण कार्य घटिया होता है क्योंकि सड़क अच्छी नहीं होने के कारण कोई जांच अधिकारी वहां नहीं पहुंचते हैं। जिसके कारण वहां संचालित योजना का निर्माण घटिया होता है और ग्रामीण लाभ नहीं ले पाते हैं। सूत्रों से पता चला है कि अभी भी कुछ योजनाओं का निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें काफी अनियमितता बरती जा रही है। शिविर में उपविकास आयुक्त हेमंत सती, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, संबंधित सभी अधिकारी, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, मानव कल्याणकारी विकास संस्था के सचिव अनिरुद्ध चौबे, मुखिया चांदनी देवी, सभी वार्ड सदस्य एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

मायुमो ने मनाया शहीद शक्ति नाथ महतो का शहादत दिवस

शहीद शक्ति नाथ महतो शोषितों व पीड़ितों की एक बुलंद आवाज थे : पवन महतो

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। शहीद शक्ति नाथ महतो की शहादत दिवस शक्ति चौक में मनाया गया। इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने शहीद शक्ति नाथ महतो की आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि शोषित-पीड़ित दबे कुचले वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए शहीद शक्ति नाथ महतो ने जोरदार संघर्ष किया। मुनीडीह कोलियरी में कार्यरत शक्ति नाथ महतो ने मजदूरों को सूदखोरों एवं माफिया शक्तियों से आजाद कराने तथा न्यूनतम मजदूरी दिलाने के लिए चरणबाद आंदोलन का बिगुल फुका शिवाजी समाज के माध्यम से बाल विवाह, दहेज प्रथा एंव नशा उन्मूलन के खिलाफ मुहीम चलाया। लोगों को शिक्षित करने के लिए रात्रि पाठशाला का शुभारंभ किया। आपातकाल के दौरान 22 माह तक धनबाद, भागलपुर तथा मुजफ्फरपुर के जेल में बंद रहे।22 मई 1975 को कारीटाड़ में हुई बैठक के बाद उनकी हत्या की कोशिश की गई।रात गांव में ही बिताने के कारण अपराधियों के कहर से तो वे बच गए।लेकिन उनके तीन साथी शहीद हो गए। 28 नवंबर 1977 को सुबह 10:30 बजे सिजुआ में गोली एवं बम मारकर उनकी हत्या कर दी गई। शहीद शक्ति नाथ महतो शोषित-पीड़ित का एक आवाज था।लेकिन माफिया शक्तियों ने उनकी हत्या कर आवाज को दबाने की कोशिश की। आज कोयलांचल में हजारों शक्ति नाथ महतो ने जन्म लिया है जो उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए संकल्पित है। श्रद्धांजलि सभा में मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, प्रदीप लाला, चंदन महतो, औरधेन्दु दत्ता, किशोर महतो, नारायण महतो, राजेश प्रमाणिक, सुरेश महतो, विनोद महतो, कुलदीप महतो, गणेश महतो, संजय महतो, भोला महतो, प्रदीप सिंह आदि शामिल थे।

अजीत राय स्मारक कोर ग्रुप की बैठक संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार सेन की आवास विभूति अपार्टमेंट में उनके अध्यक्षता में अजीत राय स्मारक समिति कोर ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में प्रो. डॉ. डी. के .सेन, अनवर शमीम, डॉ. काशी नाथ चटर्जी, चंदन सरकार, दीपांकर बारात, भोला नाथ राम उपस्थित थे।बैठक में चर्चा हुई कि 20 दिसंबर 2024 को अजीत राय के पुण्यतिथि पर अजीत राय सम्मान समारोह की कार्यक्रम का शुरूआत गांधी सेवा सदन में 11:00 से किया जाएगा। सबसे पहले अजीत राय के तस्वीर पर माल्या दान कर इस कार्यक्रम का शुरूआत होगा।स्टेज पर समीर भट्टाचार्जी, प्रो. गौतम मुखर्जी,प्रोफेसर दीपक कुमार सेन,अनवर समीम, डॉक्टर काशी नाथ चटर्जी, डॉक्टर सिद्धार्थ बनर्जी, मनमोहन पाठक, नारायण सिंह, डॉ. सुनील सिंहा,पूर्व विधायक अरूप चटर्जी , रीना भौमिक, साश्वती चटर्जी, सुमाना लाहिरी होंगे।संचालन डॉक्टर काशीनाथ चटर्जी के द्वारा किया जाएगा। सर्वप्रथम स्वागत भाषण प्रो. डॉ. डी. के .सेन करेगे। स्वागत भाषण के बाद मंच पर उपस्थित तमाम सज्जनों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया जाएगा।इसके बाद समीर भट्टाचार्जी के संदर्भ में सिद्धार्थ बनर्जी अपना वक्तव्य रखेंगे। विदित हो कि स्व.अजीत राय सम्मान समारोह के लिए बंगला साहित्य के प्रसिद्ध लेखक समीर भट्टाचार्य को दिया जाएगा। समीर भट्टाचार्य के सम्मान पत्र का पठन चंदन सरकार के द्वारा किया जाएगा। समीर भट्टाचार्य को शाल देकर आयोजन समिति के अध्यक्ष सम्मानित करेंगे व मोमेंटो प्रोफेसर गौतम मुखर्जी देंगे तथा नगद राशि आयोजन समिति के सचिव के द्वारा दिया जाएगा। दूसरे सत्र में वक्ता अपने विचार को रखेंगे। बैठक अध्यक्षता कर रहे आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ.दीपक कुमार सेन द्वारा धन्यवाद के बाद समापन की गई ।

30 नवंबर को 9 पंचायत व 3 वार्ड में किया जाएगा शिविर का आयोजन

धनबाद। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत 24 नवंबर से प्रारंभ हुए आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत 30 नवंबर को 9 पंचायत एवं धनबाद नगर निगम के 2 व चिरकुंडा नगर परिषद के एक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने बताया कि 30 नवंबर को कलियासोल के बड़ा अंबोना के पंचायत सचिवालय, निरसा के ममाल में एसएसकेबीसी उच्च विद्यालय परिसर, तोपचांची के रामाकुंडा में यूएमएस के पास, बाघमारा प्रखंड के मधुबन व महेशपुर -1 के पंचायत भवन, बलियापुर के बाघमारा पंचायत भवन, गोविंदपुर के बरवा पूर्व व देवली पंचायत भवन तथा एगारकुंड के डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत सचिवालय में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

ईस्ट बसूरिया ओपी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गृहभेदन का किया उद्भेदन

धनबाद। निचितपुर खटाल नया डिपो निवासी वीरेंद्र यादव के बड़की बौवा 7 नंबर स्थित नए घर में 26 नवंबर के रात्रि को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए की समान चोरी कर ली थी जिसे ईस्ट बसूरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने महज 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए 2 शातिर चोर राजा भुईयां और विकास बाउरी को पकड़ा है दोनो नंबर बड़की बाउवा के रहने वाले है, जिसका पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। जिसके पास से चोरी की गई सभी सामान को बरामद कर लिया गया है तथा सामानों की पहचान वादी से कराया गया है जिसका पहचान हो गई है। सिजुआ स्थित डीएसपी कार्यालय में डीएसपी निशा मुर्मू ने जानकारी दी।

कीटनाशक पदार्थ खाने से युवक हुआ गंभीर

गुमला। डुमरी प्रखंड के साखु गांव का मामला पुलिकार तिर्की उम्र लगभग 45 साल लगभग शाम 7 बजे घर पर रखे कीटनाशक पदार्थ खा कर हुए गंभीर रूप से बीमार हो गये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रात लगभग 10 बजे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। जिसे मुखिया ने अपने चार चक्का वाहन में सदर अस्पताल गुमला देर रात लगभग 11:30बजे गये। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं सहयोगी मो जाबेद आलम, मेराज गुड्डु भी देर रात लगभग 12 बजे सदर अस्पताल गुमला पहुंच कर परिजनों से मिले तथा इलाज में सहयोग किया।

आपकी सरकार-आपके द्वार 10 पंचायत व दो वार्ड में 29 नवंबर को किया जाएगा शिविर का आयोजन

धनबाद। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत 24 नवंबर से प्रारंभ हुए आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत 29 नवंबर को 10 पंचायत एवं धनबाद नगर निगम के दो वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने बताया कि 29 नवंबर को धनबाद प्रखंड के बारडुभी पंचायत भवन, टुंडी के बेनागरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कलियासोल के बांदा पश्चिम के पंचायत सचिवालय, निरसा के भगाबांध में मध्य विद्यालय बेनागोड़िया परिसर, तोपचांची प्रखंड के चैता पंचायत सचिवालय, बाघमारा प्रखंड के बांसजोरा व बरोरा पंचायत भवन, बलियापुर के आमटाल पंचायत भवन एवं गोविंदपुर के बारियो व गोविंदपुर पश्चिम पंचायत भवन में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 3 एवं 6 के लिए अंचल कार्यालय कतरास में शिविरों का आयोजन सुबह 10:00 बजे से किया जाएगा।

लालमणि में वृद्धो की सेवा सम्मान कर मनाई स्व. नंदलाल प्रसाद की पुण्यतिथि

धनबाद। लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में मंगलवार को पंकज कुमार ने अपने पिता स्वर्गीय नंदलाल प्रसाद की याद में बुजुर्गों संग बिताए। पिता की पुण्यतिथि पर आश्रम के महिला एवं पुरुष बुजुर्गों एवं परिवार के लोगों के साथ उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और वृद्धाश्रम में सभी वृद्धजनों के लिये स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था कर अपने हाथों सभी को भोजन कराया।पंकज कुमार ने बताया कि उनके पिता का बहुत ही सरल स्वभाव, मिलनसार था। वे लोगों के दुख सुख में शामिल होकर मदद किया करते थे। मानव सेवा का उन्हीं के द्वारा मिला संस्कार के कारण मन में भाव आया कि पुण्यतिथि पर लालमणि वृद्धा आश्रम जाकर वृद्धजनों को सेवा सम्मान कर भोजन कराया जाए। पिता की पुण्यतिथि पर आश्रम के रहवासियों की सेवा कर बहुत ही हार्दिक परम आनंद की अनुभूति हुई है। आश्रम के बुजुर्गों से ढेर सारा दुलार प्यार और भरपूर आशीर्वाद मिला। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी के द्वारा भी स्वर्गीय नंदलाल प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके पुत्र पंकज कुमार को वृद्ध जनों का ख्याल रखने के लिए धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया। पुण्यतिथि में आश्रम में आश्रय ले रहे मनमोहन सरकार, अजीत चक्रवर्ती, पंकज सेन, सीताराम मुर्मू, सोहन दास, विभीषण यादव, कृष्ण प्रसाद भट्टाचार्य, अमोला देवी, ईश्वर सोरेन, सूरजमनी देवी, केयरटेकर सुबल सिंह तारा देवी तृप्ति जैन सावित्री देवी लखी बनर्जी एवं अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने किया आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण

पालकोट से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होगी : डीसी

नव प्रदेश संवाददाता

शिविर में आए नागरिकों से भी की उपायुक्त ने मुलाकात

गुमला। जिले में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन पालकोट प्रखंड के बघिमा पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण करने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों से परिसंपत्ति का वितरण किया।सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 छात्राओं के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, इसी प्रकार 5 लाभुकों के बीच साइकिल का वितरण किया गया, 24 लाभुक गुरुजी क्रेडिट कार्ड से अच्छादित हुए।इस दौरान 97 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया वहीं 75 लाभुकों को सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना का लाभ मिला। इसके अलावा मनरेगा से मजदूरों को जॉब कार्ड,किसानों को पौधा वितरण किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया। इसके बाद उपायुक्त ने सभी विभागों के स्टॉल्स का भ्रमण किया एवं उपस्थिति कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने शिविर में आए नागरिकों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को भी सुना और बीडीओ पालकोट को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आवेदकों को उचित सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। इस दौरान शिविर में सबसे अधिक अबुवा आवास के स्टॉल में भीड़ लगी रही। इस योजना के लिए सैकड़ो आवेदन प्राप्त किये गए ।कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा स्टोल लगाकर योजनाओ की जानकारी व लाभ दिया गया।

गुरु पूर्णिमा एवं बाल दिवस समारोह पर बड्र्स गार्डन स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

राजगंज। गुरु पूर्णिमा एवं बाल दिवस समारोह के शुभ अवसर पर 27 एवं 28 नवंबर को बड्स गार्डेन स्कूल, दलूडीह,राजगंज में दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रथम दिवस स्कूल परिवार के कक्षा 6 से 12 तक के 670 छात्र एवं छात्राएं, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से हवन एवं पूजन का कार्यक्रम को संपन्न किया। जिसमें गायत्री विधि से धनबाद गायत्री परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग से 24 कुंडिय यज्ञ में सामूहिक रूप से आहुति प्रदान की गई। बड्स गार्डेन स्कूल में आयोजित इस इस गायत्री यज्ञ का मुख्य उद्देश्य समाज कल्याण सद्भावना एवं मानव जाति का उत्थान एवं बच्चों का चरित्र निर्माण था। जिसमें बच्चे, अभिभावक एवं शिक्षकों में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। दिन भर उपवास एवं पूजन हवन के पश्चात स्कूल परिवार की ओर से सबों के लिए सात्विक भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के दूसरे दिन बच्चों के लिए बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित था। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों को स्कूल परिवार की ओर से उनके मनपसंद भोजन एवं उपहार की व्यवस्था की गई थी एवं विद्यालय में पिछले दिनों आयोजित कुछ सांस्कृतिक एवं शैक्षिक और कलाकारी प्रतियोगिता आदि में विजयी रहे प्रतिभागियों को, साथ ही सभी कक्षाओं में अनुशासित एवं अन्य बच्चों को प्रमाण पत्र आदि प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के चेयरमैन ए के पाल, प्राचार्य, प्रमोद चौरसिया, गायत्री परिवार के बिरजू प्रसाद, श्याम नंदन सिंन्हा व सभी एडमिन सदस्य एवं धनबाद तथा रायगंज के गायत्री परिवार की भूमिका काफी अहम रही।

'चूहा' बन मजदूरों को निकालने सुरंग में गये ये फरिश्ते

नई दिल्ली : उत्तराखंड के उत्तरकाशी कीसिलक्यारा सुरंग में फंसे मजूदरों को नई जिंदगी मिल गयी। इन मजदूरों को नई जिंदगी देने में 6 रैट होल माइनर्स का अहम योगदान रहा है। ये वो लोग हैं, जिन्हें चूहे जैसी सुरंग खोदने में महारत हासिल है। खास बात है कि आज ये लोग देशभर में हीरो बने हुए। इस पूरे ऑपरेशन के बीच इन रैट माइनर्स की जिंदगी का स्याह पक्ष भी है। इसके बारे में बहुत ही कम लोगों को जानकारी होगी। चूहे की तरह बिल खोदने वाले लोगों की जिंदगी के बारे में सुनकर आपका दिल भर आएगा।

जान जोखिम में डालकर काम

ये लोग अपने जान को जोखिम में रखकर काम करते हैं। रैट-होल माइनिंग में मजदूरों के प्रवेश और कोयला निकालने के लिए आमतौर पर 3-4 फीट ऊंची संकीर्ण सुरंगों की खुदाई शामिल होती है। इन हॉरिजॉन्टल सुरंगों को अक्सर 'चूहे का बिल' कहा जाता है, क्योंकि प्रत्येक सुरंग में सिर्फ एक व्यक्ति के लिए घुसने की जगह होती है। इन पतली सुरंगों के बीच ये लोग घंटों बैठकर खुदाई करते हैं। ये लोग सैकड़ों फीट संकरे गड्ढे में नीचे उतरते हैं। ऐसे में जान का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद ये लोग बेहद सटीक तरीके से अपने काम को अंजाम देते हैं। खुदाई के दौरान यदि लगातार तेज बारिश हो जाए या बाढ़ की स्थिति होने पर सुरंग में पानी भर जाए तो जिंदगी लगभग खत्म हो ही जाती है। कई जगह तो ये बिल्कुल अमानवीय परिस्थितियों में काम करने को मजबूर होते हैं। इन जगहों पर हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है। ऐसे में कई बार अधिकतर दुर्घटनाएं और मौत से जुड़ी जानकारियां बाहर भी नहीं आ पाती हैं।

कोई रिकॉर्ड नहीं है

कोयले की खुदाई वाली कई खदानें का तो कागजों में कोई अस्तित्व ही नहीं है। ऐसे में इन गैरकानूनी खदानों में काम करने वाले मजदूरों का भी कोई रिकॉर्ड नहीं होता है। इससे ही रैट माइनर्स की सामाजिक सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। मेघालय समेत पूर्वोत्तर भारत में कई कोयला खदानें हैं जहां पर ये रैट माइनर्स काम करते हैं। मेघायल के खासी और जयंतिया हिल इलाके में बड़ी संख्या में कोयला खदानों में रैट माइनर्स जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। ऐसा नहीं है कि इन्हें खतरे का इल्म नहीं है। इन खदानों में काम करना इनकी मजबूरी है। खास बात है कि इन रैट माइनर्स की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होती है। गरीबी के कारण यह लोग दिन में 10-10 घंटे काम करने को मजबूर होते हैं।

खदान ढहने से मौत

दिसंबर 2018 में खदान ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे ही साल 2021 में मेघालय के ईस्ट जयंतीया हिल खदान में 6 श्रमिकों की मौत हो गई थी। खास बात यह थी कि जिस खदान में मजूदरों की मौत हुई वो गैरकानूनी खदान थी। एक अनुमान के मुताबिक पूर्वोत्तर राज्यों में 5 हजार से अधिक रैट होल माइन्स मौजूद हैं। साल 2011 से लेकर 2019 तक ही खदान हादसों में करीब 100 लोगों की जान जा चुकी थी। खास बात है कि ये रैट होल माइनर्स बिना किसी उपयुक्त साजोसामान के काम करने को मजबूर होते हैं। खदान में ये लोग नंगे पाव तक उतर जाते हैं।

रैट माइनिंग पर रोक की मांग

गैर कानूनी खदानों और रैट माइनिंग पर रोक की मांग वाली लड़ाई कोर्ट तक पहुंच चुकी है। इस मुद्दे पर एनजीटी ने जयंतीया हिल में गैरकानूनी खदानों पर रोक भी लगाई थी। बाद में राज्य सरकार ने इस प्रतिबंध को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी। इसके साथ ही 2015 में विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर दिया। इसका उद्देश्य था कि मेघालय को केंद्रीय कानूनों से छूट मिल जाए और राज्यों में रैट-माइनिंग को जारी रखा जा सके।

उन जांबाजों को सलाम! चूहे की तरह सुरंग खोदना उतना आसान भी नहीं

नई दिल्ली : सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हर कोई इस ऑपरेशन की सफलता की कामना कर रहा है। इस ऑपरेशन में अब तक कई चुनौतियां सामने आई हैं। बीते रोज फिर कुछ ऐसा ही हुआ। अमेरिकी ऑगर ड्रिल मशीन टूटने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा आई। रेस्क्यू पाइप के अंदर फंसे ब्लेड को काटकर उसे टुकड़ों-टुकड़ों में निकाला जा रहा है। बचावकर्मियों ने अब रैट-होल माइनिंग का इस्तेमाल करके ड्रिल करने की शुरुआत की है। सोमवार को सात बजे रैट-होल ड्रिलिंग शुरू हुई। रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद के लिए झांसी के परसादी लोधी पहुंचे हैं। वह रैट होल माइनर हैं। रेस्क्यू पाइपों में प्रवेश करके वह सुरंग से बाकी मलबे को हटाएंगे। इस मलबे ने ही सुरंग में एक्जिट का रास्ता रोक रखा है। वह हाथ से चलने वाले औजारों से इस काम को करेंगे। झांसी के ही रहने वाले विपिन राजपूत भी रैट माइनिंग के लिए पहुंचे हुए हैं। इसके चलते रैट-होल माइनिंग फोकस में है। लोग जानना चाहते हैं कि आखिर यह क्या है? इस माइनिंग को कैसे अंजाम दिया जाता है? इसमें किस तरह की चुनौतियां हैं? आइए, यहां इन सभी सवालों के बारे में जानते हैं।

रैट-होल माइनिंग

रैट-होल माइनिंग मेघालय में काफी प्रचलित है। यह माइनिंग का एक तरीका है जिसका इस्तेमाल करके संकरे क्षेत्रों से कोयला निकाला जाता है। 'रैट-होल' टर्म जमीन में खोदे गए संकरे गड्ढों को दर्शाता है। यह गड्ढा आमतौर पर सिर्फ एक व्यक्ति के उतरने और कोयला निकालने के लिए होता है। एक बार गड्ढे खुदने के बाद माइनर या खनिक कोयले की परतों तक पहुंचने के लिए रस्सियों या बांस की सीढ़ियों का उपयोग करते हैं। फिर कोयले को गैंती, फावड़े और टोकरियों जैसे आदिम उपकरणों का इस्तेमाल करके मैन्युअली निकाला जाता है। रैट-होल माइनिंग मुख्य रूप से दो तरह की होती है। एक है साइड कटिंग प्रोसीजर। दूसरी कहलाती है बॉक्स कटिंग। साइड कटिंग में संकरी सुरंगें बनाई जाती हैं। पहाड़ों के ढलान पर इन्हें बनाया जाता है। फिर इन टनल में में वर्कर जाकर कोयले की परत को तलाशते हैं। बॉक्स कटिंग तरीके में 10 से 100 वर्गमीटर तक की एक ओपनिंग बनाई जाती है। उसके बीच से 100 से 400 फीट गहरा एक वर्टिकल गड्ढा खोदा जाता है। एक बार कोयले की परत मिल जाने के बाद चूहे के बिल के आकार की सुरंगें हॉरिजॉन्टल रूप से खोदी जाती हैं। इसके जरिये श्रमिक कोयला निकालते हैं।

किसी तरह की हैं चुनौतियां?

रैट-होल माइनिंग से पर्यावरणीय खतरे पैदा होते हैं। इस तरीके में खदानें आमतौर पर अनियमित होती हैं। इनमें उचित वेंटिलेशन, संरचनात्मक सहायता या श्रमिकों के लिए सुरक्षा गियर जैसे सुरक्षा उपायों का अभाव होता है। इसके अतिरिक्त, खनन प्रक्रिया से भूमि क्षरण, वनों की कटाई और जल प्रदूषण हो सकता है।

इसे क्यों किया गया था बैन?

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 2014 में इस तरीके पर प्रतिबंध लगा दिया था। 2015 में भी उसने प्रतिबंध बरकरार रखा था। हालांकि, यह आदेश मेघालय के संबंध में था। राज्य में कोयला खनन के लिए यह एक प्रचलित प्रक्रिया बनी हुई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि ऐसे कई मामले हैं जहां बरसात के मौसम के दौरान रैट होल माइनिंग के कारण खनन क्षेत्रों में पानी भर गया। नतीजतन, श्रमिकों सहित कई लोगों की मौत हो गई।

रैट माइनर्स टीम ने बदली तस्वीर

सिल्क्यारा टनल में रेस्क्यू ऑपरेशन की तस्वीर रैट माइनर्स टीम ने बदल दी। रैट माइनर्स टीम लगातार सोमवार से काम कर रही है। सोमवार की शाम से शुरू हुए रैट माइनर्स के ऑपरेशन के बाद 41 मजदूरों को जल्द निकालने की उम्मीद बढ़ गई थी। रैट माइनर्स को लोग सवाल कर रहे हैं कि जो काम अमेरिकी ऑगर मशीन नहीं कर पाई, वह रैट माइनर्स किस प्रकार कर रहे हैं? इस पूरे प्रोसेस का एक वीडियो सामने आया है। इसमें रैट माइनर्स स्केप टनल में भीतर जाकर हाथ से मलबे को खोद रहे हैं। इसके बाद जमा होने वाले शिल्ट को लेने के लिए बाहर से ट्रॉली खींचते हैं। उसमें शिल्ट भरते हैं। बाहर में खड़े अन्य माइनर्स इस शिल्ट को खींच रहे हैं। सोमवार शाम शुरू हुए ऑपरेशन के समय टनल में 48.6 मीटर तक पाइप को भेजा गया था। मैनुअल माइनिंग के बाद अब तब 800 मिलीमीटर की पाइप 55 मीटर तक जा चुकी है। करीब 57 मीटर पर मजदूर फंसे हुए हैं। अगर इसी गति से काम चला तो तीन से चार घंटे में मजदूरों तक पहुंचने में सफलता मिलेगी। गति तेज रहने की स्थिति में रैट माइनर्स टनल में फंसे 41 मजदूरों को आज शाम तक निकाल सकते हैं।

दाह संस्कार में शव कर मुंड़ उतर या पच्छिम काले करल जाएला

डा बुटन महली

भारतीय संस्कृति कर अनुसार हिन्दू मुस्लिम या ईसाई समाज में दाह संस्कार कर बेरा शव कर मुंड़ उतर या पच्छिम दिशा बट काले होवेला। करीब सभे अदमी में इ सवाल उठेला। प्रायः अदमी इ चीज के जानेक कोशिश भी करयना मुदा परंपरा से चलते आवल कर नाम से मटियाय देवयना। शव कर दाह संस्कार दैवी सिद्धांत उपरे आधारित आहे। किंवदंती में कोनो- कोनो गांव में एहो बात सुनेक ले मिलेला कि भागीरथी कर सैंकड़ों बेटा रहंय जे श्राप से मृत्यु के प्राप्त होइ जाए रहंय। जेके जिंदा करेक ले गंगा कर पवित्र जल चाही रहे,जेकर से उकर बेटा मन मुक्त होतंय, इ बात से भागीरथी गंगा के आह्वान करलक जेकर से गंगा आएक ले तेयार भेलक, मुदा उके समराएक खातिर सवाल खड़ा होलक। धरती में केउ तेयार नी भेलंय, तब महादेव के विनती करल गेलक कि प्रभु इ समस्या कर हल निकलाउ। भगवान शंकर तैयार होलंय आउर अपन जटा में गंगा के गिरेक से रोकलंय आउर फिर उतर में हिमालय पहार से होते धरती में उतराल गेलक तले फिर भागीरथी कर बेटा मन जे जगन श्राप से मृत्यु के प्राप्त होइ रहंय से बट ले लेगल गेलक। गंगा कर जल से उनकर सभे बेटा श्राप मुक्त होइ गेलंय। सेहे बेरा से शव कर मुंड़ के उतर दिशा करेक शुरू करल गेलक।

मुदा देखल जाए तो इ बात तर्क संगत नी होलक। जेकर भी आराध्य देव जे कि मुख्य होवयना यानी मूल देवता रहयना सेकर चरण में माथा टेकल जायला। आस्था कर नजइर से गोड़ कर लाइथ लागल भी पाप यानी दोष मानल जाएला। एहे कारण आहे कि आइझ भी अदमी केकरो उपरे गोड़ सटले भी उके प्रणाम करयना। मुदा जब गोतिया या बड़ अदमी पोंहचयना तो गोड़ लागयना। गोड़ धोवयना। हिंया गोतिया के देवता मानल जाए हे। एहे कारण आहे कि देवता बट गोड़ नी करल जाएला। हिन्दू में शव कर मुंड़ उतर दिशा में होवेक कर कारण देवता में सउब ले बड़ भगवान देवादि देव महादेव भगवान के मानल जाए हे। आउर उनकर निवास कैलाश पर्वत आहे। कैलाश पहार उतर दिशा में आहे। मृत्यु के प्राप्त होल अदमी के उद्धार खातिर भी भगवान कर शरण में माथा टेकेक पड़ेला ताकि जे भी पाप या पुन्य के क्षमा करबंय। पुरखा एहे ख्याल से उतर बट जने कि भगवान कर दिशा आहे करयना। दोसर बट भगवान के लाइथ नी पड़ेक चलते भी शव कर मुड़ी भगवान बट यानी उत्तर बट करल जाएला। आदिवासी भी महादेव पार्वती के सृजन हार मानयना। सेइ ले महादेव आदिवासी मनक आराध्य देव भेलंय। महादेव कर उतर दिशा में होवेक कर चलते शव कर मुंड़ी उतर दिशा करल जाएला ताकि भगवान कर चरण में स्थान मिल सके।

ईसाई आउर मुस्लिम धर्मावलंबी कर शव कर दिशा पच्छिम बट करेक कारण ईसाई समुदाय भी आस्था कर उद्देश्य से शव कर मुड़ी पच्छिम दिशा में करयना।

नागपुरी भाषा. अंतिम संस्कार

कालेकि मक्का मदीना जे मुस्लिम समुदाय मनक आराध्य देव आहंय आउर भारत कर पच्छिम में स्थित आहे। उ मन भी अपन आराध्य देव बट गोड़ नी करेक चाहयना, एहे तइर ईसाई समाज कर भी मान्यता आहे प्रभु ईसा मसीह जोन देश में जनम लेइ रहंय उकर नांव यरूशलेम रहे जे भारत कर पच्छिम दिशा में पड़ेला। एहे कारण आहे कि ईसाई आउर मुस्लिम भी दाह संस्कार घरी शव कर मुंड़ पच्छिम दिशा में करयना। हर समाज अपन अपन आराध्य देव बट गोड़ नी करेक चाहयना। एहे कारण आहे कि हिन्दू आउर आदिवासी शव कर सिर कर दिशा उतर बट आउर ईसाई मुस्लिम, शव कर सिर कर दिशा पच्छिम बट करयना।

विज्ञान कर मान्यता

सुतेक घरी भी विशेष ध्यान देल जाएला। विज्ञान पृथ्वी कर घुर्नण के मुख्य मुद्दा बताएना। विज्ञान कर मानना आहे कि पृथ्वी पच्छिम से पुरब दिशा में घुमेला। जेकर चलते निंदाएक बेरा अदमी पुरब या पच्छिम मुंड़ी करेक बेहतर समझयना। इकर से निंदाल बेरा शरीर में घुमेक कर प्रभाव विशेष नी होवेला। मुदा उतर दखिन रहले घोलटेक तइर बुझाएला। एहे कारण आहे कि अदमी जिंदा में पुरब पच्छिम आउर मुर्दा में उतर दखिन करयना। मुदा इ बात भी फेल दैवी सिद्धांत में फेल होइ जाएला। कालेकि हिंदू आउर आदिवासी सूर्य के देव रूप में पुजयना आउर बिहान होवेक बेरा सूर्य पुरब दिशा में उगेला सेइ ले सुतेक बेरा सिर कर दिशा पुरब बट करयना ताकि सूर्य देव के लाइथ नी लागे। आदिवासी भी सूर्य के आदिकाल से पूजते आए हंय जेकर चलते सूर्य के भगवान माइन सिर के भगवान बट करयना। ईसाई आउर मुस्लिम सूर्य के देवता नी मानेक चलते सुतेक बेरा विशेष ध्यान नी देवयना। आदमी आइझ भी आस्था उपरे टिकल आहंय आउर देव स्थान के पुन्य स्थान मानेक कर चलते शव कर दिशा, हिंदू आउर आदिवासी उत्तर बट, आउर ईसाई आउर मुस्लिम पच्छिम दिशा बट करयना। जे एखन आम आदमी परंपरा कइह के पुरखा कर नियम के ज्यों कि त्यों निर्वहन करथंय।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 29 नवंबर, 2023

मेष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा, तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा। शुभांक-3-6-9

वृष : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार होगा। सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धि कारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

मिथुन : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-2-5-7

कर्क : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-4-6-9

सिंह : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

कन्या : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

तुला : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

वृश्चिक : परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। अधिकारी से निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थायी सम्पत्ति के निर्माण, मरम्मत पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

धनु : कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

मकर : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

कुंभ : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9

मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिलेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7



3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9





प्लेयर रिटेंशन में धोनी भी शामिल

IPL2024

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीज़न के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की विंडो बंद होने के साथ, 10 फ्रेंचाइजी ने कुल मिलाकर 173 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।रिटेन और रिलीज़ किए गए खिलाड़ियों की पूरी सूची ॽ चेन्नई सुपर किंग्स ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ी ॽ अजय मंडल, अजिंक्य रहाणे, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, महेश थीक्षाना, मथीशा पथिराना, मिशेल सेंटनर, मोइन अली, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, राजवर्धन हंगरगेकर, रवींद्र जड़ेजा, रुतुराज गायकवाड़, शेख रशीद , शिवम दुबे, सिमरजीत सिंह, तुषार देशपांडे।

रिलीज़ किए गए खिलाड़ी ॽ आकाश सिंह, अंबाती रायुडू, बेन स्टोक्स, भगत वर्मा, ड्वेन प्रिटोरियस, काइल जैमीसन, सिसंडा मगाला, सुभ्रांशु सेनापति।

दिल्ली कैपिटल्स ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ी ॽ अभिषेक पोरेल, एनरिक नॉर्टजे, अक्षर पटेल, डेविड वार्नर, इशांत शर्मा, कुलदीप यादव, ललित यादव, लुंगिसानी एनगिडी, मिशेल मार्श, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, पृथ्वी शॉ, ऋषभ पंत, सैयद खलील अहमद, विक्की ओस्टवाल, यश ढल्लरिलीज़ किए गए खिलाड़ी ॽ अमन खान, चेतन सकारिया, कमलेश नागरकोटी, मनीष पांडे, मुस्तफिजुर रहमान, फिल साल्ट, प्रियम गर्ग, रिले रोसौव, रिपल पटेल, रोवमैन पॉवेल, सरफराज खान।गुजरात टाइटंस ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ी ॽ अभिनव सदारंगानी, बी. साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, डेविड मिलर, हार्दिक पंड्या जयंत यादव, जोशुआ लिटिल, केन विलियमसन, मैथ्यू वेड, मोहम्मद शमी, मोहित शर्मा, नूर अहमद, आर साई किशोर, राहुल तेवतिया, राशिद खान , शुबमन गिल, विजय शंकर, रिद्धिमान साहा।रिलीज़ किए गए खिलाड़ी ॽ अल्ज़ारी जोसेफ, दासुन शनाका, के.एस. भरत, ओडियन स्मिथ, प्रदीप सांगवान, शिवम मावी, उर्विल पटेल, यश दयाल।

कोलकाता नाइट राइडर्स ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ी ॽ आंद्रे रसेल, अनुकूल रॉय, हर्षित राणा, जेसन रॉय, नितीश राणा, रहमानुल्लाह गुरबाज़, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, सुनील नरेन, सुयश शर्मा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, वेंकटेश अय्यर।रिलीज़ किए गए खिलाड़ी ॽ आर्या देसाई, डेविड विसे, जॉनसन चार्ल्स, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, लॉकी फर्ग्यूसन, मनदीप सिंह, एन. जगदीसन, शाकिब अल हसन, शार्दुल ठाकुर, टिम साउदी, उमेश यादवलखनऊ सुपर जाइंट्स ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ीॽ अमित मिश्रा, आयुष बडोनी, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल (टी), के गौतम, केएल राहुल, क्रुणाल पंड्या, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, मार्क वुड, मयंक यादव, मोहसिन खान, नवीन उल हक, निकोलस पूरन, प्रेरक मांकड़, क्विंटन डी कॉक, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, युद्धवीर चरक।रिलीज़ किए गए खिलाड़ी ॽ अर्पित गुलेरिया, डैनियल सैम्स, जयदेव उनादकट, करण शर्मा, करुण नायर, मनन वोहरा, सूर्यांश शेगड़े, स्वप्निल सिंह।मुंबई इंडियंस ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ी ॽ आकाश मधवाल, अर्जुन तेंदुलकर, कैमरून ग्रीन, डेवाल्ड ब्रेविस, इशान किशन, जेसन बेहरेनडॉर्फ, जसप्रीत बुमराह, कुमार कार्तिकेय सिंह, एन. तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, पीयूष चावला, रोहित शर्मा, रोमारियो शेफर्ड (टी), शम्स मुलानी , सूर्य कुमार यादव, टिम डेविड, विष्णु विनोद।रिलीज़ किए गए खिलाड़ी ॽ क्रिस जॉर्डन, डुआन जानसन, रितिक शौकीन, झाय रिचर्डसन, जोफ्रा आर्चर, मोहम्मद। अरशद खान, राघव गोयल, रमनदीप सिंह, रोली मेरेडिथ, संदीप वारियर, ट्रिस्टन स्टब्स।पंजाब किंग्स ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ी ॽ अर्शदीप सिंह, अथर्व ताइदे, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत भाटिया, जितेश शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, कैगिसो रबाडा, लियाम लिविंगस्टोन, नाथन एलिस, प्रभसिमरन सिंह, राहुल चाहर, ऋषि धवन, सैम कुरेन, शिखर धवन, शिवम सिंह, सिकंदर रजा , विदवथ कावेरप्पा।रिलीज़ किए गए खिलाड़ी ॽ बलतेज ढांडा, भानुका राजपक्षे, गुरनूर सिंह बराड़, मैथ्यू शॉर्ट, मोहित राठी, राज अंगद बावा, शाहरुख खान।राजस्थान रॉयल्स ॽ रिटेन किए गए खिलाड़ी ॽ एडम ज़म्पा, अवेश खान (टी), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल राठौड़, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, आर. अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, संजू सैमसन, शिमरोन हेटमायर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जयसवाल, युजवेंद्र चहल।

टोटेनहम हॉटस्पर मुंबई में फैन स्क्रीनिंग को लेकर उत्साहित

मुंबई। टोटेनहम हॉटस्पर के दिग्गज खिलाड़ी लेडली किंग और ओस्सी अर्डीलिस भारत में अपने बढ़ते प्रशंसक आधार से जुड़ने के क्लब के प्रयासों के तहत शुक्रवार को मुंबई पहुंचे।

दोनों दिग्गजों ने 24 नवंबर को मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स अकादमी की यात्रा के साथ स्पर्स इन इंडिया दौरे की शुरुआत की।दोनों ने सुविधाओं का दौरा किया, अकादमी कोचों से मुलाकात की और युवा खिलाड़ियों के लिए एक विशेष मास्टरक्लास का आयोजन किया। अगले दिन किंग और आर्डिल्स टोटेनहम हॉटस्पर अकादमी के कोचों के साथ 25 भारतीय कोचों के लिए एक कार्यशाला में शामिल हुए। जिनमें रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स के कोच और मुंबई फुटबॉल इकोसिस्टम की महिला कोच भी शामिल थीं।कार्यशाला में बांद्रा में द बॉम्बे आर्ट सोसाइटी में एक कक्षा सत्र शामिल था, जिसमें टोटेनहम हॉटस्पर एफसी की कोचिंग पद्धति में अंतर्दृष्टि प्रदान की गई, इसके बाद नेविल डिसूजा फुटबॉल टर्फ में एक

प्रैक्टिकल सत्र हुआ।फिर, दिग्गजों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को वितरित करने के लिए स्थानीय संगठनों के सहयोग से 50 युवा फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और पिच पर एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लिया।विकास संबंधी कार्यक्रम ने क्लब को मुंबई में फुटबॉल बिरादरी के साथ जुड़ने और वैश्विक फुटबॉल विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

हार झेल रही ऑल्ट्रेलिया को मिला कोच आंद्रे का साथ

तिरुवनंतपुरम। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक मुख्य कोच आंद्रे बोरोवेक ने दूसरे टी20 मैच में भारत से 44 रन से हार के बावजूद गेंदबाजी और बल्लेबाजी समूहों द्वारा दिखाए गए इरादे की सराहना की।बोरोवेक ने मैच के बाद बताया कि उनकी टीम ने सही फैसले लिए, लेकिन उसका सही समय पर पालन नहीं किया।यशस्वी जयसवाल, ईशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ के अर्धशतकों के बाद भारत ने ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में 235/4 का विशाल स्कोर बनाया।जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दस ओवरों में अपने चार विकेट खो दिए। मार्कस स्टोइनिस और टिम डेविड ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 38 गेंदों पर 81 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया के लिए मोर्चा संभाले रखा। लेकिन, इन दोनों के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया मैच में काफी पीछे रह गई और 191 रन ही जोड़ पाई।भारत ने दूसार मैच 44 रन से जीता और पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई। अगला मैच मंगलवार को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

दूसरे टी-20 में भारतीय स्पिनरों का चला जादू

तिरुवनंतपुरम। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन-गेंदबाजी जोड़ी की प्रशंसा की, जिन्होंने 44 रनों की जीत के दौरान अपने महत्वपूर्ण विकेटों से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला तिरुवनन्तपुरम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 236 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में कंगारू टीम 191 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई मैच में छाए रहे। दोनों को 3-3 विकेट भी मिले। जबकि, अक्षर, अर्शदीप और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट लिया।

प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा, अक्षर और बिश्नोई ने जिस तरह से ओस पड़ने के बावजूद गेंदबाजी की वो शानदार था। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि भारत विशाखापत्तनम में टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच से ही ओस से निपटने की योजना बना रहा था। इसका प्रभाव तिरुवनंतपुरम में शुरू हुआ जब मुकेश कुमार आठवां ओवर फेंक रहे थे।

प्रसिद्ध ने कहा, हम विजाग में भी ओस से निपटने की योजना बना रहे थे। लेकिन, सौभाग्य से हमें ऐसा नहीं करना पड़ा। हम जानते थे कि ओस एक बड़ी भूमिका निभाएगी। यह वास्तव में गीला था, यहां तक कि आठवें ओवर में जब मुकेश गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने मुझे बताया कि बहुत अधिक ओस थी। यह भारत में खेलने की चुनौती का हिस्सा है। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमें इससे निपटना सीखना होगा।

पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल की अनुपस्थिति के बाद प्रसिद्ध ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में वनडे विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया।

बिजनेस

शादी में आभूषण, परिधान जैसे क्षेत्रों में दिखेगी तेजी

नई दिल्ली। शादी के मौसम की शुरुआत के साथ, आभूषण, परिधान, होटल, विमानन और अन्य संबंधित उद्योगों जैसे क्षेत्रों में तेजी आने की संभावना है।मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, अगले सप्ताह हमें बाजार में कुछ तेजी लौटने की उम्मीद है क्योंकि निवेशक अमेरिका, चीन और भारत के जीडीपी आंकड़ों सहित विभिन्न आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखे हुए हैं।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू सूचकांक पूरे सप्ताह सकारात्मक रुख के साथ एक सीमित दायरे में रहे।

फेड रिजर्व ने सतर्क रुख अपनाया और यूरोपीय और जर्मन बाजारों में नरम रुख का असर घरेलू बाजारों पर भी पड़ा। मुद्रास्फीति में गिरावट और अमेरिका में नौकरी के हालिया कमजोर आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिकी बांड पर ब्याज में कमी ने विदेशी फंडों को उभरते बाजार की

ओर आकर्षित किया है।व्यापक भारतीय बाजार में कुछ मुनाफावसूली हुई है। निवेशकों का ध्यान प्राथमिक बाजार की ओर स्थानांतरित हो गया, जो सप्ताह के लिए निर्धारित आईपीओ के एक सेट द्वारा चिह्नित है।त्योहारी मांग में जोरदार उछाल के कारण टिकाऊ उपभोक्ता सामान और रियल्टी जैसे क्षेत्रों ने बढ़त हासिल की। हालाँकि, कमजोर वैश्विक आंकड़ों के जवाब में आईटी क्षेत्र ने कमजोर प्रदर्शन दिखाया। उन्होंने कहा कि एनबीएफसी द्वारा असुरक्षित ऋण देने की आरबीआई की जांच के बावजूद, बैंकिंग सूचकांक ने इस सप्ताह लचीलापन दिखाया।

डिजिटल व्यापार के विकास को बढ़ावा देने के सकारात्मक प्रभाव : हैमिल्टन

बीजिंग। संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन की संयुक्त एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने हाल ही में कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी भविष्य के व्यापार में प्रमुख कारकों में से एक बन जाएगी। उन्होंने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में यह बात कही।गौरतलब है कि 23 से 27 नवंबर तक दूसरा वैश्विक डिजिटल व्यापार एक्सपो पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत की राजधानी हांगचो में आयोजित हो रहा है।कोक-हैमिल्टन ने कहा कि यह दूसरी बार है कि आईटीसी ने इस एक्सपो में भाग लिया। उम्मीद है कि डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत कर विकासशील देशों में व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा। कोक-हैमिल्टन के विचार में डिजिटल अर्थव्यवस्था का चीन पर गहरा प्रभाव पड़ा है और लोगों की जीवनशैली बदल गई है। चीन में डिजिटल अर्थव्यवस्था सेवाओं को अधिक सुविधाजनक, विकल्पों को अधिक व्यापक और वस्तुओं को सस्ता बनाती है।कोक-हैमिल्टन ने यह भी कहा कि डिजिटल व्यापार के विकास ने व्यापार के नए अवसर पैदा किए हैं और डिजिटल व्यापार के विकास को बढ़ावा देने के चीन के प्रयासों का दुनिया, विशेषकर विकासशील देशों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। डिजिटल व्यापार के क्षेत्र में चीन का समृद्ध अनुभव अन्य विकासशील देशों में छोटे व्यवसायों के लिए संदर्भ और सहायता प्रदान कर सकता है।

माइक्रोसॉफ्ट ने अपर्णा गुप्ता को किया ग्लोबल डिलीवरी सेंटर लीडर नियुक्त

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट ने अपर्णा गुप्ता को ग्लोबल डिलीवरी सेंटर लीडर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की, जो इंडस्ट्री सॉल्यूशंस डिलीवरी और व्यापक माइक्रोसॉफ्ट कस्टमर एंड पार्टनर सॉल्यूशंस संगठन का एक हिस्सा है।

जीडीसी नेता के रूप में अपनी नई भूमिका में, गुप्ता ग्राहक नवाचार और वितरण उत्कृष्टता, शीर्ष स्तरीय प्रतिभा के साथ क्लाउड विकास त्वरण, उद्योग की गहराई और भागीदार पारिस्थितिकी तंत्र की देखरेख करेंगे। गुप्ता ने एक बयान में कहा,मैं समाधान क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता को गहरा करने और अपने ग्राहकों को उत्कृष्टता प्रदान करने के उद्देश्य से एक मजबूत टीम संस्कृति बनाने के लिए जीडीसी में टीमों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम के भीतर एक मजबूत आधार है और मुझे उम्मीद है कि इसे अगले स्तर तक ले जाने के लिए मैं इसे और मजबूत करूंगा। वह छह साल पहले माइक्रोसॉफ्ट में कमर्शियल सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग (सीएसई), जो अब आईएसई है, की भारत प्रमुख के रूप में शामिल हुई थीं। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि इन वर्षों में, उन्होंने व्यवसाय पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जैसे एमसीएपीएस इंडिया में एक नए खंड के रूप में ग्राहक सफलता इकाई (सीएसयू) की स्थापना की है। माइक्रोसॉफ्ट इंडस्ट्री सॉल्यूशंस डिलिवरी के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष मॉरीन कॉस्टेलो ने कहा, उद्योग में 25 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता और व्यापक माइक्रोसॉफ्ट अनुभव के साथ-साथ अपनी महत्वाकांक्षा और अटूट नेतृत्व के साथ, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपर्णा हमारी जीडीसी टीम को लगातार सफलता दिलाएंगी। 2005 में हैदराबाद में स्थापित, ग्लोबल डिलीवरी सेंटर उद्योग समाधान डिलीवरी की डिलीवरी शाखा है और तब से वैश्विक उपस्थिति के साथ बेंगलुरु और नोएडा तक फैल गया है।

हैकर्स कर रहे टेलीग्राम बॉट का उपयोग, रिपोर्ट में खुलासा

सैन फ्रांसिस्को। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि गलत तत्व फ़िशिंग घोटाले को अंजाम देने के लिए बड़े पैमाने पर टेलीकोपी नामक दुर्भावनापूर्ण टेलीग्राम बॉट का उपयोग कर रहे हैं। ईएसईटी रिसर्च के सुरक्षा शोधकर्ता राडेक जिज़्बा के अनुसार, टेलीकोपी एक अत्यधिक परिष्कृत उपकरण है जो अपराधियों को विश्वसनीय फ़िशिंग वेबसाइट, ईमेल, एसएमएस संदेश और बहुत कुछ बनाने की अनुमति देता है। खतरनाक तत्वो का एक समूह निएंडरथल खुद को एक वैध कंपनी के रूप में पेश करने में कामयाब रहा है, जो उन्हें एक संरचित ढांचे के भीतर काम करने में सक्षम बनाता है।

इच्छुक सदस्यों को भूमिगत मंचों के माध्यम से भर्ती किया जाता है और उन्हें विशिष्ट टेलीग्राम चैनलों तक पहुंच प्रदान की जाती है, जहां वे अन्य सदस्यों के साथ संवाद कर सकते हैं और चल रहे कार्यों की निगरानी कर सकते हैं। निएंडरथल का अंतिम लक्ष्य तीन प्रकार के घोटालों ङ्क विक्रेता, खरीदार, या धनवापसी में से एक को अंजाम देना है। रिपोर्ट में दिखाया गया है कि रिफंड घोटाले तब होते हैं जब निएंडरथल मैमथ्स

(शिकार) को यह विश्वास दिलाने के लिए गुमराह करते हैं कि वे केवल उसी राशि को फिर से काटने के लिए रिफंड की पेशकश कर रहे हैं। इन घोटालों को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए निएंडरथल विभिन्न प्रकार की रणनीतियों का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निएंडरथल अपना लक्ष्य लिंग, उम्र, ऑनलाइन मार्केटप्लेस में अनुभव, रेटिंग, समीक्षा, पूर्ण व्यापार और उनके द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं के प्रकार जैसे कारकों के आधार पर चुनते हैं, जो उन्हें अपने दृष्टिकोण को अनुकूलित करने और सफलता की संभावना बढ़ाने में मदद करता है। मैमथ्स को लुभाने के लिए, निएंडरथल फर्जी अपार्टमेंट लिस्टिंग बनाकर रियल एस्टेट धोखाधड़ी में भी संलग्न हैं। वे वीपीएन, प्रॉक्सी और टीओआर का उपयोग करके गुमनाम रहते हैं, जिससे अधिकारियों के लिए उन्हें ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

दिसंबर के पहले सप्ताह आएगा ऋतिक की फाइटर का टीजर?

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर साल भर से ज्यादा समय से चर्चा में है।निर्माताओं का दावा है कि फिल्म में ऐसे स्टंट देखने को मिलेंगे, जो बॉलीवुड फिल्मों में पहले कभी दिखाई नहीं दिए हैं।अब फिल्म के रिलीज में 2 महीने का वक्त बचा है। ऐसे में हर किसी को इसकी पहली झलक का इंतजार है।अब फिल्म के टीजर की रिलीज तारीख और इसके प्रचार की योजनाओं पर नई जानकारी सामने आई है।

खबर के अनुसार, फाइटर का टीजर दिसंबर के पहले सप्ताह में जारी किया जाएगा। इसके साथ ही इसके प्रचार अभियान की शुरुआत होगी, जो करीब 50 दिनों तक चलेगी।दर्शकों को दिखाई जाने वाली पहली झलक को ऋतिक और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद खास बनाना चाहते हैं, जिसके लिए तैयारी जारी है।इसके बाद समय-समय पर अलग-अलग कंटेंट के माध्यम से इसके रिलीज होने तक फिल्म की खास झलकियां नजर आती रहेंगी।

फिल्म का प्रचार मुख्य रूप से इसके म्यूजिक एल्बम पर केंद्रित होगा।जानकारी के अनुसार, फिल्म में हर तरह के गाने होंगे। इनमें पार्टी सॉन्ग, रोमांटिक-भावुक गाने और देशभक्ति गाने भी शामिल हैं। इन गानों को एक-एक करके जारी किया जाएगा।दिसंबर और जनवरी में पड़ने वाले त्यौहारों और पार्टी सीजन को ध्यान में रखते हुए इन गानों को जारी करने की योजना बनाई गई है। ऐसे में ये दर्शकों का ध्यान खींचने में जरूर सफल होंगी।सिद्धार्थ आनंद अपनी फिल्मों में आकर्षक संगीत और ग्लैमर के लिए जाने जाते हैं। चाहे उनकी वॉर का घुंघरू और जय जय शिव शंकर हो या पठान का बेशरम रंग, उनकी फिल्मों के गानों ने हमेशा लोगों को झूमने पर मजबूर किया है।सिद्धार्थ और ऋतिक इससे पहले बैंग बैंग और वॉर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। दोनों ही फिल्में ग्लैमर और एक्शन से भरपूर थीं।यही वजह है कि दर्शकों के साथ फिल्म जानकारों को भी फाइटर से भव्यता की उम्मीद है।फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में खत्म हुई थी और फिलहाल इसके एडिटिंग और साउंड एडिटिंग का काम चल रहा है।फिल्म का संगीत विशाल-शेखर की जोड़ी ने तैयार किया है।फाइटर में पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी नजर आएगी। फिल्म में ऋतिक और दीपिका के साथ अनिल कपूर भी नजर आएंगे। फिल्म 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी।

रणबीर के लिए सबसे बड़ी ओपेनिंग फिल्म साबित हो सकती है एनिमल! एडवांस बुकिंग शुरू

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर एनिमल को लेकर दर्शकों में काफी क्रेज नजर आ रहा है. फिल्म 1 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है. दर्शक फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धांसू कलेक्शन करने वाली है.

एनिमल की रिलीज से 6 दिन पहले ही फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है. रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन की एडवांस बुकिंग में 1 लाख 11 हजार 317 टिकट बेच लिए हैं और 3.4 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एनिमल पहले दिन 50 करोड़ रुपए का कारोबार कर सकती है. अगर ऐसा होता है तो एनिमल रणबीर कपूर की के करियर की सबसे बड़ी ओपेनिंग साबित हो सकती है.बता दें कि रणबीर कपूर इससे पहले श्रद्धा कपूर के साथ फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में दिखाई दिए थे. उनकी फिल्म ने 15.73 करोड़ रुपए की ओपेनिंग की थी. इससे पहले वे आलिया भट्ट के साथ ब्रह्मास्त्र में दिखाई दिए थे जिसने पहले दिन 43 करोड़ का बिजनेस किया था. रणबीर कपूर की सबसे ज्यादा ओपेनिंग करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड अब तक ब्रह्मास्त्र के ही नाम है.

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री धामी से सिलक्यारा राहत-बचाव कार्यों और श्रमिकों की ली जानकारी

देहरादून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर उत्तरकाशी में सिलक्यारा की निमार्णाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत और बचाव कार्य की जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उनसे आगामी रणनीति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री धामी से सुरंग में फंसे श्रमिकों का कुशलक्षेम जाना। प्रधानमंत्री ने ड्रिलिंग के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सिलक्यारा सुरंग में अंदर फंसे श्रमिकों के साथ ही उन्हें बाहर निकालने के राहत-बचाव कार्य में जुटे लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को बताया कि मैन्युअली डिगिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। अब तक कुल 52 मीटर पाइप को पुश कर लिया गया है। यदि कोई बड़ी अड़चन नहीं आई तो शीघ्र ही सभी श्रमिकों को बहार निकाल लिया जाएगा। सुरंग के अंदर फंसे सभी श्रमिकों का स्वास्थ्य सकुशल है। राहत और बचाव कार्य में जुटे श्रमिक, इंजीनियर और विशेषज्ञ अधिकारी हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुरंग के अंदर फंसे से सभी श्रमिकों को नियमित रूप से गुणवत्ता पूर्ण भोजन भेजा जा रहा है। सभी श्रमिकों से निरंतर डॉक्टर और मनोचिकित्सकों से भी संवाद करवाया जा रहा है। सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों से भी निरंतर बात करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि एसडीआरफ की ओर से स्थापित कम्युनिकेशन सेटअप के अतिरिक्त बीएसएनएल की ओर से टेलिफोनिक कम्युनिकेशन सेटअप को भी स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि फंसे श्रमिकों को निकल जाने के उपरांत सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया एसडीआरएफ, एनडीआरएफ मौके पर तैनात की गई है। डॉक्टर की टीम भी मौके पर मौजूद है। सभी अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट: बिटकॉइन की बढ़ी चमक, एथेरियम में गिरावट

नई दिल्ली (हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत में जहां तेजी आई है, वहीं दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम को आज गिरावट का सामना करना पड़ा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 5 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और 4 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं, जबकि 1 की कीमत में पिछले 24 घंटे के दौरान कोई बदलाव नहीं आया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 37,176.67 डॉलर यानी 30.98 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 2,024.79 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

एथेरियम के अलावा टेथर 0.04 प्रतिशत, डोजेकॉइन 1.32 प्रतिशत और पॉलीगॉन 2.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीएनबी 1.08 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.65 प्रतिशत, काडार्नो 0.91 प्रतिशत और सोलाना 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। जबकि यूएसडी कॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ था।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.41 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.40 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 116.67 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी कमी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 4,728 करोड़ डॉलर यानी 3.94 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 6.08 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.29 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 51.87 प्रतिशत हो गई है।

छह देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किये

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में आयरलैंड, बोस्निया और हजेगीविना, आर्मेनिया, मलेशिया, माली और मार्शल द्वीप समूह के राजदूत व उच्चायुक्त का परिचय पत्र स्वीकार किया।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार जिन लोगों ने अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया उनमें आयरलैंड के राजदूत केविन केली, बोस्निया और हजेगीविना के राजदूत हारिस ह्रे, आर्मेनिया गणराज्य के राजदूत वाघन अफयान, मलेशिया के उच्चायुक्त मुजफ़्फर शाह बिन मुस्तफा, माली के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स डायलो और मार्शल द्वीप गणराज्य के राजदूत अलेक्जेंडर कार्टर बिंग शामिल हैं।

अगले 3 से 4 घंटे में उत्तरकाशी के सिलक्यारा में फंसे मजदूरों को निकाल लिया जाएगा: एनडीएमए

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) का कहना है कि अगले 3- 4 घंटे में उत्तरकाशी के सिलक्यारा में फंसे मजदूरों को निकाल लिया जाएगा। इस संबंध में एनडीएमए सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) सैयद अता हसनैन ने आज एक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। हसनैन ने बताया कि सुरंग में 41 लोग हैं और कई लोग बाहर से बचाव कार्यों, सुरक्षा और संरक्षा में लगे हुए हैं। हमें कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने बताया कि हम 58 मीटर पर हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि 2 मीटर के बाद हम मजदूरों तक पहुंच जायेंगे। अंदर फंसे मजदूरों का भी यही कहना है। उन्हें आवाजें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि सिल्कयारा सुरंग के अंदर फंसे प्रत्येक श्रमिक को बाहर आने में लगभग 3 से 5 मिनट का समय लगेगा। जिला अस्पताल में 30 बेड की सुविधा तैयार है। निकासी की व्यवस्था करने के लिए एनडीआरएफ की तीन टीमें सुरंग में जाएंगी। एसडीआरएफ सहयोग प्रदान करेगी। निकासी के समय पैरामेडिक्स भी सुरंग के अंदर जाएंगे। उन्होंने बताया कि 24 घंटे में 10 मीटर सुरंग खोदी गई है। मलबा काटा जा चुका था और पूरी रात काम चल रहा था। खनिक, विशेषज्ञ और सेना के इंजीनियर इसे 58 मीटर तक ले जाने में सफल हुए हैं और पाइप को बरमा मशीन की मदद से धकेला गया है।

सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू आपरेशन : टनल के अंदर एक अस्थायी अस्पताल बनाया गया

सिलक्शरा (हि.स.)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा निर्माणधीन सुरंग में रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत टनल के अंदर ही टनल के अंदर एक अस्थायी अस्पताल बनाया गया है, जहां पर पहले श्रमिकों का प्राथमिक उपचार-परीक्षण होगा। इसके बाद उन्हें बाहर लाया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह, प्रमुख सचिव, डीएम सहित तमाम अधिकारी और कंपनी के लोग फंसे हुए मजदूरों से जानकारियां ले रहे हैं कि सुंरग में कितने लोग हैं, कोई मिसिंग तो नहीं आदि-आदि। सबको निकालने के बाद ही एक-एक कर श्रमिकों को बाहर लाया जायेगा और चिन्यालीसौंड भेजा जायेगा। अभी श्रमिकों को बाहर निकालने का काम टनल में चल रहा है। पीएमओ को भी पल पल की जानकारियां दी जा रही।

पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी को होगी रिलीज

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' अगले साल 19 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'मैं अटल हूं' के पोस्टर अपलोड किए हैं।

'मैं अटल हूं' फिल्म देश के लोकप्रिय नेता और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक में अभिनेता पंकज त्रिपाठी प्रमुख भूमिका में हैं। उनकी असाधारण जीवन यात्रा को पंकज ने जीवंत किया है। 'मैं अटल हूं' का निर्देशन रवि जाधव और ऋषि विरमानी ने किया है। इसके निमार्ता विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली हैं।

पंकज त्रिपाठी ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, 'सोने का दिल... इस्पात का आदमी... एक बहुमुखी कवि... नए भारत के पीछे दूरदर्शी। श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कहानी के गवाह बनें।' पोस्टर पर लिखा हुआ है , 'एक कवि जिसने इतिहास को दोबारा लिखा।'

मणिपुर हिंसा के बाद अस्पतालों में पड़े 175 शवों के अंतिम संस्कार का 'सुप्रीम' आदेश

नई दिल्ली (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के बाद से अस्पतालों में पड़े 175 शवों के अंतिम संस्कार करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिन शवों पर परिवार ने दावा किया है, उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर तक होगा। बाकी का एक हफ्ते बाद सरकार करेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम संस्कार के इंतजार में मणिपुर के मुर्दाघरों में पड़े 175 शवों के बारे में चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि सूबे के हालात को देखते हुए मुर्दाघरों पर शवों का यूं पड़े रहना ठीक नहीं है। इसके जरिये माहौल को किसी भी तरह खराब रखने की कोशिश हो रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जिन 81 शवों की पहचान हो गई है और जिन पर उनके घरवालों ने दावा भी किया है, उन शवों का परिजन सरकार की ओर से चिह्नित किये गए 9 जगहों पर अंतिम संस्कार कर सकते हैं। कोर्ट ने आदेश दिया है कि 4 दिसंबर तक ये कवायद पूरी हो जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जिन 88 शवों की पहचान होने के बाद भी उन पर परिजनों ने दावा नहीं किया है, उनके लिए सरकार 4 दिसंबर तक घरवालों को फिर से सूचित करे। अगर घरवाले एक हफ्ते तक शवों को नहीं लेते हैं तो सरकार उनका अंतिम संस्कार कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि जिन 6 शवों की पहचान नहीं हुई है, उनका सरकार अंतिम संस्कार कर सकती है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि शवों के अंतिम संस्कार से पहले डीएनए नमूने लिए जाएं। कोर्ट ने राज्य के कलेक्टर और एसपी को शवों का अंतिम संस्कार गरिमापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया है। यह भी आदेश दिया गया है कि अंतिम संस्कार के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने जैसे हालात पैदा नहीं होने चाहिए।

सोनिया ने तेलंगाना के मतदाताओं से की कांग्रेस के लिए वोट करने की अपील

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी किया है, जिसमें उन्होंने तेलंगाना के मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी के लिए वोट करने की अपील की है। अपने संदेश में सोनिया ने कहा, मैं तेलंगाना की अपनी बहनों, भाइयों, बेटों और बेटियों से परिवर्तन के लिए मतदान करने का अनुरोध करती हूं। तेलंगाना राज्य के लिए आज चुनाव प्रचार थमने जा रहा है। तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने इस बात के लिए माफी मांगी है कि वे तेलंगाना के लोगों के बीच नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने कहा कि अम्मा के तौर पर उन्हें मिले प्यार और आदर के लिए वे आभारी हैं। तेलंगाना के सपनों को साकार करने के लिए एक ईमानदार सरकार को वोट कीजिए। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना 2014 में एक नए राज्य के तौर पर सामने आया था। उस समय की कांग्रेस सरकार ने सालों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आंध्र प्रदेश से तेलंगाना को अलग किया था। अलग तेलंगाना राज्य की मांग को लेकर आंदोलनरत तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति) ने राज्य में पहली सरकार बनाई थी। 2018 में भी वही पार्टी दोबारा सत्ता में लौटी थी।

ड्रग माफिया ललित पाटिल मामले में पुणे के ससून अस्पताल का कर्मचारी गिरफ्तार

मुंबई, 28 नवंबर (हि.स.)। पुणे पुलिस की टीम ने ड्रग माफिया ललित पाटिल मामले में ससून अस्पताल के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। ससून अस्पताल के कर्मचारी महेंद्र शेवटे पर ललित पाटिल को अस्पताल से फरार होने में मदद करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार ड्रग माफिया ललित पाटिल ससून अस्पताल में इलाज के दौरान फरार हो गया था। इसके बाद मुंबई पुलिस की टीम ने ललित पाटिल को चेन्नई के होटल से गिरफ्तार किया। गहन छानबीन के बाद बड़ा ड्रग सिंडिकेट सामने आया है। पुलिस का कहना है कि महेंद्र शेवटे ड्रग माफिया ललित पाटिल का खास था और वह उसका ड्रग सिंडिकेट संभालता था। फिलहाल पुलिस महेंद्र शेवटे से गहन पूछताछ कर रही है। इस मामले में ससून अस्पताल के स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है।

ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना को समय पूरा करने का दिया निर्देश

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने असम में लोअर सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना का दौरा करने के बाद मंगलवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने एनएचपीसी के अधिकारियों और प्रमुख कार्यों के ठेकेदारों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सभी को परियोजना को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए निर्देश दिया। ऊर्जा मंत्री आरके सिंह सोमवार को अरूणाचल प्रदेश व असम में स्थित 2000 मेगावाट क्षमता वाली सुबनसिरी निचली पनबिजली परियोजना का दौरा कर निर्माण गतिविधियों का जायजा लिया था। असम के सुबनसिरी परियोजना निर्माण स्थलों, बांध, सेवन संरचनाओं और असम के गेरूकामुख में डायवर्जन सुरंग का निरीक्षण किया था। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि सुबनसिरी के अलावा अरुणाचल प्रदेश सरकार ने 13 परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनकी जलविद्युत क्षमता 13,000 मेगावाट होगी। ये परियोजनाएं राज्य में 1.4 लाख करोड़ रुपये रुपये का निवेश लाएंगी। इसी प्रकार जम्मू और कश्मीर में पांच जल विद्युत परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं इसलिए जम्मू-कश्मीर में हमारी जलविद्युत क्षमता भी आगे बढ़ रही है और बहुत सारा निवेश आ रहा है। मंत्री ने कहा कि जल विद्युत से चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा संभव नहीं है। इसलिए जलविद्युत परियोजनाओं का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पास नवीकरणीय ऊर्जा के बीच सौर और पवन भी हैं परंतु पनबिजली के बिना चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा संभव नहीं है।

आईएनएस हमला में प्रशिक्षण ले रही अग्निवीर महिला ने की आत्महत्या

मुंबई (हि.स.)। मुंबई के मालाड इलाके में स्थित आईएनएस हमला में नौसेना में अग्निशमन का प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षु अग्रिवीर 20 वर्षीय अपर्णा ने आत्महत्या कर ली है।

पुलिस के अनुसार अपर्णा का हाल ही में अग्रिवीर योजना के तहत चयन हुआ था और वह मालाड स्थित आईएनएस हमला में प्रशिक्षण ले रही थी। सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान ही अपर्णा ने अपनी चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही नेवी के डॉक्टरों को बुलाया गया। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने अपर्णा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नेवी अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी मालवणी पुलिस स्टेशन को दी। मालवणी पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग के तनाव के चलते अपर्णा ने यह कदम उठाया है।

सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान ही अपर्णा ने अपनी चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए सस्पेंड किए गए शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने घोषणा की कि शुभेंदु अधिकारी को सदन के नियमों और प्रोटोकॉल के अनुरूप अस्वीकार्य व्यवहार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। हंगामा तब शुरू हुआ जब विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भाजपा विधायक शंकर घोष के एक विशेष शब्द को सदन की कार्यवाही से दिनभर के लिए निकाल दिया। शुभेंदु अधिकारी ने शब्द को हटाने के फैसले का पुरजोर विरोध किया और सदन के पटल पर धरना देना शुरू कर दिया। अध्यक्ष ने शुभेंदु अधिकारी को चेतावनी देते हुए और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही से बचने के लिए सदन में अपने आचरण पर ध्यान देने के लिए कहते हुए सुना गया। इसके तुरंत बाद, तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने सत्र के लिए एलओपी को निलंबित करने की मांग करते हुए विधानसभा के पटल पर एक प्रस्ताव लाया। अध्यक्ष ने उसके तुरंत बाद सदन के चल रहे शीतकालीन सत्र के शेष भाग के लिए शुभेंदु अधिकारी को निलंबित करने के निर्णय की घोषणा की।

भारतीय सेना ने कुपवाड़ा जिले की नियंत्रण रेखा पर बढ़ाई सतर्कता

कुपवाड़ा (हि.स.)। कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी के बाद भारतीय सेना ने मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर सतर्कता बढ़ा दी है और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने की कोशिश कर रही है। सेना की ओर से सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कुपवाड़ा जिले में हथियार और गोला-बारूद बरामद होने के बाद सोमवार को दो लोगों को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना अत्यधिक सतर्क रहती है और पाकिस्तान से घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट दृढ़ संकल्प और मजबूत प्रतिबद्धता के साथ ही भारतीय सेना सीमाओं की रक्षा और राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मिशन में दृढ़ता से खड़ी है।

नियंत्रण रेखा को भारत और पाकिस्तान के बीच एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में संदर्भित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने में लगातार अपनी अत्यधिक तत्परता और दृढ़ता प्रदर्शित की है।

सेना ने कहा कि अपने व्यापक प्रशिक्षण, उन्नत निगरानी प्रणालियों और सावधानीपूर्वक योजना के साथ वे किसी भी संभावित घुसपैठ का मुकाबला करने के लिए एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र का इस्तेमाल करते हैं। नियमित गश्त, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और खुफिया जानकारी के संयोजन के माध्यम से वे नियंत्रण रेखा के पास किसी भी संदिग्ध गतिविधियों पर महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करने में सक्षम हैं।

सेना ने आगे कहा कि इस खुफिया जानकारी का तुरंत विश्लेषण किया जाता है और किसी भी घुसपैठिये को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही निष्क्रिय करने के लिए कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए सैनिक दिन-रात अपनी जान की बाजी लगाते हैं। अपनी मातृभूमि की रक्षा में किसी भी चुनौती का सामना करने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता और इच्छा अत्यंत सम्मान और प्रशंसा की पात्र है।

भारतीय सेना की चिनार कोर ने कहा कि सोमवार को विशेष खुफिया सूचना पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में कुपवाड़ा के गुशी ब्रिज पर एक मोबाइल वाहन अवरोधन पोस्ट (एमवीआईपी) स्थापित किया गया था। उसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से चार हथगोले, गोला-बारूद के साथ एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

पंजाब में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ, बीएसएफ ने फायरिंग कर खदेड़ा

चंडीगढ़ (हि.स.)। बीएसएफ ने पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ करने वाले ड्रोन पर फायरिंग कर-के उसे वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने बाद में एहतियातन सर्च ऑपरेशन चलाया है। बीएसएफ के अनुसार सोमवार की रात गुरदासपुर सेक्टर के अंतर्गत बीओपी साधांवाली पर तैनात 27 बटालियन टीम ने एक ड्रोन भारतीय सीमा में देखा, जिसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग कर दी।इसके बाद ड्रोन की आवाज आनी बंद हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ड्रोन या तो पाकिस्तानी सीमा में लौट गया या फिर कहीं भारतीय सीमा में ढेर हो गया। इसी आधार पर बीएसएफ ने मंगलवार की सुबह सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन भी चलाया। समाचार लिखे जाने तक बीएसएफ को ड्रोन नहीं मिला था। बीएसएफ ने बीते 15 दिनों के भीतर भारतीय सीमा में दाखिल होने वाले 13 पाकिस्तानी ड्रोन पकड़े हैं।

नेपाल : लुम्बिनी के बुद्ध मंदिर में डेढ़ टन वजन का घंटा लगाया गया

काठमांडू (हि.स.)। भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी के बुद्ध मंदिर में 1500 किलो अर्थात डेढ़ टन वजन का घंटा लगाया गया है। दक्षिण कोरिया के तीर्थयात्रियों के इस घंटे का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। नेपाल सरकार के संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री सुदन किरांती ने लुम्बिनी में आयोजित एक समारोह के बीच इस घंटा का उद्घाटन किया। कोरिया के बौद्ध धर्मगुरु और बौद्ध भिक्षुओं और उपासिकाओं की उपस्थिति रही। इस घंटे का नाम ह्यशान्ति घंटा रखा गया है। उद्घाटन समारोह में संस्कृति मंत्री ने कहा कि इस घंटे की आवाज से शांति का संदेश जाएगा। इस विशाल घंटे का निर्माण कर दान देने के लिए मंत्री किरांती ने कोरियाई धर्मगुरुओं और बौद्ध भिक्षुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

सिख ऑफ अमेरिका संस्था ने की भारत के राजदूत संधू के साथ धक्का-मुक्की की निंदा

वाशिंगटन (हि.स.)। अमेरिका की प्रमुख सिख संस्था 'सिख ऑफ अमेरिका' ने भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ न्यूयॉर्क के गुरुद्वारे में धक्का-मुक्की किए जाने की निंदा की है। संस्था ने गुरुद्वारा प्रबंधन से इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। 'सिख ऑफ अमेरिका' के संस्थापक जसदीप सिंह जस्सी और अध्यक्ष कंवलजीत सिंह सोनी ने सोमवार को यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि गुरुद्वारा पूजा स्थल होते हैं। लोगों को यहां आकर व्यक्तिगत राजनीतिक विचारों को दूर रखना चाहिए। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधन को इन उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे न्यूयॉर्क में शांतिप्रिय सिख समुदाय बिना किसी डर या दबाव के कभी भी गुरुद्वारों में आ-जा सकें। उन्होंने कहा, 'राजदूत संधू गुरुद्वारा साहिब में अरदास करने गए थे और वहां के प्रबंधन ने उन्हें सिरोपा साहिब से सम्मानित किया।

अमेरिका के विदेशमंत्री ब्लिंकन इस सप्ताहांत करेंगे इजराइल की यात्रा

वाशिंगटन (हि.स.)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस सप्ताहांत इजराइल की यात्रा पर तेल अवीव पहुंचेंगे। उनकी इस यात्रा का मकसद गाजा में संघर्ष विराम की अवधि को आगे बढ़वाने के प्रयासों के तहत देखा जा रहा है। यह जानकारी इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल ने दी है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार 7 अक्टूबर को हमास के इजराइल पर आक्रमण के बाद इस क्षेत्र की उनकी तीसरी यात्रा होगी। ब्लिंकन सोमवार को अमेरिका से ब्रुसेल्स के लिए रवाना हुए हैं। वह मंगलवार और बुधवार को ब्रुसेल्स और स्कोप्जे, उत्तरी मैसेडोनिया में यूक्रेन-केंद्रित बैठकों में भाग लेने के बाद इजराइल और वेस्ट बैंक की यात्रा करेंगे।

अमृतसर में खालिस्तानी नारे लिखे मिले, सिख फॉर जस्टिस ने ली जिम्मेदारी

चंडीगढ़ (हि.स.)। अमृतसर में एयरपोर्ट रोड के खंभों और दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे पाए गए, जिसकी जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने ली है। पन्नू ने एक बार फिर एयर इंडिया का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

मंगलवार सुबह अमृतसर में एयरपोर्ट रोड पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे पाए गए और इसकी जिम्मेदारी लेने का दावा करने वाला सिख फॉर जस्टिस प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। खालिस्तान समर्थक तत्वों के इस वीडियो में आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को एयर इंडिया को नई धमकियां देते हुए सुना जा सकता है। पन्नू ने दोहराया कि सिख समुदाय को एयर इंडिया से यात्रा नहीं करनी चाहिए।

काशी तमिल संगमम का दूसरा चरण 17 से 30 दिसंबर तक होगा आयोजित

नई दिल्ली (हि.स.)। काशी तमिल संगमम (केटीएस) कार्यक्रम का दूसरा चरण 17 से 30 दिसंबर तक प्रस्तावित है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने 27 नवंबर को केटीएस के दूसरे चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल लॉन्च किया है। तमिलनाडु और पुडुचेरी के इच्छुक लोग केटीएस के लिए kashitamil.iitm.ac.in पर 8 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रतिनिधियों का चयन इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

केटीएस के अपने पहले संस्करण की तरह यह कार्यक्रम लोगों को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ने की सुविधा प्रदान करके प्राचीन भारत में शिक्षा और संस्कृति के दो महत्वपूर्ण केंद्रों वाराणसी और तमिलनाडु के बीच जीवंत संबंधों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव करता है। केटीएस के दूसरे चरण में यह प्रस्तावित है कि तमिलनाडु और पुडुचेरी के लगभग 1400 लोग यात्रा समय सहित 8 दिनों के गहन दौरे के लिए ट्रेन से वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की यात्रा करेंगे। उन्हें लगभग 200 के 7 समूहों में विभाजित किया जाएगा, जिनमें छात्र, शिक्षक, किसान और कारीगर, व्यापारी और व्यवसायी, धार्मिक, लेखक, पेशेवर शामिल होंगे। प्रत्येक समूह का नाम एक पवित्र नदी (गंगा, यमुना, सरस्वती, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी और कावेरी) के नाम पर रखा जाएगा।

प्रतिनिधि ऐतिहासिक, पर्यटक और धार्मिक रुचि के स्थानों को देखेंगे और अपने कार्यक्षेत्र से उत्तर प्रदेश के लोगों के साथ बातचीत करेंगे। इस दौरान बुनकरों, कारीगरों, कलाकारों, उद्यमियों, लेखकों आदि के साथ जुड़ाव और बातचीत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय एएसआई, रेलवे सहित संस्कृति मंत्रालय, आईआरसीटीसी, पर्यटन, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण (ओडीओपी), एमएसएमई, आई एंड बी, एसडी एंड ई और उत्तर प्रदेश सरकार के संबंधित विभागों की भागीदारी के साथ कार्यक्रम के लिए नोडल मंत्रालय होगा।

केदारनाथ धाम में कपाट बन्द होने के बाद पहली बर्फबारी

बर्फबारी के चलते धाम में चल रहे पुर्ननिमार्ण कार्य भी प्रभावित

रुद्रप्रयाग/केदारनाथ (हि.स.)। केदारनाथ धाम में मौसम खराब बना हुआ है। धाम में कल रात से जमकर बर्फबारी हो रही है। धाम में एक फीट से अधिक तक बर्फ गिर चुकी है। इसके चलते धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य भी बंद पड़ गए हैं। केदारनाथ धाम में बर्फबारी का सिलसिला जारी हो गया है। बाबा केदार के कपाट बंद होने के बाद यह पहली बर्फबारी है। कपाट बंद होने से कुछ दिन पहले ही बर्फ गिरी थी। धाम में चल रहे द्वितीय चरण के पुनर्निर्माण कार्य भी बर्फबारी के चलते बंद हो गए हैं। फिलहाल धाम में लगातार बर्फ गिरने का सिलसिला जारी है। कल से अभी तक धाम में एक फीट से अधिक बर्फ गिर गई है। फिलहाल धाम में कुछ मजदूर और साधु संत ही रह रहे हैं। बर्फबारी के चलते धाम में अत्यधिक ठंड बढ़ गयी है।

गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स आईएनएस 'इंफाल' को मिला क्रेस्ट

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय नौसेना के लिए प्रोजेक्ट 15 बी के तहत तैयार किये गए गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स आईएनएस इंफाल को आज नया क्रेस्ट मिल गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन ने मंगलवार को नई दिल्ली में क्रेस्ट का अनावरण किया। स्वदेशी जहाज निर्माण की पहचान यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा। भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक इंफाल की लॉन्चिंग 20 अप्रैल, 2019 को हुई थी। इसी समारोह के दौरान जहाज का नाम इंफाल रखा गया था। प्रोजेक्ट 15 बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निमार्णाधीन चार गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स में से यह तीसरा युद्धपोत है। इसे एमडीएल ने पिछले माह 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना के बेड़े में शामिल होने से पहले परीक्षण के रूप में इस युद्धपोत से 22 नवंबर को विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया गया। परीक्षण के दौरान भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया। इस असाधारण उपलब्धि के पश्चात अब इस युद्धपोत का क्रेस्ट अनावरण भी शानदार तरीके से नई दिल्ली में किया गया। इस कार्यक्रम में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार, रक्षा मंत्रालय और मणिपुर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा जाने वाला पहला उन्नत युद्धपोत भी है, जिसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल, 2019 को मंजूरी दी थी। भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने इसकी डिजाइन तैयार की है और एमडीएल ने निर्मित किया है। जहाज में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसमें एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल हैं। इंफाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक है, जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय दर्ज किया गया। यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना में अधिकृत रूप से शामिल होगा।

स्मृति ईरानी ने संक्रामक रोगों को मात देने वाले यूपी के तीन लोगों का जाना हाल

लखनऊ (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीबी को वर्ष 2025 तक देश से समाप्त करने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने उत्तर प्रदेश के संक्रामक रोगों को मात देने वाले तीन चैंपियन को नई दिल्ली बुलाकर उनसे वार्ता की। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सबसे पहले लखनऊ के बक्शी का तालाब क्षेत्र निवासी सीमा सिंह से मुलाकात की। उनसे पूछा कि फाइलेरिया की पहचान कैसे हुई? क्या कष्ट झेलने पड़े? कैसे बीमारी से पार पाईं? सरकार से क्या मदद मिली आदि। केंद्रीय मंत्री ने यह भी पूछा कि फाइलेरिया होने के बाद उन्हें क्या समस्या हुई तो सीमा ने बताया कि पैरों में इतनी सूजन आ गई थी कि चलना दुश्वार था। इसी कारण नौकरी भी छूट गई। दैनिक काम भी बड़ी मुश्किल से कर पाती थीं लेकिन जबसे स्वास्थ्य विभाग से रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी) की ट्रेनिंग मिली है, तब से अपनी देखभाल अच्छे से कर पा रही हूं। मुझे सूजन में कमी आई है। दर्द और अटैक से राहत मिली है। सीमा के मुताबिक केंद्रीय मंत्री बातचीत में बहुत सहज थीं। उनसे बात करके आगे बेहतर करने की प्रेरणा मिली है। इसी क्रम में स्मृति ईरानी ने देवरिया की कालाजार चैंपियन पिंकी चौहान से बात की। बनकटा क्षेत्र की रहने वाली पिंकी ने कालाजार को शिकस्त दी है। वह उत्तर प्रदेश-बिहार के उत्तरजीवी नेटवर्क की सक्रिय सदस्य हैं और 10,849 अन्य सदस्यों के साथ मिलकर कालाजार एवं फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। अकेले पिंकी 5000 से

दिल्ली में अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गाजियाबाद में गिरफ्तार, दो फरार

गाजियाबाद (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह लंबे समय से दिल्ली में अवैध रूप से रह रहा था। उसके दो साथी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार शख्स के पास से बांग्लादेशी पासपोर्ट की छायाप्रति, दिल्ली में निवास का कूटरचित आधार कार्ड, एक मोबाइल, एक स्कूटी और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। उसके विरुद्ध गाजियाबाद में चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि के पांच मामले दर्ज हैं।

डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने मंगलवार को बताया कि थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे शहादत नाम के एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। उसकी उम्र 33 वर्ष है। वह फिलहाल दिल्ली के शाहदरा स्थित जैनमंदिर के पास ई-46 डी-35/431 में अवैध रूप से रह रहा था। वह बांग्लादेश का रहने वाला है। उसके दो अन्य साथी आरिफ और सुहैल उर्फ हुसैन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पूछताछ में शहादत ने बताया कि वह मूलरूप से बांग्लादेश के बागेरहट जिले के ग्राम राजापुर का रहने वाला है तथा काफी समय से दिल्ली में निवास कर रहा है। पकड़े ना जाएं इसलिए उसने कूटरचित तरीके से दिल्ली में अपना आधार कार्ड बनवा लिया है।

नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ा श्री राम चंद्र मिशन, समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

नई दिल्ली (हि.स.)। नशा मुक्त भारत अभियान के साथ अब श्री राम चंद्र मिशन भी जुड़ गया है। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग और गैर लाभकारी सामाजिक संस्था श्री राम चंद्र मिशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार, राज्य मंत्री रामदास अठावले मौजूद थे। इसके साथ श्री राम चंद्र मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी. पटेल दाजी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर तीन साल पहले 15 अगस्त को शुरू हुए नशा मुक्त भारत अभियान के कार्यक्रमों में 11 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं और इसे जन अभियान बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। श्री राम चंद्र मिशन के साथ समझौते पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत बनाने का काम सिर्फ मंत्रालय का नहीं है बल्कि इससे समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे ले जाना होगा। इस कड़ी में मंत्रालय ने आध्यात्मिक संस्था के साथ हाथ मिलाया है ताकि इस अभियान का संदेश ज्यादा से ज्यादा तक न सिर्फ पहुंचे बल्कि इस संदेश को लोग अपने जीवन में आत्मसात करें। इस दिशा में आध्यात्मिक संस्था बेहद महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत पहले सिर्फ 272 जिलों में की गई थी लेकिन अब इसे पूरे भारत में शुरू किया गया है और सफलतापूर्वक लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवचेतना मॉड्यूल के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है। नशे के कारोबारी हमेशा से देश के लिए चिंता का विषय है। भारत को नशा मुक्त बनाने और इसे समस्या को जड़ से खत्म करने की दिशा में पूरे समाज को एकजुट होकर आगे आना होगा। इस दिशा में धर्म गुरु अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का देश को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में युवाओं की भागीदारी अहम है।

इस मौके पर राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान में श्री राम चंद्र मिशन का जुड़ना अभियान के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से अबतक छह आध्यात्मिक संस्थान जुड़ चुके हैं। इस समझौते से उम्मीद है कि नशा मुक्त भारत अभियान को गति मिल सकेगी।

सम्मेलन | उत्तराखंड में 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान' खोलने के लिए केन्द्र से किया जाएगा अनुरोध, भूमि उपलब्ध कराएगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुभव पर पुस्तक रेजिलिएंट इंडिया पुस्तक का किया विमोचन

उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं

मुख्यमंत्री ने किया छठवें वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन का शुभारम्भ

देहरादून (हि.स.)। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं। ऐसे में उत्तराखंड में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने के लिए केन्द्र से अनुरोध किया जाएगा। राज्य सरकार संस्थान स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराएगी।

क्लेमेंट टाउन स्थित, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चार दिवसीय 6 वें आपदा प्रबंधन वैश्विक सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। यह सम्मेलन 01 दिसम्बर तक होने वाले इस सम्मेलन में अनेक देशों के विशेषज्ञ और वैज्ञानिक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस सम्मेलन में 60 से अधिक तकनीकी सत्र आयोजित किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुभव पर आधारित पुस्तक रेजिलिएंट इंडिया का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में ह्यराष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने के लिए भूमि की व्यवस्था के साथ ही केन्द्र सरकार से अनुरोध किया जायेगा। राज्य में इस संस्थान की खोलने के लिए केन्द्र सरकार की जो भी अपेक्षा होगी, वह राज्य राज्य सरकार द्वारा पूरी की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग और महिलाओं के लिए राज्य में आपदा की चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेष प्रावधान किये जायेंगे। राज्य के विश्व विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में आपदा प्रबंधन के पाठ्यक्रम शामिल किये जायेंगे और कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

उत्तराखंड प्राचीनकाल से ही शोध, साधना,आध्यात्म और विज्ञान की रही है उद्गम स्थली

मुख्यमंत्री धामी ने द्रोणनगरी देहरादून में आयोजित छठे विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन में देश-विदेश से आये सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड प्राचीनकाल से ही शोध, साधना, आध्यात्म, ज्ञान और विज्ञान की उद्गम स्थली रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य, गुरु नानकदेव, स्वामी विवेकानंद से लेकर रविन्द्र नाथ टैगोर तक अनेक युग दृष्टाओं की आध्यात्मिक यात्रा में कहीं न कहीं हिमालय और विशेष रूप से उत्तराखंड के दर्शन अवश्य होते हैं।

उन्होंने कहा कि विश्व की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए यह आपदा प्रबंधन वैश्विक सम्मेलन महत्वपूर्ण है। उत्तराखंड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का उपाय है, प्रोएक्टिव अप्रोच। प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रतिक्रिया एकीकृत होने से आपदा से होने वाले नुकसान और जनहानि को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियों का सामना सभी हिमालयी राज्यों को करना पड़ता है। इस संबंध में वैश्विक स्तर पर हो रहे अध्ययनों, शोधों एवं अनुभवों को साझा करना भी समय की जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)